हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

**सूर्यकुमार के यादव के हाथ पर लगी चोट, दलीप ट्रॉफी में खेलना संदिग्ध**

Page 10




देश

**कश्मीर में चुनाव से पहले भाजपा को झटका, सीनियर नेता ने दिया इस्तीफा...**

कृष्ण पक्ष, अश्लेषा, विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • रविवार • 01 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 262 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹66,950 | ₹87,000 |

## आज का इतिहास

- 1956 : भारतीय राज्यों के पुनर्गठन के बाद त्रिपुरा को केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया।
- 2000 : भारत के पडोसी देश चीन ने तिब्बत होते हुए नेपाल जाने वाले अपने एकमात्र रास्ते को बंद कर दिया था।

## न्यूज बाइट्स

### पटना में डीजल बसों पर रोक 10 सितंबर तक टली

**पटना (नि.सं.)।** बिहार की राजधानी पटना में डीजल से चलने वाली बसों के परिचालन पर रोक 10 सितंबर तक स्थगित कर दी गई है। इससे शहर के स्कूल संचालकों को बड़ी राहत मिली है। 1 सितंबर से पटना के शहरी इलाकों में डीजल से चलने वाली बसों और मिनी बसों पर रोक लगाने का फैसला राज्य सरकार की ओर से लिया गया था। इसके दायरे में स्कूल बसों को भी रखा गया था। यह नियम पटना नगर निगम के अलावा दानापुर, खगौल एवं फुलवारीशरीफ नगर परिषद क्षेत्र में भी लागू होने वाला था। स्कूल संगठनों के विरोध के बाद इस फैसले को परिवहन विभाग ने फिलहाल के लिए टाल दिया है।

### अगले पांच वर्षों में 10 नये आयुष संस्थान

**नई दिल्ली (ए.)।** केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने अगले पांच वर्षों में 10 नये आयुष संस्थान खोले जाने की घोषणा करते हुए कहा है कि आयुर्वेद एवं योग को लेकर जन स्वीकार्यता और वैश्विक नज़रिए में बड़ा बदलाव आया है। श्री जाधव ने शुक्रवार देर शाम यहां अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का दौरा करने के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार परंपरागत चिकित्सा पद्धति को पुनः स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### राज्य में वन क्षेत्र बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सभी की : राज्यपाल

**पटना (नि.सं.)।** राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि बिहार का वन क्षेत्र राष्ट्रीय औसत की तुलना में काफी कम है। राज्य में वन क्षेत्र को बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। हमें अधिक से अधिक पौधरोपण करना और लोगों को भी प्रेरित करना चाहिए। सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार प्रयत्नशील है। राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण के लिए पेड़-पौधों के साथ-साथ पशु भी आवश्यक हैं। सर्वे जन सुखिनः भवन्तु हमारा मंत्र है। सर्वजन के तहत वे सभी प्राणी आते हैं, जिनमें जीवन और प्रजनन क्षमता है। इसके अंतर्गत पेड़-पौधे और पशु-पक्षी सहित समस्त जीव आते हैं और उनका संरक्षण हमारा कर्तव्य है। हमारी संस्कृति और परंपरा में पौधों का महत्वपूर्ण स्थान है। तुलसी पौधा और बट वृक्ष की पूजा हमें प्रकृति से जोड़ती है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की। हमें इस अभियान से जुड़ कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। मौके पर राज्यपाल ने वैज्ञानिकों और प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार और बिहार पशु विज्ञान विवि के कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने भी संबोधित किया।

---

जिला न्यायपालिका की नेशनल कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा

# महिलाओं को जल्दी मिले इंसाफ

### महिला सुरक्षा के लिए कठोर कानून मौजूद, फैसले जितनी जल्दी आएंगे भरोसा उतना ज्यादा बढ़ेगा : पीएम

- सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष पूरे होने पर पीएम मोदी शनिवार को जजों के अखिल भारतीय सम्मेलन में शामिल हुए. इस दौरान पीएम मोदी ने महिला सुरक्षा पर बात की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को जल्दी इंसाफ मिले, तभी आधी आबादी को भरोसा मिलेगा।

एजेंसी | नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम में शनिवार को जिला अदालतों की नेशनल कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा- आज महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, बच्चों की सुरक्षा समाज की गंभीर चिंता है। देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कठोर कानून बने हैं। 2019 में सरकार ने फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की स्थापना की थी। इसके तहत अहम गवाहों के लिए डिपोजिशन सेंटर्स का प्रावधान है।

इसमें भी डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी की भूमिका अहम है, जिसमें डिस्ट्रिक्ट जज, डीएम और एसपी शामिल होते हैं। इन कमेटी को और सक्रिय करने की जरूरत है। महिला अत्याचारों से जुड़े मामलों में जितनी तेजी से फैसले आएंगे, आधी आबादी को सुरक्षा का उतना ही अधिक आश्वासन मिलेगा। जिला अदालतों की नेशनल कॉन्फ्रेंस दो दिनों तक चलेगी। सुप्रीम कोर्ट इसका आयोजन कर रहा है। इस कॉन्फ्रेंस में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की जिला अदालतों से 800 से ज्यादा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कॉन्फ्रेंस में 5 सत्र आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन के पहले दिन अदालतों के इंफ्रास्ट्रक्चर और मानव संसाधन को बढ़ाने के तरीकों की खोज पर चर्चा होगी। जजों की सुरक्षा और कल्याणकारी पहलुओं पर भी विचार-विमर्श होगा।

#### लोगों ने हमारी न्यायपालिका पर कभी अविश्वास नहीं किया

पीएम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 75 साल, केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये यात्रा है- भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की। ये यात्रा है- एक लोकतंत्र के रूप में भारत के और परिपक्व होने की। भारत के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट पर, हमारी न्यायपालिका पर कभी अविश्वास नहीं किया। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के ये 75 साल मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में भारत के गौरव को और बढ़ाते हैं। आजादी के अमृतकाल में 140 करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है- विकसित भारत, नया भारत। नया भारत, यानी - सोच और संकल्प से एक आधुनिक भारत। हमारी न्यायपालिका इस विजन का एक मजबूत स्तम्भ है।

#### सुप्रीम कोर्ट एक संस्था नहीं, एक यात्रा है

सुप्रीम कोर्ट की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पीएम मोदी बोल रहे थे। इस दौरान पीएम ने डाक टिकट और सिक्कों का अनावरण भी किया। इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के सभी वरिष्ठ जज मौजूद थे। उन सभी के सामने ही पीएम ने महिला सुरक्षा के मामले को लेकर महत्वपूर्ण बातें कही। पीएम ने कहा कि पिछले एक दशक में न्याय में देरी को खत्म करने के लिए कई स्तर पर प्रयास हुए हैं। न्यायिक बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर पिछले 10 सालों में करीब 8 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। पीएम ने सुप्रीम कोर्ट को लेकर कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के 75 वर्ष केवल एक संस्था मात्र की यात्रा नहीं है बल्कि ये यात्रा भारतीय संविधान और उसके संवैधानिक मूल्यों की है। इस 75 साल की यात्रा में हमारे संविधान निर्माताओं और न्याय तंत्र से जुड़े अनेक लोगों महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

---

कंपनी ने फील्ड के इंजीनियरों को दिया निर्देश

# सूबे में पर्व-त्योहारों में निर्बाध होगी बिजली आपूर्ति

- पूजा पंडालों में नंगे तार और अवैध कनेक्शन को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की आवश्यकता बताई गई।
- ग्रिड, सब-स्टेशन और ट्रांसफॉर्मरों की जांच और मेंटेनेंस का काम पूरा करने के लिए कहा गया है।

निज संवाददाता | पटना



आने वाले दिनों में पर्व-त्योहार को देखते हुए बिजली कंपनी निर्बाध बिजली आपूर्ति में जुट गई है। कंपनी ने फील्ड के इंजीनियरों को निर्देश दिया है कि वह अभी से ही इसकी तैयारी शुरू कर दे। पूजा पंडालों से लेकर छठ घाटों की सूची लेकर वहां की जाने वाली बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त कर लें ताकि किसी तरह की अनहोनी को रोका जा सके। बीते दिनों कंपनी ने इस मसले पर इंजीनियरों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें दुर्गापूजा, दीपावली और छठ पर्व की समीक्षा की गई। दुर्गापूजा में पटना सहित पूरे राज्य में हजारों पंडाल बनाये जाते हैं। इसे देखते हुए कंपनी ने इंजीनियरों को कहा है कि वह शहर से लेकर गांव में बनने वाले पूजा-पंडालों की बिजली आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर लें। किसी भी सूरत में पूजा-पंडाल के समीप नंगा तार न हो, यह सुनिश्चित कर लिया जाए। खासकर वैसे स्थल जहां मेला लगता है, यानी हजारों लोगों की भीड़ होती है, वहां बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष नजर रखी जाए। पूजा पंडालों में बिना कनेक्शन के बिजली न दी जाए। अवैध तरीके से बिजली कनेक्शन लेने के दौरान हादसा होने पर कंपनी को उसकी जानकारी नहीं मिलेगी। इसलिए यह सुनिश्चित कर लें कि हरेक पूजा पंडाल की ओर से कनेक्शन लेने के बाद ही बिजली सेवा का उपभोग किया जाए।

इसी तरह दीपावली में हर वर्ष अमूमन रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति होती रही है। दीपावली के दिन लोगों को निर्बाध बिजली मिले, इसकी व्यवस्था अभी से ही करने को कहा गया है। ग्रिड से लेकर सब-स्टेशन और फीडर में मेंटेनेंस का काम पूरा करने को कहा गया है। गली-मोहल्ले में लगे ट्रांसफॉर्मरों की जांच करने को कहा गया है। दीपावली के बाद छठ महापर्व होता है। गंगा सहित राज्य के सभी नदियों, तालाब, पोखर में लाखों श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य देते हैं। चार दिवसीय अनुष्ठान के दौरान लाखों व्रती ऐसे होते हैं जो नदी किनारे ही सपरिवार रह जाते हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि रात में लोगों को निर्बाध बिजली मिले। इसलिए इंजीनियरों को कहा गया है कि अभी से ही जिला प्रशासन से छठ घाटों की सूची लेकर वहां की बिजली आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त कर लें।

#### नंगा तार नहीं देने की हिदायत

घाट पर जाने वाले व्रतियों के रास्ते में किसी भी कीमत पर नंगा तार नहीं होने देने की हिदायत दी गई है। मुख्यालय स्तर पर कंपनी ने निर्णय लिया है कि केंद्रीय सेक्टर के अलावा जरुरत के अनुसार बिजली की खरीदारी की जाएगी। खुले बाजार में चाहे बिजली की कीमत जो भी हो, कंपनी खरीदारी कर लोगों को निर्बाध बिजली मुहैया कराएगी।

---

# मुजफ्फरपुर से लाए गए लार्वा जांच में पाए गए डेंगू के मच्छर

निज संवाददाता | पटना

राज्य में डेंगू मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग को मिली रिपोर्ट के मुताबिक राज्यभर में 53 नए मरीज मिले हैं। इसमें पटना में 33 मरीज मिले। डेंगू पीड़ित की मौत की भी सूचना आने लगी है। मुजफ्फरपुर में एसकेएमसीएच के पास से शबाजपुर राधोपुर इलाके से लाए गए इंटोमोलॉजिकल लार्वा जांच में डेंगू मच्छर के पाए गए हैं। शनिवार को लार्वा की जांच पटना के आरएमआरआई में कराई गई। विभिन्न जिलों में फैल रहे डेंगू की बीमारी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को सर्तकता का निर्देश दिया है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 20 बेड का एक वार्ड डेंगू मरीजों के लिए सुरक्षित रखने के लिए कहा गया है। जिला अस्पतालों में 10 बेड और अन्य अस्पतालों में 5-5 बेड डेंगू मरीजों के लिए सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक सह मलेरिया के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि डेंगू नियंत्रण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

#### अब तक 728 डेंगू पीड़ित



इस साल एक जनवरी से 30 अगस्त तक राज्य के विभिन्न जिलों में 728 डेंगू पीड़ित हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग को जिलों से मिली रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार (30 अगस्त) को पटना में 33, दरभंगा 3, बेगूसराय 3, मुजफ्फरपुर 2, नालंदा 2, सीवान में 2 मरीज मिले। अरवल, भागलपुर, जहानाबाद, कटिहार, मधुबनी, नवादा, सारण और वैशाली में एक-एक मरीज मिले हैं।

---

# बिहार में सात जगहों पर एनआईए की छापेमारी नक्सलियों के ठिकानों से गोला बारूद जब्त

निज संवाददाता | पटना



राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बिहार में नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए ने दो जिलों में सात अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) के ठिकानों से भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किए हैं। यह कार्रवाई कैमूर और रोहतास जिले में नक्सली विजय कुमार आर्य और उमेश चौधरी की गिरफ्तारी से जुड़े मामले में शुक्रवार को की गई। एनआईए ने छापेमारी के दौरान आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण और अन्य दस्तावेज भी जब्त किए हैं। एनआईए की ओर से शनिवार को एक आधिकारिक बयान में इसकी जानकारी दी गई। जांच एजेंसी ने बताया कि कैमूर जिले के पांच और रोहतास जिले में दो जगहों पर शुक्रवार को छापेमारी की गई। अप्रैल 2022 में विजय कुमार आर्य और उमेश चौधरी को रोहतास से पकड़ा गया था। उस समय आर्य के कब्जे से लेवी की कई रसीदें, पर्चे और डिजिटल उपकरण जब्त हुए थे। इसके बाद तीन अन्य आरोपी अनिल यादव उर्फ अनिल व्यास, राजेश कुमार गुप्ता और रूपेश कुमार सिंह को भी पकड़ा गया।

ये सभी अभी न्यायिक हिरासत में हैं और एनआईए ने इस मामले में उनके खिलाफ आरोप पत्र भी दायर किया है। शुक्रवार को नक्सली ठिकानों पर छापेमारी के दौरान एनआईए को मोबाइल फोन, सिम कार्ड, मेमोरी कार्ड, डिजिटल उपकरण, कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज, डायरियां तथा गोला-बारूद जब्त मिले। माओवादी नेता कैडर द्वारा भर्ती और लेवी इकट्ठा करके संगठन को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहे हैं। उनके बारे में सूचना जुटाने के लिए एनआईए जब्त उपकरणों और दस्तावेजों की जांच कर रही है।

---

# अमृतलाल मीणा बने बिहार के नए मुख्य सचिव

निज संवाददाता | पटना



बिहार में शीर्ष नौकरशाही का चेहरा बदल गया। शुक्रवार को राज्य सरकार ने डीजी विजिलेंस ब्यूरो आलोक राज को डीजीपी का प्रभार सौंपा तो, आज शनिवार को अमृत लाल मीणा नए मुख्य सचिव का जिम्मेदारी संभालेंगे। दोनों अधिकारी 1989 बैच के हैं। इसके अलावा एडीजी कमजोर वर्ग आर. मल्लार विजी को बिहार पुलिस अकादमी राजगीर का निदेशक बनाया गया है। वहीं, बिहार पुलिस अकादमी राजगीर के निदेशक रहे भृगु श्रीनिवासन एनएसजी के डीजी बने हैं। केंद्रीय कोयला मंत्रालय के सचिव अमृत लाल मीणा को अपने मूल कैडर, बिहार लौटने की मंजूरी केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने शुक्रवार 30 अगस्त को दी थी। केंद्रीय कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने राज्य सरकार के अनुरोध पर यह निर्णय लिया है। वर्तमान मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा का कार्यकाल आज खत्म हो रहा है। अमृतलाल मीणा पूर्व सीएम लालू प्रसाद के साथ नीतीश कुमार के भी खास हैं। पीएम मोदी के भी वो करीबी माने जाते हैं। 31 अगस्त 2025 को रिटायर होंगे। कोयला सचिव के रूप में 1 नवंबर 2022 से पोस्टेड रहें। इसके पहले यहां ओएसडी के रूप में भी तैनात रहे थे। अमृतलाल 10 सितंबर 2021 केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गए थे।

---

# आबकारी कॉन्स्टेबल भर्ती की दौड़, दो दिन में चार की मौत, चार दिन में 80 से ज्यादा बेहोश

निज संवाददाता | पलामू (झारखंड)

झारखंड के पलामू में उत्पाद सिपाही (आबकारी विभाग में कॉन्स्टेबल) भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षण के लिए दौड़ कराई जा रही है। दौड़ में शामिल 4 कैंडिडेट की 2 दिन में मौत हो गई है। ये सभी दौड़ के दौरान बेहोश होकर गिर गए थे। इनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान मौत हुई। अब तक दौड़ते हुए 80 से ज्यादा लोग बेहोश हुए हैं। जेएसएससी आबकारी कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा 2024 के माध्यम से उत्पाद सिपाही के 583 पदों पर भर्ती हो रही है। शारीरिक परीक्षण में लड़कों को एक घंटे में 10 किलोमीटर दौड़ना है, वहीं लड़कियों को 40 मिनट में 5 किलोमीटर दौड़ना है। गुरुवार को एक कैंडिडेट अमरेश कुमार (19) की मौत हो गई थी। वह बिहार के गया जिले के परहिया थानाक्षेत्र के बड़ेला गांव का रहने वाला था। डॉक्टर का कहना है कि कार्डियेक अरेस्ट से उसकी मौत हुई। वहीं 3 युवाओं ने शुक्रवार को दम तोड़ दिया।इनमें रांची के ओरमांझी प्रखंड के जीराबार गांव के 21 वर्षीय अजय कुमार महतो, छतरपुर निवासी अरुण कुमार और गोड्डा के रूंजी गांव निवासी प्रदीप कुमार (25) शामिल हैं। गर्मी, डी-हाइड्रेशन के कारण मौत की बात कही जा रही है।

#### हवाई पट्टी पर दौड़ा रहे

दौड़ में शामिल अभ्यर्थियों ने इसके लिए हवाई अड्डा मैदान को भी जिम्मेदार बताया है। परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को गर्मी के मौसम में उन्हें अलकतरा वाली सीमेंट की पट्टी पर दौड़ाया जा रहा है। अगर मिट्टी के मैदान में दौड़ाया जाता तो यह स्थिति नहीं होती। दौड़ने के दौरान बेहोश हुए युवाओं के मौके पर इलाज की व्यवस्था भी नहीं है। झारखंड में करीब 44 साल बाद उत्पाद सिपाही के पद के लिए भर्तियां शुरू की गई है। विभाग में सिपाही पद के लिए योग्यता केवल 10वीं पास है, लेकिन यह नौकरी हासिल करने के लिए मास्टर डिग्रीधारी युवा भी दौड़ में शामिल हैं।

बिहार के गया जिले के बड़ेला थाना का रहने वाला 19 साल का अमरेश उत्पाद सिपाही की नियुक्ति की दौड़ में शामिल हुआ था। दौड़ने के दौरान वह बेहोश होकर गिरा तो उसकी सांस ही उखड़ गई।

---

### मांझी ने की केवीआई प्रदर्शन एवं खादी महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा



**नयी दिल्ली (ए.)।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी और राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने शनिवार को खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अक्टूबर में आयोजित होने वाले 'प्रदर्शन और खादी महोत्सव, 2024' पर एक समीक्षा बैठक की।

मंत्रालय ने यहां बताया कि इस बैठक का आयोजन देश में खादी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

---

कमजोर पड़ा मानसून, अगले तीन दिन बारिश की संभावना नहीं

# बढ़ेगी गर्मी, राज्य में 25 प्रतिशत कम बारिश

- मानसून की कमजोरी के कारण राज्य में उमस भरी गर्मी से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

निज संवाददाता | पटना



बिहार में एक बार फिर मानसून कमजोर पड़ गया है। किसी भी जिले में बारिश का अलर्ट नहीं है। जिससे तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। इस दौरान उमस भरी गर्मी के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिनों तक राज्य में भारी बारिश की संभावना नहीं है। हालांकि कुछ जगहों पर हल्की बारिश हो सकती है। राज्य में ऐसा दूसरी बार हुआ है, जब मानसून कमजोर पड़ा है। इससे पहले जुलाई महीने में 2 हफ्ते तक मानसून कमजोर पड़ा था। बिहार में 4 महीने के मानसून सीजन में से 3 माह बीत चुके हैं। सिर्फ एक महीना बाकी है। इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून राज्य के लिए अच्छा नहीं रहा। बिहार में अब तक 25% कम बारिश हुई है। 30 अगस्त तक 798.8 मिमी बारिश होनी थी, लेकिन सिर्फ 579.8 मिमी ही बारिश हुई। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र कमजोर पड़ गया है। जिसका असर बिहार में मौसम पर पड़ रहा है। पिछले 24 घंटे के दौरान गोपालगंज सबसे गर्म जिला रहा। जहां का अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया है। अभी तापमान और बढ़ोतरी के आसार हैं।

---

पीड़ितों को मुआवजा राशि के लिए बीमा कंपनियों का लगाना पड़ रहा है चक्कर

# दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा देने में बीमा कंपनियों की आनाकानी, बिहार में 3.96 करोड़ के 80 दावे पेंडिंग

निज संवाददाता | पटना



बिहार मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के आदेश के बाद भी कई बीमा कंपनियां दुर्घटना के पीड़ितों और मृतक के आश्रितों को मुआवजे का भुगतान नहीं कर रही हैं। हालात ऐसे हैं कि पीड़ितों को मुआवजा राशि के लिए बीमा कंपनियों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। करीब 16 बीमा कंपनियों पर 3.96 करोड़ की राशि के 80 मुआवजे के दावे पेंडिंग हैं। जो बीते 30 दिनों से लंबित हैं। इस मामले पर बिहार के परिवहन सचिव संजय अग्रवाल ने शुक्रवार को सड़क यातायात दुर्घटनाओं के पीड़ितों या उनके रिश्तेदारों के बीमा दावों के भुगतान में देरी की समीक्षा की। अग्रवाल ने कहा, 72.5 लाख रुपये की राशि के 16 मुआवजे के दावे टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के पास लंबित हैं, जो सबसे बड़े डिफॉल्टरों में से एक है। नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के पास 53.5 लाख रुपये की राशि के बारह मामले लंबित हैं। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस के पास 57.5 लाख रुपये की राशि के 10 मुआवजे के दावे लंबित हैं।

गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस के पास 42.5 लाख रुपये की राशि के नौ मुआवजे के दावे लंबित हैं, इसके बाद बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के पास छह मुआवजे के दावे लंबित हैं, जिनकी राशि 30 लाख रुपये है। अग्रवाल ने कहा, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के पास 20.5 लाख रुपये की राशि के पांच मुआवजे के दावे लंबित हैं, जबकि चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस के पास 35 लाख रुपये की राशि के छह दावे लंबित हैं। उन्होंने कहा, रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस, द न्यू इंडिया जनरल इंश्योरेंस, श्रीराम जनरल इंश्योरेंस, एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस, द ओरिएंटल जनरल इंश्योरेंस, यूनाइटेड इंडिया नेशनल इंश्योरेंस अन्य डिफॉल्टरों में से हैं। परिवहन सचिव संजय अग्रवाल ने कहा कि अगर बीमा कंपनियां समय पर मुआवजा नहीं देती हैं तो हम आईआरडीए (भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण) को लिखेंगे और दंडात्मक कार्रवाई करेंगे। हमने 3 सितंबर को विभिन्न बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक बुलाई है। हम लंबित मामलों को जल्द से जल्द निपटाने के लिए एक समय-सीमा तय करने का प्रयास करेंगे। बैठक के दौरान हम पिछले पांच वर्षों में बीमा कंपनियों द्वारा पीड़ितों या उनके परिजनों को दिए गए मुआवजे की भी समीक्षा करेंगे। और मुआवजे के भुगतान के आधार पर ही विभाग बीमा कंपनियों की मासिक प्रदर्शन रैंकिंग जारी करेगा। बिहार मोटर वाहन दुर्घटना दावों के अनुसार, सड़क यातायात दुर्घटना (हिट एंड रन को छोड़कर) में मृत्यु के मामले में मृतक के निकटतम परिजन को मुआवजे के रूप में न्यूनतम 5 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए 2.5 लाख रुपये मिलते हैं।

---

# आपातकाल में पुलिस सहायता को 95 फीसदी लोगों ने बताया सकारात्मक

निज संवाददाता | पटना

बिहार में आपातकालीन परिस्थिति में पुलिस सहायता को 95 फीसदी लोगों ने सकारात्मक कदम बताया है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर आपातकालीन परिस्थिति में पीड़ित व्यक्ति को मिल रही पुलिस सेवा का आकलन कराया जा रह है। यह आकलन रोज होता है। इसमें प्रतिदिन पुलिस सहायता मांगने वाले पीड़ितों में से 20 फीसदी लोगों से फीडबैक लिया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय पीड़ितों को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के लिए डायल 112 की सेवा बिहार में संचालित कर रही है। यह सेवा राज्य के सभी जिलों में उपलब्ध है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, डायल 112 किसी भी प्रकार के आपातकालीन स्थिति के लिए वन प्वाइंट सॉल्यूशन बन गया है। इस सेवा का उपयोग लगातार आमलोग कर रहे हैं। इनमें सड़क दुर्घटना, अगलगी की घटना, महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध अथवा किसी भी प्रकार की अपराध की घटना को लेकर तत्काल डायल 112 के अंतर्गत पुलिस वाहन सहायता के लिए पहुंच रहे हैं। इस सेवा के तहत एंबुलेंस एवं अग्निशमन सेवा को भी जोड़ा गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### ग्रामीणों ने चोर को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**टनकुप्पा।** थाना क्षेत्र के चोबार पंचायत अंतर्गत सरकंडा गांव में ग्रामीणों ने एक चोर को चोरी करते रंगे हाथ पकड़ लिया। चोर की पिटाई करने के बाद ग्रामीणों ने उसे पुलिस को सौंप दिया। चोर की पहचान वजीरगंज थाना क्षेत्र के कोसमहा गांव निवासी अरविंद यादव के रूप में हुई है। टनकुप्पा पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर चोर को जेल भेज दिया। चोबार पंचायत के सरकंडा गांव निवासी भागवत प्रसाद के घर में चोरों का एक समूह घुस कर चोरी कर रहा था। हो-हल्ला के बाद एक चोर मौके पर पकड़ा गया। चोर के पास मोबाइल सहित जेवर बरामद किया गया। चोर को अपने कब्जे में कर प्राथमिकी के बाद जेल भेज दिया।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार जख्मी, गंभीर

**मानपुर।** बुनियादगंज थाना अंतर्गत एसएच 4 स्थित शादीपुर के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायल की पहचान कठौतिया निवासी गिरजा यादव के बेटे रविंद्र यादव के रूप में हुई। बताया जाता है की बाइक बीआर 02 डब्लू 4608 सवार युवक कुकियासिन से लौट रहा था। तभी पीछे से आ रहे बालू लदे बेलगाम ट्रैक्टर रौंदते हुए भाग निकला। सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए। इसी दौरान सामने से आ रहे एंबुलेंस को रुकवा कर इलाज के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भिजवा दिया। वहीं इस घटना की सूचना मिलते ही मगध मेडिकल अस्पताल पहुंचे परिजन बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए।

### 48 घंटे में दो बाइकों की चोरी, प्राथमिकी

**चंडी।** थाना इलाके में बाइक चोर उत्पात मचाए है। सक्रिय बदमाशों ने दो दिनों के दौरान अलग-अलग इलाके से दो बाइकों की चोरी कर ली। 28 अगस्त को भसीन बिगहा से बदमाशों ने सौरव आनंद की बाइक चोरी कर ली। इसी तरह शिक्षक कॉलोनी से राजीव पासवान की अपाचे बाइक पर बदमाशों ने हाथ साफ किया। दोनों ने घटना की अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### स्टेशन पर ट्रेन से गिरकर युवक जख्मी

**हिलसा।** इस्लामपुर-फतुहा रेल खंड के हिलसा रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को उतरने के दौरान ट्रेन से गिरकर थरथरी के बेरमा गांव निवासी अविनाश कुमार जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से जख्मी को अस्पताल लाया गया। युवक पटना में रहकर पढ़ाई करता है। गांव जाने के लिए वह पटना से लौटा था। उसी दौरान उतरने के दौरान पैर फिसलने से ट्रेन से गिरकर जख्मी हो गया।

### अपहरण का आरोपी समेत चार गिरफ्तार

**इस्लामपुर।** थाना पुलिस ने अलग-अलग इलाके में छापेमारी कर एक अपहरण के आरोपित व तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। सुहावरपुर सुग्गी गांव से अपहरण के आरोपित पंकज कुमार को पकड़ा गया। बदमाश पर शादी की नीयत से युवती को अगवा का आरोप था। इस तरह बड़ी पैठना, छोटी पैठना व असरपुर गांव से वारंटी बाल शरण गोप, दिनेश पांडेय और शंकर चौहान को पकड़ा गया। थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया।

### आठवीं पुण्यतिथि पर याद किये गये श्रीकांत लाभ

**टिकारी।** फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के महामंत्री रहे श्रीकांत लाभ की आठवीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को टिकारी प्रखण्ड इकाई द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखण्ड अध्यक्ष उदय नारायण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत स्व लाभ के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रखण्ड अध्यक्ष श्री सिंह ने कार्यक्रम में शामिल अन्य जविप्र विक्रेताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्व लाभ के अथक प्रयास का परिणाम था कि जविप्र विक्रेताओं को 70 रुपये प्रति क्विंटल कमीशन मिल रहा है। श्री सिंह ने स्व लाभ को सामाजवादी व क्रांतिकारी नेता बताया जिन्होंने जविप्र विक्रेताओं के अधिकार के लिए लड़ने का काम किया। मौके पर जविप्र विक्रेता नारायण शर्मा, सुधीर कुमार, संतोष पांडेय, महेश प्रसाद, पवन केशरी, राजीव सिंह, मिथिलेश प्रसाद सहित अन्य थे।

### दस दिनों में गया की पुलिस ने बरामद की 4 हजार लीटर से अधिक शराब

**गया।** गया पुलिस ने शराब तस्करी, भंडारण व बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में दस दिनों के भीतर चार हजार लीटर से अधिक शराब बरामद की है। अभियान के दौरान धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया है। बावजूद शराब की तस्करी व बिक्री में कमी नहीं आ रही है। ये आंकड़े बताते है कि मार्केट में शराब की कितनी मांग है। लागत से कई गुणा अधिक पैसे कमाने की लालच में शराब तस्करी का धंधा चरम पर पहुंच गया है। गया पुलिस की ओर से जारी आंकड़े के अनुसार 20 अगस्त से 29 अगस्त तक शराब तस्करी के खिलाफ चलाए गए अभियान में चार हजार 627 लीटर विदेशी, देसी व महुआ शराब सहित 12 सौ किलो महुआ फुल बरामद किया गया। वहीं अभियान के क्रम में शराब तस्करी में प्रयोग किये गए 37 बाइक, चार कार, एक स्कार्पियो व तीन ऑटो सहित 2.72 लाख कैश जब्त किया गया। वहीं शराब तस्करी में संलिप्त 54 धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया है। मुंहमांगी कीमत में होम डिलीवरी बिहार में एक अप्रैल 2016 से पूर्ण शराबबंदी लागू है। लेकिन शराबबंदी के आठ साल बाद भी शराब तस्करी पर पूर्ण रोक नहीं लगा है। शराब माफिया तस्करी के नये-नये तरीके अपनाकर दूसरे प्रदेशों से शराब की खेप मंगा रहे हैं। इससे जुड़े धंधेबाज मुंहमांगी कीमत में होम डिलीवरी कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि दूसरे प्रदेशों में पांच सौ रुपए में मिलने वाली विदेशी शराब होम डिलीवरी कर एक हजार से 12 सौ रुपए तक पहुंचायी जाती है। इस दुगने से अधिक मुनाफे के कारण दिनोंदिन इस धंधे में धंधेबाजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

### सीयूएसबी के छात्रों ने किया जिला बाल संरक्षण इकाई का परिभ्रमण



**टिकारी।** सीयूएसबी के समाजशास्त्र अध्ययन विभाग के एमएसडब्ल्यू प्रथम सेमेस्टर के छात्रों ने शुक्रवार को एक दिवसीय अवलोकन फील्ड वर्क के तहत गया जेल परिसर में स्थित जिला बाल संरक्षण इकाई का भ्रमण किया। पीआरओ ने बताया कि एमएसडब्ल्यू प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के साथ समाजशास्त्र अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम विजय कुमार शर्मा तथा अन्य संकाय सदस्य प्रो. अनिल कुमार सिंह झा, डॉ. समापिका महापात्रा, डॉ. जितेंद्र राम, डॉ. प्रियरंजन, डॉ. हरेश नारायण पांडे, डॉ. पारिजात प्रधान और डॉ. आदित्य मोहंती भी भ्रमण में शामिल थे। सीयूएसबी के छात्रों एवं प्राध्यापकों की टीम का गया सुधार गृह के अधीक्षक डॉ दिनेश कुमार राय, सहायक निदेशक अविनाश कुमार, विशेष प्रशिक्षक और शिक्षक अजीत कुमार, पीओ एंड काउंसलर प्रियंका कुमारी और अन्य कार्यालय कर्मचारियों ने स्वागत किया। औपचारिक परिचय के बाद सीयूएसबी की टीम को डीसीपीयू के कार्यकलापों और दी जाने वाली सुविधाओं से रूबरू करवाया गया। सुधार गृह में कुल 38 बच्चे हैं और जिनमें से 16 विशेष और 22 सामान्य हैं। डीसीपीयू में बच्चों को जीवन कौशल, झूला, कंप्यूटर प्रशिक्षण, शिक्षा आदि प्रदान किए जाते हैं। सभी के पास बोर्डिंग की सुविधा है। वहीं पिछले 6 महीनों में 200 बच्चों को उनके परिवारों से मिलाया गया है। ये बच्चे मुख्य रूप से बिहार के हैं और गया के पड़ोसी जिलों जैसे नवादा, जहानाबाद, अरवल, पटना आदि से भी हैं। सभी बच्चों को हर दिन भोजन, कपड़े, खेलने की सुविधा, सरकारी आईडी कार्ड आदि दिए जाते हैं।

---

मगध होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी का खुलासा

# पूर्व सचिव पर लेटरहेड और मुहर का दुरुपयोग करने का आरोप

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में मगध होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में एक बड़े घोटाले का पर्दाफाश हुआ है। इसमें कॉलेज के पूर्व सचिव अनिल कुमार सिंह पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। कॉलेज प्रशासन द्वारा आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह चौंकाने वाला खुलासा किया गया है।

**पूर्व सचिव पर लगे आरोपः** कॉलेज के वर्तमान प्राचार्य डॉ.कुमार सौरभ ने बताया कि अनिल सिंह ने 10 जून को अपना इस्तीफा दे दिया था। लेकिन इसके बावजूद वे कॉलेज के लेटरहेड और सचिव की मुहर का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने एक विशेष घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि 27 अगस्त को अनिल सिंह ने अवैध रूप से रमेश प्रसाद को महाविद्यालय के नए प्रभारी प्राचार्य के रूप में नियुक्त करने का दावा किया। इस झूठी सूचना को मीडिया में प्रचारित करवाया। डॉ.सौरभ ने स्पष्ट किया कि यह नियुक्ति नेशनल काउंसिल ऑफ होम्योपैथिक के नियमों का उल्लंघन है। क्योंकि प्राचार्य पद के लिए एमडी डिग्री और 50 साल से कम उम्र अनिवार्य है।

**वित्तीय अनियमितताओं के आरोपः** कॉलेज प्रशासन ने अनिल सिंह पर कॉलेज से अवैध निकासी का भी आरोप लगाया है। हालांकि, प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह वित्तीय गतिविधि कॉलेज स्टाफ को वेतन देने के लिए की गई थी। इस बयान से यह स्पष्ट होता है कि मामला जटिल है। इसकी गहन जांच की आवश्यकता है।

**नए प्रशासनिक परिवर्तनः** 27 अगस्त को हुई कोर कमेटी की बैठक में महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। 11 में से 8 सदस्यों के समर्थन से अनुराधा देवी को नया सचिव नियुक्त किया गया है। यह कदम कॉलेज में प्रशासनिक स्थिरता लाने के प्रयास का हिस्सा प्रतीत होता है।

**पूर्व घटनाएं और वर्तमान स्थितिः** यह पहली बार नहीं है जब अनिल सिंह विवादों में घिरे हैं। 7 जून को उन पर स्वास्थ्यकर्मियों के साथ मारपीट का आरोप लगा था। इसके संबंध में थाने में FIR भी दर्ज कराई गई थी। कॉलेज प्रशासन ने 10 अगस्त को अनिल सिंह को चेतावनी पत्र जारी किया था। लेकिन प्रतीत होता है कि इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

**अन्य संलिप्त व्यक्तिः** कॉलेज प्रशासन ने यह भी खुलासा किया कि इन अवैध गतिविधियों में कॉलेज के अध्यक्ष कृष्ण वल्लभ और संयुक्त सचिव कुमार पुरुषोत्तम भी संलिप्त हो सकते हैं। यह दोनों व्यक्ति कई महीनों से कॉलेज नहीं आ रहे हैं, जबकि उन्हें कई बार बुलाया गया है।

**आगे की कार्रवाईः** कॉलेज प्रशासन ने अनिल कुमार सिंह के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। साथ ही, उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और मीडिया से अपील की है कि वे इस मामले में सत्यता की जांच करें और किसी भी भ्रामक सूचना से बचें।

# गुरुवार से लापता महिला का तालाब में मिला शव

गया पुलिस मामले की जांच में जुटी, परिजनों में मचा कोहराम

निज संवाददाता। गया



गया के इमामगंज थाना क्षेत्र के बभण्डीह गांव के बगीचा स्थित तालाब से एक महिला का शव बरामद हुआ। घटना की सूचना पर इमामगंज पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में ले लिया। शव को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं, मृतका के परिजनों में कोहराम मचा है। दरअसल, घटनास्थल पर पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की। लेकिन, मृत महिला के शव की पहचान नहीं मौके पर नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार मृतका ने भगवा रंग की पेटीकोट व ब्लाउज पहना हुआ है। महिला का रंग गोरा और हाइट करीब 5 फुट है। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**पोस्टमार्टम के लिए ले जाने के दौरान हुई शव की पहचानः** पोस्टमार्टम के लिए ले जाने के दौरान शव की पहचान हो पाई है। इधर, परिजनों को सूचना मिलते ही रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। मृतका के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतका शिला देवी बुधवार को अपने घर से निकली थी और वह घर वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन करने के बाद परिजन थक गए। शुक्रवार की दोपहर सूचना प्राप्त हुई कि एक विच्छित महिला का शव इमामगंज पुलिस ने बरामद किया है। शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाया जा रहा था। रास्ते मे शव को देखा तो पाया कि डेड बॉडी शिला देवी की है। वह विक्षिप्त थी। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि इस मामले की जांच भी की जा रही है। आसपास के लोगों से तमाम जानकारी भी ली जा रही है।

# पुरानी रंजिश में युवक को मारी गोली

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में बाइक सवार बदमाशों ने पूर्व के विवाद में शनिवार की सुबह एक युवक को गोली मार जख्मी कर दिया। मामला वेना थाना क्षेत्र अंतर्गत धमौली पुल के समीप की है। जख्मी की पहचान पटना जिला के भदौर थाना क्षेत्र अंतर्गत खजरौर निवासी विश्वनाथ यादव का (30) वर्षीय पुत्र संटू कुमार है। जख्मी ने बताया कि धमौली पुल के पास गाड़ी के इंतजार में ड्यूटी जाने के लिए बैठा हुआ था। वहां एक अन्य व्यक्ति भी बैठा हुआ था। तभी 2 बाइक पर कुल 5 लोग आए और पुल के पास गाड़ी रोक दी। चार लोगों ने कट्टे से फायरिंग कर दी। जिसमें एक गोली गर्दन में आकर लगी। खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़ा। मृत समझ कर सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। जख्मी ने बताया कि गोलीबारी करने वाले सभी आरोपित गांव के ही हैं। गोलीबारी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी को इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

**टावर कंपनी में काम करता है जख्मीः** जख्मी संटू कुमार अपने मौसी के घर वेना थाना क्षेत्र के विरनामा गांव में रह रहा है। बिहार शरीफ में टावर कंपनी में ड्राइवर का काम करता है। हर दिन की तरह आज भी ड्यूटी के लिए बिहार शरीफ आ रहा था। इसी बीच बदमाशों ने गोली मार दी। सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि धमौली चौक के पास बाइक सवारों गोली मारी है।

# गलती के बाद SORRY से मामला दबाना चाह रही पुलिस, पेट्रोल पंप कर्मियों को पीटा था

निज संवाददाता। गया



गया में शुक्रवार रात 10 बजे पेट्रोल पंप कर्मियों की पुलिस वालों ने पिटाई कर दी। पंप पर एक दंपती स्कूटी से आएं थें। स्कूटी फोर व्हीलर वाले नोजल के पास खड़ी कर पेट्रोल मांगा था। कर्मी ने उनसे कहा आप टू व्हीलर वाले नोजल के पास जाएं। फोर व्हीलर और टू व्हीलर के लिए अलग-अलग व्यवस्था है। इस बात पर स्कूटी सवार शख्स ने ज्यूडिशियरी में जॉब करने की हनक दिखाई और पुलिस को बुला लिया। पुलिस आई तो मामले को बिना समझे नोजल कर्मी अखिलेश, बंटी और बबलू की पिटाई कर दी। जिसका वीडियो भी सामने आया है। घटना शहर के मिर्जा गालिब कॉलेज के पास स्थित पेट्रोल पंप की है। मामला जब बढ़ने लगा तो अफसर माफी की बात कह रहे। आज शाम उन पुलिसकर्मियों को माफी मांगने के लिए पंप पर लाया जाएगा। अब देखना है कि शाम में क्या होता है।

**दूसरे नोजल से पेट्रोल लेने के लिए कहा थाः** पीड़ित अखिलेश ने कहा कि हर बड़े पेट्रोल पंप पर छोटी और बड़ी गाड़ियों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की जाती है। शुक्रवार की रात स्कूटी सवार दंपती फोर व्हीलर वाले नोजल पर आए थे। मैंने उन्हें दूसरी तरफ जाकर पेट्रोल लेने के लिए कहा तो वे भड़क गए। उन्होंने सबक सिखाने की धमकी दी और पुलिस को फोन लगाया। कुछ ही मिनट में पुलिस भी आ गई थी। एक मोटा सा पुलिस का जवान ने बिजली के मोटे तार से पिटाई शुरू कर दी। पुलिस कर्मियों के साथ सिविल लाइन का एक दारोगा भी मारपीट करने लगा। पुलिस वालों ने कहा कि स्कूटी सवार को पहचान लो, कचहरी के साहब हैं। नहीं तो उल्टा टांग देंगे।

**सुबह अफसर आए थेः** पेट्रोल पंप के ऑनर मनोज कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात पुलिस वालों ने हमारे पेट्रोल पंप कर्मियों के साथ मारपीट की है। आज सुबह पुलिस के कुछ अफसर आएं थें। मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों से माफी मांगने की बात कह रहे थें। वे कहकर गए कि शाम को उन पुलिस कर्मियों को साथ लेकर आएंगे। माफी मंगवाने की बात कही है।

♦ नोजल मैन पर भड़क गया था स्कूटी सवार, बुलाई पुलिस

पेट्रोल पंप कर्मियों से पूछताछ की गई है। रात का समय था। पेट्रोल पंप पर भीड़ नहीं थी तो पेट्रोल कर्मी को फोर व्हीलर वाले प्वाइंट से पेट्रोल दे देना चाहिए था। हालांकि घटना के वक्त रियल में क्या हुआ, क्यों बात बिगड़ी, इस बाबत अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है।
**-पीएन साहू,** डीएसपी

# नदी से बालू उठाव को ले ग्रामीणों व पुलिस के बीच झड़प

निज संवाददाता। डुमरिया



डुमरिया प्रखंड अंतर्गत बोधि बिगहा थाना क्षेत्र बलिया गांव में मंदिर निर्माण को लेकर नदी से बालू उठाव को लेकर ग्रामीणों व स्थानीय थाना की पुलिस के बीच झड़प हो गई। जानकारी के अनुसार इस पुलिस को इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा काफी आक्रोश का सामना करना पड़ा है। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा पुलिसकर्मियों पर पथराव करने की भी सूचना है। यह घटना शुक्रवार की है। दरअसल बोधि बिगहा थाना क्षेत्र के भंगिया पंचायत अंतर्गत बलिया गांव में शिव मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। अर्द्ध निर्मित मंदिर की ढलाई की जानी है मंदिर ढलाई को लेकर बालिया गांव के ग्रामीण जनता पास के सोरहर नदी से ट्रैक्टर से बालू का उठाव कर रहे थी, पुलिस को सूचना मिली की नदी से बालू का उठाव कर पास के विद्यालय में बालू को डंप किया जा रहा है। वहीं सूचना मिलते ही बोधि बिगहा थाने की पुलिस ने अपने दल बल के साथ जांच करने पहुंची। वहीं पुलिस को आते देख ट्रैक्टर के चालक नदी मे ही बालू गिराकर गाड़ी को छोड़ फरार हो गए। इधर पुलिस ने जब्त ट्रैक्टर को थाना लाना चाह रही थी लेकिन बलिया गांव के काफी संख्या में ग्रामीण जनता महिला-पुरूष सभी ने रास्ता रोक पुलिस के चंगुल से गाड़ी को छुड़ा लिया। इसी बीच पुलिस व ग्रामीणों के बीच झड़प हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिव मंदिर निर्माण किया जा रहा है उसी की ढलाई हेतु बालू का हमलोग उठाव कर रहे थे। इसे स्थानीय पुलिस ने रोककर व ट्रैक्टर जब्त कर थाने ले जा रही थी। ग्रामीणों ने यह भी पुलिस पर आरोप लगाया कि बालू माफियाओं द्वारा रात्रि में नदी से बालू का उठाव कर झारखंड के गांव में बेचा जाता है । वहीं इस घटना की सूचना पुलिस को ग्रामीणों द्वारा दिया जाता है। पर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती। दूसरी ओर हमलोग मंदिर निर्माण को लेकर बालू उठाव कर रहे थे तो पुलिस ने बालू उठाव को रोक दिया। और पुलिस ने हम लोगों के साथ मारपीट भी की। वहीं इस संबंध एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि सूचना मिली की बालिया गांव में सोरहर नदी से बालू का उठाव किया जा रहा है। वहीं सूचना के आधार पर गए तो देखा कि नदी में एक ट्रैक्टर द्वारा बालू अवैध रूप से उठाव किया जा रहा है। वहीं पुलिस को देख ट्रैक्टर चालक अपने ट्रैक्टर को छोड़ मौके से फरार हो गया। वहीं पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर थाना ला रही थी इसी बीच स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध प्रकट किया व रास्ता रोक कर हंगामा करते हुए पुलिस कर्मियों के साथ हाथापाई की कोशिश करते हुए गाड़ी को छुड़ा ले गये। उन्होंने कहा कि सारी घटना की जानकारी वरीय अधिकारी को अवगत कराते हुए पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है। इस मामले में ग्रामीण एवं ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज करते हुए आगे कार्रवाई की जा रही है।

# 2 दिन से लापता कंपाउंडर का कुएं में मिला शव

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में 2 दिन से लापता एक युवक का शव गांव के ही कुएं से शनिवार को बरामद किया गया है। मामला एकंगरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत अमनार खास जगाई गांव का है। मृतक राम लखन प्रसाद का (38) वर्षीय पुत्र राजेश रोशन कुमार है। युवक का शव गांव से 200 मीटर दूर कुएं से बरामद किया गया है। मृतक के चाचा रामजी प्रसाद ने बताया कि दो दिनों से उनका भतीजा लापता था। अपराधियों ने अगवा कर उसकी हत्या कर दी और शव को कुएं में फेंक दिया। शनिवार की सुबह कुएं से दुर्गंध आ रहा था। ग्रामीणों ने कुएं में झांक कर देखा तो राजेश रौशन का शव पानी में उपलाता मिला। परिजनों ने बताया कि गांव में 15 दिन पहले कुछ लोग एकंगरसराय से शराब पीने के लिए आए थे। उन्हीं लोगों से विवाद हुआ था। हत्या के पीछे उक्त लोगों का ही हाथ है।

राजेश रोशन निजी क्लीनिक में कंपाउंडर का काम करता था। शव मिलने की सूचना जैसे ही घरवालों को मिली परिवार वाले घटनास्थल पर पहुंचे और शव को गांव के बाहर मुख्य पथ पर रख कर कार्रवाई की मांग की। एकंगरसराय-ईस्लामपुर मुख्य पथ को जाम कर दिया। एकंगरसराय थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि राजेश रौशन की पत्नी शोभा देवी ने शुक्रवार को गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई। शनिवार को पता चला कि गांव के कुएं में शव मिला।

# कोलकाता कांड के बाद डर में जी रहीं मेडिकल स्टूडेंट्स, हॉस्टल की स्थिति खराब

निज संवाददाता। गया





बीते दिनों बंगाल के कोलकाता में पीजी स्टूडेंट्स महिला डॉक्टर के साथ हुई दिल दहला देने वाली शर्मनाक घटना के बाद से मगध मेडिकल कालेज की गर्ल्स स्टूडेंट्स भय के साए में जी रही हैं। मगध मेडिकल कालेज के सभी स्टूडेंट्स हॉस्टल का बुरा हाल है। हॉस्टल में बेसिक सुविधा नाम की कोई भी चीज ही नहीं है। इसके अलावा कैंपस में पड़ोस की कॉलोनी बाहरी लोगों की आवाजाही से रात-दिन बनी रहती है। मगध मेडिकल कालेज में टोटल 6 हॉस्टल हैं। 6 में से 3 हॉस्टल के कमरों में सीलन इतना है कि उसे देख कर ही मेडिकल साइंस के जानकार तो क्या आम आदमी भी डर जाए। सीलन पर नजर पड़ते ही कोई भी पेरेंट्स अपने बच्चे को तुरंत हॉस्टल से लेकर घर चला जायेगा। मेडिकल के गर्ल्स स्टूडेंट्स की पीड़ा और भी भयावह है। लड़कियों का कहना है कि हॉस्टल परिसर में कैंटीन नहीं है। रात में ड्यूटी के दौरान जब चाय लेने का मन करता है । डर-डरकर कैंपस से बाहर जाना पड़ता है। बीते दिनों कोलकाता में एक सीनियर् स्टूडेंट्स के साथ हुई भयावह घटना के बाद से काफी डर लगने लगा है। डर का कारण भी कई हैं। कैंपस में बीटी कालोनी के लोगों की दिन रात अवैध आवाजाही बनी रहती है। कॉलोनी के लोग मेडिकल कालेज की बाउंड्री में गुफा नुमा छेद कर रखा है। उसी से उनका आना-जाना बना रहता है। इस बात का प्रमाण आप कभी भी देख सकते है। अभी भी लोग आ रहे हैं। कई बार शिकायत की पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। इतना ही नहीं बड़ी संख्या में लड़कियों को हॉस्टल नहीं मिला है। वो बाहर रूम लेकर रहती हैं। रात में उन्हें भी आना पड़ता है। वो डर-डरकर आती हैं। बेसिक सुविधा नाम की कोई भी चीज नहीं है।

**कैंपस की स्थिति बेहद खराबः** सीलन भरे कमरे में ही मेडिकल साइंस के होनहार स्टूडेंट्स जैसे-तैसे से रहने को मजबूर हैं। कमरे की छत्त जहां तहां से उखड़ रही है। टॉयलेट का बुरा हाल है। हॉस्टल के टॉयलेट का स्थिति यह कि वह महीनों से साफ नहीं हुआ हो। स्टूडेंट्स उसी में नित्य कर्म करने विवश हैं। दो वॉशरूम के ऊपर 50 लडकों का भार है। बाथरूम के नाली से निकलने वाला गंदा पानी हॉस्टल कैंपस में ही महीनों से जमा है। इतना ही नहीं हॉस्टल के कैंपस में मेस के लिए कोई जगह नहीं है।

**गंदगी के बीच खुले में चलता है हॉस्टल का मेसः** हॉस्टल का मेस खुले में सीढ़ी के नीचे गलियारे में चल रहा है। जिसके आगे ही नाली का पानी जमा रहता है। दीवारें गन्दी और टूटू-फूटी हैं। बारिश व आंधी तूफान से बचाव का कोई साधन नहीं है। सबसे गौर करने वाली बात यह भी हॉस्टल में चल रहे मेस का वीडियो बनाते समय वहां कई छछूंदर दौड़ते नजर आए। मेस चलाने वाले संजय से जब पूछा गया कि इस तरह से खुले में आप बना रहे हैं तो छिपकली व छछूंदर खाने में गिर गया तो फिर आप क्या करेंगे। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि क्या करें सभी हॉस्टल के मेस का हाल यही है। मेस के लिए अबतक कोई जगह मुहैया नहीं कराई गई है। आंधी पानी आता है तो खाना बनाना बन्द कर देते हैं। बच्चे बाहर जाकर खाते है। मुझे खुद यहां कीड़े-मकोड़े से डर लगता है। कब क्या हो जाए कहा नहीं जा सकता है। गंदगी के बीच खाना बनाना पड़ता है।

**करियर के डर से वार्डन को नहीं करते शिकायतः** स्टूडेंट्स ने बताया कि हमलोग अपने वार्डन से करियर को लेकर मुखर होकर विरोध नहीं करते हैं। इसके पीछे कारण यह है कि वार्डन ही हमारे टीचर है। कुछ बात बिगड़ी तो रिजल्ट पर असर पड़ सकता है। यह सोच कोई कुछ नहीं बोलता है। हालांकि उनका कहना है कि कई बार प्रबंधन से शिकायत की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। सभी लोग कान में तेल डालकर बैठे हैं। कोई सुनने को तैयार ही नहीं है। हॉस्टल कैंपस की सड़क का बुरा हाल है। नाली भी गड़बड़ है। सड़क का हाल 1990 के दशक से भी बुरा हो गया है। गाड़ियां हिचकोले खाती हैं। पैदल चलना दूर्लभ है। बारिश होने की स्थिति में तो चलना और भी कठिन है। डीएम डॉ त्यागराजन ने स्वीकार किया कि वास्तव में मेडिकल कालेज के स्टूडेंट्स जो हॉस्टल में रह रहे हैं। वे काफी परेशानी में हैं और उन्हें कई समस्याएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि मुझसे कुछ स्टूडेंट्स ने शिकायत की थी। उनकी शिकायत सही है। उनकी समस्याओं को दूर करने का काम प्रोसेस में हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया अधिकारियों के साथ की बैठक

निज संवाददाता | नवादा



नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री आशुतोष कुमार झा के निर्देश के आलोक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति के प्रकोष्ठ में आज एक बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें दिनांक 14.09.2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में आवश्यक विचार विमर्श के लिए मापतौल, श्रम एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक के क्रम में मापतौल विभाग श्रम एवं वन विभाग के अधिकारियों से सुलहनीय योग्य लंबित वादों की सूची उपलब्ध कराने को कहा। उपस्थित पदाधिकारियों ने आश्वस्त किये कि वे लोग अपने अपने विभाग में लंबित सुलहनीय वादों को चिन्हित कर उन वादों के निष्पादन के संबंध में लगातार प्रयास कर रहे हैं तथा पक्षकारों को सूचित कर रहे हैं जिससे कि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जा सके। बैठक में माप तौल वाद, श्रमवाद एवं वन वादों के पक्षकारों को नोटिस निर्गत करने के संबंध में निर्देश दिया गया साथ ही उसके शत्-प्रतिशत तामिला पर बल दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने बताया कि नोटिसों के तामिला पर ही लंबित वादों का निष्पादन संभव है। बैठक के क्रम में चिन्हित पूर्व विवादित मामले में पूर्व बैठक/पूर्व परामर्श की संख्या एवं चिहिन्त वादों की सूची के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि पूर्व बैठक (प्री सीटिंग) के माध्यम से जी0ओ0वाद यथा वनवाद, श्रमवाद एवं माप एवं तौल वाद से संबंधित अन्य वादों को कॉउन्सीलिंग कर सुलह के आधार पर वाद का निष्पादन किया जायेगा। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति के अतिरिक्त जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक की ओर से उनके प्रतिनिधि एवं निरीक्षक मौपतौल, विभाग नवादा एवं सुशील कुमार, पेशकार, लोक अदालत, नवादा उपस्थित हुए। जिला जज, नवादा द्वारा मंडल कारा, नवादा का किया गया निरीक्षण सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर एवं विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री आशुतोष कुमार झा एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति ने आज मंडल कारा, नवादा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जेल वार्डों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा यह निर्देशित किया गया कि बंदियों को नियमित रूप से यह बताना सुनिश्चित करें कि किसी भी बंदी को व्यवहार न्यायालय, नवादा में विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय नवादा में आवेदन कर सकते हैं। साथ ही कारा के अन्दर एवं बाहर मच्छरों से बचाव हेतु छिड़काव कराया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा जेल प्रशासन को यह निर्देशित किया गया कि बंदियों के रसोईघर के साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें तथा कारा परिसर एवं बंदियों के जगह को नियमित तौर पर सेनेटाईज कराते रहें साथ ही कारा अस्पताल परिसर की साफ सफाई भी विशेष ध्यान रखें साथ ही उनके द्वारा यह निर्देशित किया गया कि जो बंदी 60 वर्ष या उससे अधिक के हैं, ऐसे बंदियों पर विशेष ध्यान रखें।

## पर्यावरण एवं जल संरक्षण तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक से संबंधित हुई बैठक

निज संवाददाता | नवादा

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार की अध्यक्षता में पर्यावरण एवं जल संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी और वन प्रमंडल, नवादा ने जल एवं गंगा के महत्व को लेकर विस्तार से चर्चा की। पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी जागरूकता बढ़ाने के लिए कई निर्देश दिए। जिले में सिंगल यूज प्लास्टिक के बैन के असर को जानने के लिए विशेष चर्चा की गई। सभी नगर निकाय के अधिकारियों को कचड़ा डम्पिंग के लिए स्थल चिन्हित करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि जगह को चिन्हित करते हुए संबंधित प्रखंडों के अंचलाधिकारी एवं नगर निकायों के अधिकारियों का संयुक्त हस्ताक्षर के साथ वन प्रमंडल पदाधिकारी को प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करेंगे। सिंगल यूज पलास्टिक का उपयोग करने के लिए जिलाधिकारी ने प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रकृति पूजा अपना पुराना परम्परा है। इस प्रकृति को बनाए रखना हमलोगों का कर्त्तव्य है। पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे इसके लिए उन्होंने सभी को पेड़ लगाने का निर्देश दिए ताकि पर्यावरण अपनी शुद्धता को बर्करार रखे और हमलोग उसका लाभ उठा सके। जिलाधिकारी ने बुडको, सिंचाई प्रमंडल, बिहार शरीफ, नवादा को इस बैठक में सम्मिलित होने का निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पौरा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से होकर शहरी क्षेत्रों में पेयजल की सुविधा दी जा रही है। पर्यावरण संरक्षण के लिए जन सहभागिता से अधिक से अधिक पौधारोपण करने का निर्देश भी सभी सदस्यों को दिया गया। एकल उपयोग प्लास्टिक पर रोक-थाम से संबंधित सदस्यों को जागरूकता अभियान चलाने एवं पोलोथीन कैरी बैग के थोक बिक्रेताओं के यहां सघन छापेमारी करने एवं एकल उपयोग प्लास्टिक रोक-थाम को सफल बनाने हेतु हर संभव प्रयास करने का निर्देश दिया गया।

## जिला स्तरीय टैलेंट हंट प्रतियोगिता की तैयारी पूरी

निज संवाददाता | नवादा

राष्ट्रीय कवि संगम के बैनर तले जिला स्तरीय टैलेंट हंट प्रतियोगिता में जिले के लगभग 30 सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। कवि संगम के महामंत्री नितेश कपूर ने बताया कि टैलेंट हंट प्रतियोगिता द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा और लगभग 100 विद्यार्थियों को चयन कर उन्हें आगामी 8 सितंबर को नगर भवन नवादा में सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में वर्ग पंचम से लेकर वर्ग 12 वीं तक के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। राष्ट्रीय कवि संगम के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर विजय कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्थानीय कन्हाई हाई स्कूल विद्यालय में आयोजित हो रहा है। परीक्षा लेने के तुरंत बाद विद्यालय केंद्र पर ही कॉपी का मूल्यांकन कर लिया जाएगा ताकि किसी प्रकार की अनिमित्ता से बचा जा सके। राष्ट्रीय कवि संगम के बैनर तले होने वाले इस प्रतियोगिता का कार्यक्रम संयोजक सुनील आनंद ने बताया की कार्यक्रम की स्पॉन्सर राज नर्सिंग पारा मेडिकल इंस्टीट्यूट पटना के डॉक्टर एन के प्रियदर्शी द्वारा किया जा रहा है। महामंत्री नितेश कपूर ने बताया कि परीक्षा की पूरी तैयारी कर ली जा चुकी है कवि संगम के सभी सदस्य और विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जी जान से लगे हुए हैं। टैलेंट हंट प्रतियोगिता मैं चयनित छात्र छात्राओं के साथ-साथ सभी शिक्षकों एवं मीडिया बंधुओं को भी सरस्वती दूत सम्मान से नगर भवन नवादा में 8 सितंबर को सम्मानित किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नवादा सांसद विवेक ठाकुर जी उपस्थित रहेंगे।

## सेवानिवृत्त होने पर दी गई भावभीनी विदाई

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अग्निशमन कार्यालय में शनिवार को प्रधान अग्निक प्रसादी चौहान के सेवानिवृत्त होने पर कर्मियों ने भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान अग्निशमन पदाधिकारी मो. सैफुद्दीन, अग्निक ऋषिमुनि देव, लक्ष्मण कुमार, गुड्डू पासवान, राकेश कुमार, मधेश कुमार, सतीश कुमार, विरंजा कुमारी, रंजू कुमारी, रौशन कुमार एवं रंजीत कुमार राय भी मौजूद रहे।

## ई-शिक्षा कोष में छात्रों को शत-प्रतिशत एंट्री पूरा करना अनिवार्य

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

प्रखंड मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय नारदीगंज में शनिवार को प्रधान शिक्षकों की बैठक हुई। कार्यक्रम में प्राथमिक, मध्य, बुनियादी, उच्च के अलावा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधान शिक्षकों के साथ ई -शिक्षा कोष पर छात्रों के नामांकन पर चर्चा की गई। अध्यक्षता डीपीओ सह प्रभारी बीईओ प्रियंका कुमारी ने की। कार्यक्रम में बीआरपी सह समावेशी शिक्षक आनन्द कुमार, प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन, बीआरपी राजकुमार सिंह, अभिनव कुमार, शिक्षक राकेश कुमार समेत अन्य रहे। इस दौरान डीपीओ सह प्रभारी बीईओ ने ई -शिक्षा कोष पर छात्रों को इंट्री की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अधिकांश विद्यालय के प्रधान शिक्षकों के द्वारा ई-शिक्षा कोष पर छात्रों का नामांकन के लिए इंट्री नहीं होने पर प्रभारी बीईओ ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए वैसे प्रधान शिक्षकों को कड़ी फटकार लगाई, और उन्हें दो दिनों के अंदर शत प्रतिशत पूरा करने का अल्टीमेटम दिया। वही उन्होंने शत प्रतिशत पूरा करने वाले प्रधान शिक्षकों को पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा इस प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहजपुरा, उच्च विद्यालय कोसला, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनियावां, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसला, प्राथमिक विद्यालय बभनौली समेत 99 विद्यालय के प्रधान शिक्षकों के माध्यम से ई-शिक्षा कोष पर इंट्री छात्रों को नहीं हो पाया है, जो गंभीर विषय है। वही प्राथमिक विद्यालय शादिकपुर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व उच्च विद्यालय हंडिया, प्राथमिक विद्यालय तरौनी, राजकीय बुनियादी विद्यालय डोमवर कुझा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिक्कू समेत 13 विद्यालय के प्रधान शिक्षकों के माध्यम से ई-शिक्षा कोष पर छात्रों का इंट्री कर दिया गया है, वे प्रधान शिक्षक बधाई के पात्र हैं। इस प्रखंड में 112 विद्यालय हैं। उन्होंने कहा विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र व छात्राओं को ई-शिक्षा कोष में एंट्री करें।

## एक पेड़ मां के नाम के तर्ज पर सीडीपीओ कार्यालय समेत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर किया गया पौधरोपण

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित सीडीपीओ कार्यालय में सीडीपीओ सीता कुजूर द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच पौधा का वितरण किया गया। इस दौरान कार्यालय के समीप सीडीपीओ ने एक पेड़ मां के नाम के तर्ज पर पौधरोपण की। सीडीपीओ ने बताई कि आईसीडीएस निदेशक के निर्देशानुसार 31 अगस्त को कार्यालय समेत प्रखण्ड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केन्द्र में पौधरोपण का कार्य किया गया। सीडीपीओ ने कही कि पौधरोपण के दौरान फलदार, औषधीय तथा अलग-अलग किस्म के वृक्षों को लगाया गया। साथ ही बडे होने तक उनकी सार संभाल की जिम्मेदारी ली। साथ ही बताई कि मौजूदा समय में पर्यावरण बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से निपटने के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र विकल्प है। इसलिए यदि एक व्यक्ति एक ही पेड़ लगाए तो पर्यावरण परिवर्तन नियंत्रित करने में बड़ी सफलता हासिल करने में सहायक साबित होगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम को लेकर सरकार स्वयं वृहद वृक्षारोपण कर जागरूकता अभियान चला रही है। वहीं आम जनता को भी ज्यादा जागरुक होना चाहिए। क्योंकि, पर्यावरण परिवर्तन हम सब के लिए बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को स्वीकार कर सभी को वृक्षारोपण किया जाना चाहिए, ताकि जलवायु में हो रहे बदलाव को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि आज आयोजित हुए इस कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय में फलदार वृक्ष तथा औषधीय वृक्षों को लगाया गया। यह वृक्ष हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए वरदान साबित होगा और पर्यावरण नियंत्रित भी करेगा। इस मौके पर संगीता कुमारी,पम्मी कुमारी, पुष्पा कुमारी, सोनी कुमारी, रेणु कुमारी, अस्मिता कुमारी, रीना कुमारी, दुलारी देवी, मुन्नी देवी, सरोज देवी, टीना कुमारी समेत सभी आंगनबाड़ी सेविका मौजूद रही।

## केंद्रीय वित्त मंत्री से मिले भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कराया समास्या से अवगत



**नवादा (नि.सं.)।** भाजपा कला संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता नवादा निवासी रिशांग राज शर्मा ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शुक्रवार को दिल्ली आवास पर मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान बिहार को 58900 करोड़ विशेष पैकेज दिए जाने को लेकर वित्त मंत्री को धन्यवाद देतें हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ नवादा एवं वारसलीगंज क्षेत्र के कई समस्याओं पर चर्चा किया। उन्होंने नवादा जिले के विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं को लेकर उन्हें आवेदन भी दिया।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर पौधारोपण के साथ हुआ राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)



आईसीडीएस के निदेशक के आदेश पर शनिवार को राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पौधारोपण के साथ किया गया। इसकी जानकारी देते हुए बाल विकास परियोजना कार्यालय, कौआकोल की सीडीपीओ अंजली कुमारी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम थीम के अंतर्गत पौधारोपण कर पोषण माह कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सीडीपीओ ने स्वंय परियोजना कार्यालय में कर्मियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया एवं लोगों को पौधारोपण करने एवं पोषण माह के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पोषण माह को लेकर लोगों में पोषण के प्रति जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मौके पर प्रधान लिपिक विपिन कुमार, प्रखंड समन्वयक शशि रंजन, डाटा ऑपरेटर संजय कुमार, महिला पर्यवेक्षिका कुमारी संजू सिन्हा, शोभा कुमारी आदि मौजूद थे।

## टीएसएम कम्प्यूटर सेंटर के छात्र-छात्राओं के बीच छाता का किया गया वितरण

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)




कुशल युवा कार्यक्रम के तहत संचालित प्रखण्ड के टीएसएम कम्प्यूटर सेंटर कौआकोल में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र-छात्राओं के बीच छाता का वितरण किया गया। इसकी जानकारी देते हुए सेंटर के संचालक दीपा कुमारी ने बताया कि प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 80 प्रतिभागियों के बीच संस्थान के तरफ से निःशुल्क छाता का वितरण किया गया। ताकि वे बरसात के मौसम में बारिश में भींगने से बच सकें। इस अवसर पर संचालक ने कहा कि बिहार सरकार के सात निश्चय योजना के तहत कुशल युवा कार्यक्रम अंतर्गत संचालित इस प्रशिक्षण केंद्र पर सम्बंधित प्रतिभागी कंप्यूटर का कोर्स कर सकते हैं, जो पूरी तरह से निःशुल्क है। उन्होंने बताया कि तीन महीने के कम्प्यूटर कोर्स में तमाम तरह की कम्प्यूटर से सम्बंधित जानकारी दी जाती है। इसके लिए मैट्रिक पास होना जरूरी है। कोर्स पूरी कर लेने के बाद उन्हें एक सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाता है। मौके पर समाजसेवी राजेश कुमार, कॉर्डिनेटर चन्द्रिका प्रसाद, एलएफ मुस्कान कुमारी, राहुल कुमार, उमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## दो वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।**

थाना क्षेत्र के अमावां गांव से एसआई इन्द्रदेव राय एवं एएसआई संजय कुमार ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि कोर्ट द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में दो फरार वारंटियों को पुलिस बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटियों में अमावां गांव निवासी जागेश्वर प्रसाद के पुत्र नरेश प्रसाद एवं डीह रजौली निवासी सुरेश चौधरी के पुत्र मटरू चौधरी शामिल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों को शनिवार को अस्पताल स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## पंचायत समिति और मुखिया की बैठक में रही गहमागहमी, विकास के दर्जनों मुद्दों पर हुई चर्चा

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखंड सभागार में शनिवार को पंचायत समिति की बैठक प्रमुख सरोज देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान बीडीओ संजीव झा, सीओ मो. गुफरान मजहरी, बीपीआरओ राजन कुमार एवं पीओ नीरज त्रिवेदी भी मौजूद रहे। इस बैठक के दौरान पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों में विभिन्न मुद्दों को लेकर गहमागहमी बनी रही। जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रश्नों की झड़ी लगा दी गई। सवालों का संबंधित विभाग के अधिकारियों ने जवाब भी दिया एवं निर्णय लिया गया कि अगली बैठक से पूर्व सभी सुझाए गए बिदुओं पर कार्य किया जाएगा। अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों से संबंधित सवालों का जवाब पत्र के माध्यम से मांगने का निर्णय हुआ। पंचायत समिति सदस्य, मुखिया सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ लोक कल्याण से संबंधित विभागीय योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। खासकर शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास परियोजना, कृषि, मनरेगा, पीएचईडी, श्रम विभाग की योजना, आवास योजना वन विभाग, सहकारिता, सामाजिक सुरक्षा, अंचल से संबंधित योजना, बिजली विभाग एवं आपूर्ति विभाग से जुड़े सवाल मुख्य रूप से जनप्रतिनिधियों ने उठाया। इस दौरान रजौली पश्चिमी पंचायत और सिरोडाबर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य ने पीएचईडी विभाग से मांग किया कि चौथा गांव के वार्ड नंबर 7 में नल-जल की पानी के हो रहे बहाव को जल्द से जल्द ठीक किया जाए। पीएचईडी के बड़ा बाबू ने जवाब में बताया कि जो भी ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की शिकायत है, आप लोग कृपा करके टोल फ्री नंबर 06324210036 पर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। वहीं पानी के बहाब की जो भी समस्या है,उसे पीएचईडी विभाग के द्वारा तुरंत ठीक किया जाएगा। वहीं हरदिया पंचायत के मुखिया पिंटू साव ने बिजली विभाग के पदाधिकारी से मांग किया कि हरदिया में लगातार 7 दिनों से बिजली की आपूर्ति नहीं की जा रही है, जवाब में बिजली विभाग के जेई ने बताया कि कुछ गड़बड़ी होने के कारण बिजली नहीं दी जा रही थी, लेकिन उसे ठीक कर दी गई है। वहीं अब बिजली लगातार की जाएगी। साथ ही कुछ जनप्रतिनिधियों ने स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर भी विरोध किया, जवाब में जेई ने बताया कि पूरे बिहार में यह योजना चल रही है। इसलिए सभी के घर में स्मार्ट मीटर ही लगाया जाएगा। वहीं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि राशनकार्ड धारकों से अनुरोध किया कि अपना आधार लिंक कर लें, साथ ही योजना पूरे बिहार में चल रही है। साथ ही राशनकार्ड धारियों से अनुरोध किया कि जल्द से जल्द आधार लिंक कराले। बैठक में अनुपस्थित रहे वन विभाग के रेंजर एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारीगणों से स्पष्टीकरण मांगने की बात कही गई है। वहीं बैठक में रजौली पूर्वी, जोगियामारण एवं शिरोडाबर पंचायत के मुखिया बैठक में उपस्थित नहीं हो सके। इस मौके पर सवैयाटांड़ पंचायत के मुखिया नारायण सिंह, हरदिया पंचायत के मुखिया पिन्टू साव के अलावे अन्य ग्राम पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत समिति उपस्थित रहे।

## प्रतिबंधित अल्कोहलिक कफ सिरप कोडीन के 354 कार्टूनों जब्त, तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई सन्नी कुमार ने एक कंटेनर में लदे 354 कार्टून में रहे 3450 लीटर प्रतिबंधित कोडीन नामक कफ सिरप को जब्त किया। साथ ही एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया। वहीं एक माह पूर्व गोविंदपुर थाना क्षेत्र स्थित समेकित जांच चौकी से उत्पाद बलों ने 2000 लीटर कफ सिरप को जब्त किया था एवं दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। अबतक रजौली अनुमण्डल क्षेत्र के दो समेकित जांच चौकी से कुल 5450 लीटर प्रतिबंधित कफ सिरप कोडीन का जब्त होना, यह बताता है कि दूसरे राज्यों की तर्ज पर बिहार में शराबबंदी के बाद नवयुवक समेत अन्य नशे के आदि लोग कफ सिरप का उपयोग कर रहे हैं। पहले तो शराब भरी वाहनों को जब्त किया जा रहा था, किन्तु अब उत्पाद विभाग के हाथों अल्कोहलिक कफ सिरप ही लग रहा है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार में शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर रजौली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई सन्नी कुमार के नेतृत्व में उत्पाद बलों के सहयोग से झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी यात्री व मालवाहक वाहनों को सघन जांच की जाती है। जांच के क्रम में कंटेनर संख्या जेएच01ईक्यू7800 पर प्रतिबंधित अल्कोहलिक कोडीन फॉस्फेट युक्त कफ सिरप के 354 कार्टून जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जब्त प्रत्येक कार्टून में 100 बोतल में 100-100 एमएल है।इस प्रकार जब्त सिरप की कुल मात्रा 3450 लीटर है, जिसका बाजार मूल्य लगभग 25 लाख रुपये आंकी जा रही है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त कोडीन सिरप लदे कंटेनर के साथ एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। जिसकी पहचान जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र के लुसीधानी गांव निवासी प्रदीप यादव के पुत्र उमेश यादव के रूप में हुई है। गिरफ्तार तस्कर ने बताया कि वे कफ सिरप को रांची में लोड किये थे और मधेपुरा ले जा रहे थे। इसी क्रम में रजौली जांच चौकी पर जब्त किया गया है। वहीं गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जांच पर भी बीते माह 2000 लीटर कफ सिरप को जब्त किया गया था एवं दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया था।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त कोडीन कफ सिरप, वाहन एवं गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं गिरफ्तार तस्कर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। बाजार में कोडीन कफ सिरप की संख्या 100 से ज्यादा है। इनमें फेंसेडिल या कोरेक्स की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा है। सिरप के लती इन्हें सोडा के साथ मिलाकर पी लेते हैं। बाद में इनका असर बढ़ाने के लिए गर्म चाय या कॉफी का इस्तेमाल करते हैं। खास बात है कि यह सस्ता नशा करीब 75 रुपये में ही उपलब्ध हो जाता है। कोडीन कफ सिरप के असर में चक्कर आना, बोलने में दिक्कत, भ्रम होना, हार्ट रेट बढ़ना, हाई ब्लड प्रेशर जैसी चीजें शामिल हैं। खास बात है कि साल 2016 यानी पीजीआई रिपोर्ट के आने के बाद सरकार ने कोडीन कफ सिरप पर प्रतिबंध का ऐलान कर दिया था। कंपनियों पर इस बात की निगरानी का दबाव आ गया कि वह लत और तस्करी से निपटने के लिे अपना ड्रग्स कैसे बेचेंगे।

## विश्व हिंदू परिषद का मनाया जाएगा 60वां स्थापना दिवस

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखण्ड के दुर्गामण्डप परिसर में रविवार को विश्व हिंदू परिषद का 60 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसको लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बजरंग दल के जिला संयोजक मुकेश कुमार एवं विश्व हिंदू परिषद के प्रखण्ड मंत्री राजीव कुमार ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद के द्वारा एक सितंबर को संगठन के 60 वां स्थापना दिवस के साथ साथ विशाल हिन्दू सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा।

**AFFIDAVITE**

I, ANANYA GUPTA D/O RABINDRA PRASAD presently residing at Vill+P.O.+P.S. Dinara Dist. Rohtas Bihar Pin-802213 state- Bihar do hereby solemnly affirm and declare as under:-

01-That I am citizen of India, and my D. O. B is 28.02.2006.
2. That I have passed the all India Secondary School Examination 2020 conducted by CBSE Board; from SANSKAR VIDYAKCITY DAUDNAGAR AURANGABAD, BIHAR (85020) bearing Roll No. 22105261 in the year of 2020.

03-That I required duplicate documents Marksheet as original has been destroyed by Water.

04- That I undertake to submit self- attested photocopy for essential document for the afore said duplicate document.

05-That all statements of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief as explained to me and unders tood. If found untrue and false I will be personally liable to be punished in accordance with Law.

Place:- Bikramganj

Date: 03.07.2024

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

खुली ई–निविदा जेम सं.–**GEM/2024/B/5334672,** नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदारों से ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : क्र.सं. : 1, कार्य का नाम और स्थान : डीडीयू डिविजन के चार नं. टीएसएस (कुदरा/टीएसएस, रफीगंज/टीएसएस, जपला/टीएसएस एवं बिक्रमगंज/टीएसएस) के 3 (तीन) वर्षों के लिए मैनिंग का कार्य।, क्र.सं. : 2, अनुमानित रकम : ₹ 2,81,99,510.25, क्र.सं. : 3, बयाना राशि : ₹ 291000.00, क्र.सं. : 4, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक 20.09.2024 को 15:00 बजे तक।, क्र.सं. : 5, वेबसाईट का विवरण जहाँ ई–निविदा जेम की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है : **www.gem.gov.in**

वरिष्ठ मण्डल बिजली इंजीनियर/क.वि., पूर्व मध्य रेल, डीडीयू

पीआर/01015/डीडीयू/ईटीआरडी/टी/24–25/28

## संक्षिप्त समाचार

### बरूना में रेल इंजन की तकनीकी खामी से 2 घंटे परिचालन बाधित

**डुमरांव।** दानापुर डीडीयू रेलखंड पर डुमरांव और बरूना रेल स्टेशन के बीच एक मेंटेनेंस मशीन के इंजन में तकनीकी खराबी आ गई। इससे रेलखंड के अप मेन लाइन पर परिचालन करीब दो घंटे तक प्रभावित रहा। ट्रेनें जहां तहां रुकी रही। जानकारी के अनुसार मेंटेनेंस के लिए ब्लॉक लिया गया था। काम करने जैसे ही मशीन पहुंची कि उसके इंजन में तकनीकी खामी आ गई। इससे डुमरांव स्टेशन पर 13209 पटना डीडीयू सवारी गाड़ी करीब दो घंटे तक खड़ी रही। सुबह 10 बजे डुमरांव से बक्सर की तरफ रवाना होने वाली सवारी गाड़ी दोपहर 01:05 बजे डुमरांव से रवाना हुई। इसके पीछे श्रमजीवी एक्सप्रेस, पाटलिपुत्र लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस, दानापुर सिकंदराबाद एक्सप्रेस सहित अन्य कई गाड़ियां जहां तहां खड़ी रही। इसकी सूचना मिलते ही दानापुर मंडल में हड़कंप मच गया। दोपहर साढ़े बारह के करीब दूसरे इंजन को बरूना लाकर मेंटेनेंस मशीन में जोड़कर उसे आगे की तरफ रवाना किया गया जिसके बाद रेल लाइन पर परिचालन सामान्य हुई।

### मारपीट के दोषियों को मिली पांच वर्ष की सजा

**बक्सर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय विजेंद्र कुमार की कोर्ट में गुरुवार को मारपीट के एक मामले में सुनवाई हुई। कोर्ट ने गवाहों और साक्ष्य के आधार पर मारपीट के आरोपितों को पांच वर्ष की सजा और 40 हजार रुपए का जूर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर अभियुक्तों को अतिरिक्त सजा काटनी होगी। अपर लोक अभियोजक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि 4 जून 2004 को सिमरी थाना के इकौना गांव के रहने वाले विजय कुमार, सरवन कुमार एवं संतोष कुमार सूचक बलिराम राय के घर में घुस गए। आरोपितों ने सूचक को बोले कि मकान को खाली कर दो नहीं तो घर में आग लगाकर तुम्हें जला देंगे। जब सूचक की पत्नी ने इसका विरोध किया तो अभियुक्त विजय कुमार चाकू से ताबड़तोड़ महिला पर हमला कर दिया, जिससे उसकी हथेली कट गई।

### दूसरी बार शराब पीने वाले को एक वर्ष की कारावास

**आरा।** द्वितीय उत्पाद अनन्य विशेष न्यायाधीश अरुण कुमार शर्मा ने शुक्रवार को चरपोखरी थानांतर्गत गड़हनी वार्ड नं0 10 के निवासी सोनू चौधरी को दूसरी बार शराब पीने के आरोप में दोषी पाते हुए एक वर्ष के कैद की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से उत्पाद अनन्य विशेष लोक अभियोजक युगेश्वर प्रसाद उर्फ हीरा ने बहस किया था। उत्पाद विभाग के एपीपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि 9 अगस्त 2023 को उत्पाद थाना के अवर सब निरीक्षक नवनीत कुमार ने गड़हनी बागर मोड़ के पास से शराब पीने के आरोप में सोनू चौधरी को गिरफ्तार किया था। इस घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसके पूर्व भी उत्पाद पुलिस द्वारा उक्त आरोपी को शराब पीने पर गिरफ्तार किया गया था। शराब पीने का अपराध स्वीकार करने पर कोर्ट द्वारा अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई थी। अर्थदण्ड जमा करने पर उसे मुक्त किया गया था। दूसरी बार शराब पीने के बाद पकड़े जाने पर ट्रायल के दौरान अभियोजन की ओर से तीन गवाहों की गवाही कोर्ट में हुई थी। सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद द्वितीय उत्पाद अनन्य विशेष न्यायाधीश अरुण कुमार शर्मा ने दूसरी बार शराब पीने का दोषी पाते हुए उत्पाद अधिनियम की धारा 37 के तहत उक्त आरोपी को एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई।

### छात्रों के सीखने के स्तर को सुधारेगा कदम कार्यक्रम

**आरा।** जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान, पिरौंटा में कदम कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन और संस्थान के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश तिवारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन ने कहा कि एचपीपीआई द्वारा चलाया जा रहा यह कदम बिहार कार्यक्रम प्राथमिक स्तर के छात्रों के लिए बहुत ही अधिक प्रभावशाली होगी। इस कार्यक्रम के तहत नई शिक्षा नीति 2020 के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त करने में मदद मिलेगी। कहा कि इस कार्यशाला से प्राप्त जानकारी को अपने विद्यालय में छात्रों की अधिगम अंतराल को कम करने के लिए अवश्य करने की जरुरत है। साथ ही अधिक रुचिपूर्ण तरीके से शिक्षा को छात्रों के बीच प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में डायट के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश तिवारी ने शिक्षकों को बालकेंद्रित शिक्षण को अपनाने की बात कही। कहा की राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण के रिपोर्ट में यह बताया गया है कि हमारी कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों में बहुत से ऐसे बच्चे हैं जिनकी उपलब्धि उनके कक्षा के अनुसार नहीं है। ऐसे सभी बच्चों को चिह्नित कर उनका पूरा सहयोग देने की आवश्यकता है। कदम टूल्स किट के प्रयोग करने की दी गयी जानकारी एचपीपीआई के कदम कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का सीखने के स्तर में सुधार करने व बच्चों को उनके अधिगम स्तर पर पहुंचाने के लिए कदम टूल्स किट के प्रयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया। प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को उनके शिक्षण-अधिगम अभ्यासों में सहायता प्रदान करने की तकनीकी कौशलों का विकास कर, उनके विद्यालयों में बेहतर शिक्षण अधिगम वातावरण बनाने में उनकी मदद करना था। कार्यक्रम में संस्थान के वरीय व्याख्याता डा. वीरेन्द्र कुमार सिंह, व्याख्याता सुनील कुमार, सुनील कुमार शर्मा, राधा कुमारी, स्मिता कुमारी, ज्योति किरण, डॉ. निधि प्रिया, दिव्या कुमारी, जीत प्रकाश, विकास कुमार, झंडू सिंह, सुमन कुमारी, विनीत कुमार सिंह, माधव सिंह, डॉ. हर्षवर्धन, दीपक कुमार, रणजीत कुमार, अनामिका कुमारी, वंदना कुमारी, श्रवण कुमार, प्रमोद कुमार, मंशु कुमार, प्रभात कुमार, मनोज त्रिपाठी, राजू सिंह, भगवन पाण्डेय, आशीष उपाध्याय, मो. कलीम व श्वेता कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### अतिक्रमण हटाने के नाम पर केवल होती है खानापूर्ति



**डुमरांव।** डुमरांव नगर के बीचो-बीच होकर गुजरने वाली एनएच-120 शहर में काफी पतला हो गया है। इस पर कुछ स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण भी कर लिया गया है। उसके बाद नप ने टीचर ट्रेनिंग स्कूल से लेकर नया थाना तक सड़क के एक किनारे लोहे का बैरिकेडिंग कर दिया है। जिस समय बैरिकेडिंग लगाया जा रहा था। उस समय इसका विरोध भी हुआ था। लेकिन तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार ने बिना कुछ सुने सड़क के किनारे बैरिकेडिंग कर दिया। जिसका नतीजा सड़क और भी संकरी हो गया है। जिसके कारण डुमरांव नगर के टीचर ट्रेनिंग स्कूल से लेकर नया थाना तक हमेशा वाहनों की कतार लगी रहती है। कई बार तो इस भीड़ में एम्बुलेंस चालक भी फंस कर रह जाते है। स्थानीय नगर के लोगों का कहना है कि नगर परिषद ने इस लोहे के बैरिकेडिंग को लगाकर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया है इस बैरिकेडिंग से कोई लाभ नहीं है। बड़े दुकानदार अपने दुकान के सामने ठेला लगवाकर करा रहे है जाम इस मार्ग पर सैकड़ों दुकान हैं। सभी दुकानदार अपने दुकान के आगे जो तथाकथित फुटपाथों का अवैध कब्जा है। इतना ही नही अपने दुकान के आगे एक ठेला लगाकर उससे प्रतिदिन सौ से दो सौ रुपया का वसूली भी कर रहे है। जैसा कि चर्चा है। इनलोगों के कारण भी सड़क पर जाम की समस्या बनी रहती है। नप प्रशासन का मौन होना कई सवाल खड़ा कर रहा है।

# बक्सर में बायोगैस प्लांट का 80% निर्माण कार्य पूरा

## 20- 25 घर के परिवारों को मिलेगी गैस की सुविधा, गोबर और कचरे से बनेगा ईंधन गैस

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के जगदीशपुर गांव में गोबर धन योजना के तहत जिले का बायोगैस प्लांट का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। प्लांट का 80 प्रतिशत काम लगभग पूरा होने वाला है। इसे बनकर तैयार होने पर इसके माध्यम से दो दर्जन से ज्यादा घरों में गोबर गैस ईंधन के रूप में उपलब्ध होगा। प्लांट निर्माण लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह भी है। साथ ही इसके बगल में लोहिया स्वच्छता बिहार अभियान के अंतर्गत अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का निर्माण किया गया है। जिसका कार्य एक साल पहले ही पूरा हो गया है। अब कचरा निस्तारण का कार्य प्रारंभ है। गांव के पशुपालक से गोबर और कचरा घर से गीले कचरे का प्रयोग कर मिथेन गैस बनाया जाएगा और उसे पाइप के माध्यम से उसे घर-घर पहुंचाने का काम किया जाएगा। इस सुविधा से लोगों को कम खर्च में भोजन बनाने में आसानी होगी।



**20- 25 घर के परिवारों को मिलेगी गैस की सुविधाः** जगदीशपुर पंचायत की मुखिया शुशील देवी ने गोबर से तैयार बायोगैस की सुविधा के बारे में बताया कि इस सुविधा को 20-25 परिवारों को घर-घर गैस की उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें जैविक खाद भी तैयार किया जाएगा। यह योजना ग्रामीण इलाके के पशुपालक किसानों के लिए वरदान साबित होगा। पशु के गोबर भी अब धन के रूप में उन्हें लाभान्वित करेगा। भविष्य में यह योजना सही रूप से चलता रहे। इसको लेकर ग्रामीणों से भी बातचीत कर सहयोग मांगा गया है। डीएम ने बताया कि गोबरधन योजना का सीधा लाभ पशुपालकों को मिलेगा। इस प्लांट के बन जाने पर किसानों से गोबर खरीदा जाएगा और उससे बनने वाले बायोगैस की सप्लाई गांव के घरों में दी जाएगी। गैस संयंत्र से माह में करीब 1.5 से 2 एलपीजी सिलिंडर के बराबर गैस प्राप्त होता है।

**जिले का पहला बायोगैस प्लांट निर्माण अब तक अधूराः** बक्सर जिले का पहला बायोगैस प्लांट का भूमि पूजन जिला अधिकारी अंशुल अग्रवाल ने 13 मई 2023 को जगदीशपुर पंचायत के कुलहड़िया गांव में किया था, जो कि शिलान्यास के 19 महीने बाद भी बनकर अभी पूरी तरह से तैयार नहीं हुआ है। प्लांट बनाने की जिम्मेदारी आंनद इंजीनियरिंग लखनऊ को दिया गया था। प्लांट को 90 दिन में बनाकर तैयार करना था लेकिन अभी भी काम आधा अधूरा पड़ा है। यह बायोगैस प्लांट पंचायतों को स्वच्छ बनाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा की जा रही है।

विभागीय जानकारी के अनुसार यह बायोगैस प्लांट 49 लाख के लागत से बनाया जा रहा है। जल्द काम पूरा करने का दिया गया है निर्देश बक्सर के डीडीसी डॉ महेंद्र पाल ने बताया कि कंपनी के एग्रीमेंट के हिसाब से अब तक तो बनकर तैयार हो जाना चाहिए लेकिन कंपनी ने आधा अधूरा काम करके छोड़ दिया है। कंपनी के द्वारा संपर्क करके बताया गया है कि बायोगैस प्लांट का हमने काम पूरा कर दिया है। केवल गोबर की आवश्यकता है। आगे कार्य को सही समय पर सही तरीके से निर्माण नहीं किया गया तो प्लांट बनाने वाले कंपनी को ब्लैक लिस्टेड भी किया जा सकता है।

## बक्सर के युवक ने महाराष्ट्र में फांसी लगाकर किया आत्महत्या

निज संवाददाता। बक्सर



♦ सैलरी को लेकर मैनेजर से हुई थी बहस, डिप्रेशन की आशंका

बक्सर जिले के रहने वाले एक युवक ने महाराष्ट्र में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सूचना के बाद युवक के परिजन शव को लाने के लिए बक्सर से महाराष्ट्र लिए निकल गए है। मिली जानकारी के अनुसार युवक राजपुर थाना क्षेत्र के कंजारिया गांव का निवासी दरोगा खरवार (35) था। युवक पुणे के एक होटल में वेटर का काम करता था और वहीं बहन और जीजा के साथ रहता था। मामले को लेकर बताया गया कि तनख्वाह को लेकर होटल मैनेजर से कुछ कहा सुनी हुई थी। जिसकी सूचना बहन को मिली।

**डिप्रेशन की आशंकाः** सूचना मिलते ही बहन होटल पहुंच अपने भाई को लेकर कमरे पर चली आई लेकिन युवक रात में फांसी लगा आत्महत्या कर लिया। मामले को लेकर आशंका जताया जा रहा है कि वो किसी बात को लेकर डिप्रेशन में चल रहा था और इसी वजह से उसने यह कदम उठाया है।

**आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए गया था पुणेः** बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र स्थित कंजरिया गांव के निवासी दरोगा खरवार की उम्र 35 वर्ष है। जो अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए महाराष्ट्र के पुणे पहुंचा।उसे एक होटल में वेटर को नौकरी मिल गई थी। जहां वह काम कर रहा था। शाम में जब बहन भाई के लिए खाना लेकर पहुंची तो पाया कि वह फंदे से झूल गया है।

**शव लाने निकले परिजनः** फांसी के फंदे पर भाई को झूलता देख बहन चिल्लाने लगी। आस-पास के लोग जमा हो गए। उसे अस्पताल ले जाया गया। लेकिन, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह सूचना गांव आई तो वहां रोना धोना शुरू हो गया। उसकी पत्नी बच्चों के साथ बक्सर अपने गांव में ही रहती है। सूचना के अनुसार उसके परिवार के अन्य सदस्य शव को लेने के लिए पुणे पहुंच रहे हैं।

## गरीब परिवारों को लघु उद्योग के लिए मिलेगा 2लाख रुपया

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिला में बेरोजगारी को कम करने के लिए डीएम अंशुल अग्रवाल ने बताया कि बिहार लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत विभिन्न वर्गों के गरीब परिवारों के आर्थिक विकास के लिए बिहार सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। योजना अंतर्गत राज्य के आर्थिक रूप से गरीब के सभी परिवारों को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य है। चयनित व्यक्ति को 02 लाख रुपए शत प्रतिशत अनुदान के रूप में दिए जाने का प्रावधान है। यह राशि तीन किस्तों में पहला पचास हजार दूसरा एक लाख एवं तीसरा पचास हजार के रूप में दिया जाएगा। डीएम ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया गया कि योजना अंतर्गत आटा मिल, तेल मिल, गेट ग्रिल निर्माण, ढाबा रेस्टोरेंट, लाह चूड़ी निर्माण, गुड़िया निर्माण, पत्थर/मिट्टी का मूर्ति निर्माण इत्यादि सहित कुल 61 ट्रेड



में विभाग द्वारा लाभुकों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। बता दें कि अभी तक बक्सर जिला अंतर्गत कुल 546 लोगों का चयन किया गया है। जिसमें जिला उद्योग केंद्र के सभाकक्ष में कुल 30 लाभुकों को प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण उपरांत प्रत्येक लाभुकों को विभाग की ओर से ट्रैवल और खाना के लिए दो हजार रुपया प्रदान किया जाएगा। प्रथम बैच के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर जिला पदाधिकारी द्वारा भावी उद्यमियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई साथ हीं उनसे अनुरोध किया गया कि अपने साथ अन्य लोगों के लिए रोजगार का अवसर सृजित करें तथा जिला एवं राज्य के आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति के साझेदार बने।

## तेज रफ्तार ट्रक ने होटल के दीवार में मारी टक्कर, बक्सर में बाल-बाल बचे विश्वामित्र होटल के स्टाफ

निज संवाददाता। बक्सर

नगर के गोलंबर के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक विश्वामित्र होटल का बाउंड्री तोड़ सीधे होटल में घुस गया। जिससे होटल स्टाफ बाल-बाल बच गए। इस घटना से होटल में कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। ट्रक की सीधी टक्कर होटल के भवन से हुई। जिससे दीवार और मकान का दरवाजा टूट गया। एक कमरे में टूटी दीवाल का मलबा भर गया। मौके पर तैनात गार्ड और एक कुक बाल-बाल बचे। इस घटना के बाद ट्रक का खलासी भगाने में सफल रहा लेकिन चालाक को हिरासत में लिया गया है।



**तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्करः** मामले को मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक यूपी की भरौली होते हुए गंगा पुल के रास्ते बिहार के बक्सर में प्रवेश की। तेज रफ्तार में ट्रक चला रहा चालक ने अपना नियंत्रण किसी कारण वश खो दिया और ट्रक नेशनल हाइवे से नीचे उतर गोलंबर के पास स्थित विश्वामित्र होटल के बाउंड्री तोड़ते हुए होटल के एक कमरे से जा टकराई। टक्कर काफी जोरदार था। टक्कर की आवाज सुन होटल से लोग बाहर निकल गए। होटल स्टाफ ने बोला कि सभी लोग अंदर कमरे में थे। टक्कर की आवाज से हमलोगों को लगा कि किसी ने होटल में बम फोड़ दिया हो। होटल गार्ड राम जन्म यादव ने बताया कि जिस कमरे में ट्रक ने टक्कर मारा है, वह कमरा खाली था।

पुलिस के हिरासत में ड्राइवर

**थाना में नहीं मिला आवेदनः** इस संबंध में औद्योगिक थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि घटना के सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक को अपने हिरासत में रखा है। हालांकि अभी इस संबंध में होटल संचालक द्वारा या होटल के किसी स्टाफ की ओर से किसी प्रकार का आवेदन थाना को नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर पुलिस आगे कार्रवाई करेगी।

## 350 भूमिहीन लाभुकों के बीच पर्चा का वितरण, DM ने कहा- हर परिवार के पास घर हो ये CM का सपना

निज संवाददाता। बक्सर

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने अभियान बसेरा 2 के तहत जिले के सभी अंचल इलाकों में सर्वेक्षित परिवारों को बन्दोबस्ती पर्चा वितरण किया। इसको लेकर जिला समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीएम अंशुल अग्रवाल ने लगभग 350 लोगों के बीच अभियान बसेरा 2 के तहत सर्वेक्षण में चुने गए परिवारों को पर्चा वितरित किया। आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। डीएम ने पर्चा वितरण के बाद कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री का सपना है कि हर किसी का अपना घर हो। इसी के तहत सभी लोग को पर्चा दिया गया है। बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल ने बताया कि सरकार की कल्याणकारी योजना अभियान बसेरा के तहत वैसे गरीब परिवारों को बंदोबस्ती का पर्चा देना है, जिनके पास घर नहीं है। ताकि, उन्हें भूमि उपलब्ध हो और वे अपनी आशियाना बना सकें।



**ऑनलाइन निकाले जाएंगे पर्चेः** बक्सर डीएम ने कहा कि सबसे बड़ी खुशी की बात है कि विभाग का निर्देश है कि सभी पर्चे ऑनलाइन इस बार निकाले जाएंगे। डुप्लीकेसी की संभावना भी कम हो जाती है। दखल आदि की समस्या है, उसका भी निराकरण हो जाता है। डीएम ने कहा कि 50 परिवारों को समहरणालय सभा कक्ष में पर्चा दिया गया है। सभी प्रखंडों में 300 लोगों को पर्चा आज प्रखंड मुख्यालय पर वितरण किया गया है। उन सभी लोगों के परिवार के लिए उज्ज्वल भविष्य की कमाना करता हूं।

**दाखिल कब्जा में नहीं होगी परेशानीः** बक्सर डीएम ने कहा कि पहले जब ऑफ लाइन पर्चा का वितरण हुआ करता था, उससे कई लोगों को दाखिल कब्जा को लेकर समस्या होती थी। लेकिन, इस बार जो विभाग ने निर्णय लिया है। इस बार सभी को ऑनलाइन माध्यम से पर्चा निकाल कर बांटा गया है। इससे लोगों को दाखिल कब्जा में कोई परेशानी नहीं होगी।

## बक्सर में मौसी और भतीजी के साथ गैंगरेप

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में 28 अगस्त की रात नर्तकी मौसी और भतीजी के साथ 6 युवकों ने गैंगरेप किया था। दोनों यूपी की रहने वाली हैं। डुमरांव के ऑर्केस्ट्रा में काम करतीं हैं। उन्हें बर्थ-डे पार्टी में डांस के लिए बुलाया गया था। गैंगरेप में शामिल 6 युवकों में 4 को गिरफ्तार कर लिया गया है। दो फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार युवकों में सोनू कुमार, तुलसी कुमार, विकास कुमार समेत एक अन्य शामिल है। घटना डुमरांव थाना क्षेत्र की है।

**30 अगस्त को थाने में आवेदन दिया थाः** वारदात के 2 दिन बाद 30 अगस्त को पीड़िता के पिता ने महिला थाने में आवेदन दिया था। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर 4 घंटे में गिरफ्तारी की। वहीं, दूसरी तरफ




बर्थ-डे पार्टी में डांस के लिए दोनों नर्तकियों को बुलाया था, 6 अरोपियों में चार गिरफ्तार

दोनों नर्तकियों को मेडिकल जांच के लिए बक्सर भेजा गया था। महिला थानाध्यक्ष सुजाता कुमारी ने कहा कि 6 लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगाया गया है। एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की है। चार लोगों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जबकि, दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है।

# अर्चना सिंह के नेतृत्व वाली नगर रामलीला समिति वैध

निज संवाददाता। आरा

नगर रामलीला समिति आरा में कोई विवाद नहीं है। अध्यक्ष अर्चना सिंह के नेतृत्व वाली नगर रामलीला समिति आरा एकमात्र वैध संस्था है। कुछ लोग रामलीला समिति के नाम पर शहर में कुव्यवस्था फैलाना चाहते हैं। यह बातें शहर के गणमान्य वक्ताओं ने शुक्रवार को नगर रामलीला समिति की बैठक में कहीं। यह बैठक शुभ नारायण नगर मझौंवा में संभावना आवासीय उच्च विद्यालय के जुबली हॉल में हुई। अध्यक्षता नगर रामलीला समिति की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, संचालन संरक्षक अवधेश कुमार पाण्डेय व धन्यवाद ज्ञापन सचिव विष्णु शंकर गुप्ता ने की। इस दौरान रामलीला मैदान में 18 दिवसीय भव्य रामलीला के मंचन और समस्त तैयारी की समीक्षा की गईं। अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि नगर रामलीला समिति का रजिस्ट्रेशन हो गया है। बैंक खाता खुल गया है। मेजर राणा प्रताप सिंह ने कहा हम फौजी जात-पात में विश्वास नहीं रखते। संरक्षक मंडल के अवधेश कुमार पांडेय ने कहा कि श्रीराम सनातनी व सबके हैं। उपाध्यक्ष शंभु चौरसिया ने कहा कि अध्यक्ष अच्छे तरीके से काम कर रही है। सर्जन डॉ. विकास सिंह ने कहा कि संगठित नहीं रहने पर हमारा विनाश तय है। जाप नेता अविनाश कुमार यादव उर्फ लड्डू यादव ने नगर रामलीला समिति सभी लोगों का है। पूर्व वार्ड पार्षद अमरेन्द्र चौबे ने कहा कि समिति को तन-मन-धन



से सहयोग करुंगा। पिन्टू तिवारी ने कह कि लोग अध्यक्ष डॉ. अर्चना कज साथ है। अधिवक्ता मनोज सिंह ने जाति-वर्ग भेद को भूलकर सहयोग करें। रामलीला समिति के मनोज कुमार सिंह ने कहा कि जब पूर्व अध्यक्ष ने पद छोड़ने के बाद कोई तैयार नहीं था। तब डॉ अर्चना अध्यक्ष बनीं। बीजेपी नेता अखिलानंद ओझा, डी. राजन, नवीन प्रकाश, सोनू पासवान, पुष्पेन्द्र सिंह, कृष्ण कुमार, राकेश राजपूत, शिव सेना नेता शंभू सिंह, कलाकार राज कुमार, राकेश कुमार , संजय राय ने कहां की डॉक्टर अर्चना ही असली अध्यक्ष हैं। कुछ लोग अनावश्यक लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। गौरतलब हो कि इस बार डॉ अर्चना के अध्यक्ष चयन होने के बाद समिति से जुड़े कुछ लोग नाराज थे। उन लोगों ने गुरुवार को एक बैठक कर सोनू राय को अध्यक्ष चुना था। अब शुक्रवार को डॉ अर्चना वाली नगर रामलीला समिति ने रजिस्ट्रेशन, बैंक खाता व अन्य साक्षी लोगों के समक्ष पेश कर असली होने का सबूत पेश कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विवाहित शिक्षक के साथ गई युवती को खोजा

**टेटिया बंबर**। प्रखंड क्षेत्र के गौरवडीह गांव में कोचिंग का संचालन एवं वर्तमान में असरगंज प्रखंड में बीपीएससी शिक्षक के रूप में कार्यरत रैनिया गांव निवासी दीपक कुमार के साथ कुछ दिन पूर्व फरार हुई युवती को टेटिया थाना पुलिस ने पतघाघर से बरामद कर लिया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष तारकेश्वर कुमार ने बताया कि बरामद हुई युवती के पिता द्वारा मामले को लेकर थाना में आवेदन दिया गया था। जिसके आलोक में पुलिस द्वारा खोजबीन की जा रही थी। इसी क्रम में युवती को पतघाघर से बरामद किया गया एवं 164 के बयान हेतु न्यायालय में पेश किया गया है। जानकारी हो कि उक्त युवती पूर्व में इसी कोचिंग की छात्रा थी।

### खेल दिवस पर हरिमोहन सिंह हुए सम्मानित

**मुंगेर**। राष्ट्रीय खेल दिवस पर पोलो मैदान में बिहार स्टेट महिला खो-खो के टीम के कोच हरिमोहन सिंह को सम्मानित किया गया। उन्हें रविन्द्र प्रसाद सिंह खेल रत्न सम्मान से सम्मानित करते हुए एमएलसी लालमोहन गुप्ता ने कहा कि कम उम्र में ही इन्होंने खेल भावना से प्रेरित होकर न सिर्फ जिले का गौरव बढ़ाया है, बल्कि खिलाड़ियों को भी खेल के प्रति आकर्षित किया है। ज्ञात हो कि हरिमोहन सिंह इस से पहले देश के विभिन्न राज्यों में आयोजित विभिन्न खेलों के नेशनल लेवल चैंपियनशिप में कोच, मैनेजर, टेकनिकल रेफरी, ऑफिशियल्स के रूप में भाग ले चुके हैं। दिव्यांग खेल एवं महिला खेल को बढ़ावा देने में लिए इन्होंने खासकर विशेष रूप से अपना योगदान दिया है।

### प्रथम मेधा सूची के आधार पर आज तक दाखिला

**मुंगेर**। विश्वविद्यालय में पीजी सेमेस्टर-वन, सत्र 2024-26 में नामांकन के लिए प्रथम मेधा सूची 24 अगस्त को जारी कर दी गई है। जिसके आधार पर प्रथम मेधा सूची में चयनित छात्र-छात्राएं शनिवार यानी 31 अगस्त तक नामांकन ले सकते हैं। प्रथम मेधा सूची के आधार पर 3242 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। पीआरओ डॉ. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि प्रथम मेधा सूची के आधार पर चयनित विद्यार्थी अपने चयनित महाविद्यालय या पीजी विभाग में उपस्थित होकर संबंधित दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन कराते हुए नामांकन ले सकते हैं। 31 अगस्त तक ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत नामांकन शुल्क का भुगतान कर अपना नामांकन रसीद प्राप्त कर नामांकन सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि एससी-एसटी एवं सभी कोटि की छात्राएं शून्य भुगतान का नामांकन रसीद लें । अन्यथा नामांकन रद्द समझा जाएगा। डीएसडब्ल्यू कार्यालय में कार्यरत शुभम एवं बसंत राणा ने बताया कि गुरूवार तक करीब 350 छात्र-छात्राओं ने नामांकन कराया था।

### तेजस्वी यादव माता-पिता के शासन को कर रहें याद, प्रभारी मंत्री संतोष कुमार बोले-पैसों के आधार पर पहले होती थी ट्रांसफर-पोस्टिंग

**भागलपुर**। भागलपुर में एक दिवसीय दौरे पर श्रम संसाधन विभाग के मंत्री और प्रभारी मंत्री संतोष कुमार पहुंचे। यहां पर उन्होंने तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कर्मियों को पीड़ित के मदद की सलाह दी है। TMBU परिसर में बाढ़ पीड़ित शरण ले सकते हैं। मंत्री संतोष कुमार सिंह ने राजद नेता तेजस्वी यादव पर पलटवार किया है। तेजस्वी यादव ने हाल ही में नीतीश सरकार पर IAS और IPS अधिकारियों की पोस्टिंग के लिए नीलामी लगाने का आरोप लगाया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए संतोष कुमार सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव को अपने माता-पिता के शासनकाल की याद आ रही है, जब जाति और पैसों के आधार पर ट्रांसफर-पोस्टिंग होती थी। दरअसल, शुक्रवार को सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान मंत्री ने कहा कि भागलपुर में गंगा और कोसी ने तबाही मचाई है। बाढ़ पीड़ित के लिए जिला प्रशासन की तरफ से समुचित व्यवस्था हुई है। मंत्री ने कहा कि आपदा के समय में राहत शिविर का निर्माण सरकारी संस्था में किया जाता है। यदि किसी निजी स्कूल और कॉलेज में किया जाता है, तो वहां के लोगों से बात करके निर्माण कराया जाता है। पिछले कई सालों से नाथनगर क्षेत्र के बाढ़ पीड़ित तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के टिल्ला कोठी में शरण लेते थे। आगे मंत्री ने यह भी कहा कि अभी आपदा के समय में सभी लोगों को मदद के लिए हाथ बढ़ाना चाहिए, क्योंकि पहले मानव है।



### टीएमबीयू के पूर्व एफए को एक साल में नहीं मिले बकाए के 28 लाख



**भागलपुर**। टीएमबीयू में किसी गड़बड़ी पर आपत्ति करने पर उसकी जांच करने की जगह आपत्ति करने वाले को किस तरह परेशान किया जाता है ताकि वह दोबारा ऐसा करे ही नहीं, इसका एक मामला सामने आया है। विवि के पूर्व एफए (फाइनांस एडवाइजर) मधुसूदन को कुलपति प्रो. जवाहर लाल और पूर्व प्रोवीसी प्रो. रमेश कुमार पर वेतन से ज्यादा भुगतान लेने क आरोप लगाकर इस पर आपत्ति करना महंगा पड़ गया। पूर्व एफए ने दोनों वरीय अधिकारियों के वेतन पर आपत्ति की थी कि इन्हें सैलरी माइनस पेंशन के नियम का उल्लंघन कर अधिक भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा था कि यह राशि वापस होनी चाहिए। हुआ उल्टा। कुलपति और प्रतिकुलपति की सेहत पर तो असर नहीं पड़ा लेकिन एफए का वेतन रोक दिया गया। यही नहीं उन्हें कार्यकाल बचा रहने के बावजूद फरवरी 2023 में हटा दिया गया। हद यह कि पूरे मामले की जानकारी उन्होंने पहले राजभवन के प्रधान सचिव और बाद में कुलाधिपति को दी। लेकिन राजभवन भी उन्हें उनका बकाया वेतन नहीं दिला सका है जो 28 लाख 43 हजार है। पूर्व एफए ने बताया कि उन्होंने इस बारे में पहले राजभवन के प्रधान सचिव को पत्र दिया था। लेकिन जब सुनवाई नहीं हुई तो 27 फरवरी को कुलाधिपति को पत्र लिखा। लेकिन ऐसा लगता है कि कुलाधिपति तक मामला पहुंचने नहीं दिया जाता है। न तो उनके वेतन को लेकर कोई कार्रवाई हुई न कुलपति और पूर्व प्रतिकुलपति को हुए अधिक भुगतान को लेकर खोजबीन की गई। दोनों मामले दबा दिए गए हैं। कुलाधिपति को लिखे पत्र में पूर्व एफए ने कहा है कि जब उन्होंने कुलपति और प्रतिकुलपति को हुए अधिक भुगतान का मामला उठाया और यह राजभवन तक पहुंचा तो कुलपति ने अपने मामले से ध्यान भटकाने के लिए उनका (एफए) वेतन रोक दिया। कुलपति को अगस्त 2022 से अगस्त 2023 तक सैलरी से पेंशन घटाए बिना 18 लाख 59 हजार 62 रुपए और प्रतिकुलपति को फरवरी 2022 से अगस्त 2022 तक 29 लाख 43 हजार 518 रुपए अधिक भुगतान हुआ जबकि नियमतः दूसरी सेवा से रिटायर व्यक्ति को किसी अन्य सेवा में वेतन पुरानी सेवा की पेंशन घटाकर दिया जाता है। हालांकि इस वजह से कुछ महीने तक कुलपति ने वेतन लेने से मना कर दिया था। पूर्व एफए ने कहा समय पूरा होने से पहले हटा दिया गया पूर्व एफए ने यह भी कहा कि उनकी नियुक्ति पहले मगध विवि में हुई थी। कार्यकाल तीन साल का था। इसी बीच उनका वहां से टीएमबीयू में तबादला हो गया। टीएमबीयू में उनका कार्यकाल जुलाई 2023 तक था। लेकिन फरवरी 2023 में उन्हें बिना कारण बताए हटा दिया गया। जिस दिन उन्हें हटाया गया उस दिन जब वह ऑफिस पहुंचे तो एक दूसरे एफए को बैठा देखा।

# भागलपुर-हंसडीहा NH-133 ई का होगा निर्माण, लोगों को होगा फायदा

निज संवाददाता। बांका

बांका में भागलपुर-हंसडीहा फोरलेन के लिए रजौन में जमीन अधिग्रहण की समस्या दूर कर दी गई है। इसमें 74 भूस्वामियों का करीब 0.351 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण किया जाएगा। मालूम हो कि 915.17 करोड़ की लागत से पहले फेज में भागलपुर अलीगंज से बांका ढाकामोड तक बनने वाले एनएच-133 ई का निर्माण होगा है। इसके बाद लोगों को आसानी होगी। रजौन प्रखंड के सड़क किनारे जमीन अधिग्रहण की अड़चन को दूर कर केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय,नई दिल्ली से भू-अर्जन संबंधित फाइनल सूची जारी कर दी गई है। एनएच-133 ई के किमी 11.735 से किलोमीटर 36.600 के बीच चिह्नित 74 भू-स्वामियों की 0.351 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण किया जाएगा।

**बांका के रजौन में जमीन अधिग्रहण की समस्या दूर**



**भूमि का संक्षिप्त विवरण जारीः** भू-अर्जन के लिए गजट प्रकाशित हुआ था। भू-स्वामियों से जितनी भी आपत्तियां दर्ज कराई गई थी, उसका निपटारा कर दिया गया। सड़क निर्माण के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित या संरचना रहित भूमि का संक्षिप्त विवरण जारी हुआ है। इससे पहले 17 अगस्त को एनएच के इस हिस्से के ही 1.54 हेक्टेयर जमीन को फाइनल किया गया है। यह बाराहाट अंचल के चार गांवों की जमीन है।

**भू-अर्जन को मंत्रालय ने किया फाइनलः** आपत्ति का निपटारा कर भू-अर्जन को मंत्रालय ने फाइनल किया है। रजौन में भू-अर्जन को लेकर यह अड़चन थी कि नक्शे पर एलाइनमेंट बायीं ओर खिसक गया है। इस कारण इसके जद में करीब 200 घर आ गए थे, जिसे तोड़ा जाना था। इस पर ग्रामीणों ने आपत्ति जताने पर इसकी दोबारा जांच हुई। जिसमें नक्शे की गड़बड़ी पकड़ में आई। इसके बाद इसमें सुधार किया गया।

जांच के बाद रजौन में 74 भू-स्वामियों का जमीन अधिग्रहण किया जाएगा। 45 पुल-पुलिया व कल्वर्ट बनाए जाएंगे, सड़क की दोनों ओर एक-एक मीटर चौड़ा फुटपाथ बनाया जाएगा। बांका के ढाकामोड़ और पंजवारा रोड के पास रेलवे ओवर ब्रिज बनेगा।रजौन में फोरलेन का सर्विस रोड बनेगा। सड़क में तीन मीटर डिवाइडर, तो दो मीटर सोल्डर बनेगा।

# JDU सांसद पर फिर भड़के MLA गोपाल मंडल

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में JDU सांसद और JDU के ही विधायक के बीच बयानबाजी जारी है। इसी बीच शनिवार को गोपालपुर विधानसभा से जदयू विधायक गोपाल मंडल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया। इस दौरान जदयू के ही सांसद अजय मंडल को जमकर लताड़ा है। विधायक गोपाल मंडल ने तो अजय मंडल के पुराने कारनामे को गिनाने लगे। विधायक ने पत्रकारों से प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि सांसद अजय मंडल अफीम का खेती करते थे। बिजली का तार चोरी करके बेचते देते थे। रात में रेल पटरी के पास पड़ा लोहा चोरी करके बेचते थे। देसी शराब बनाते थे। अब ट्रक पासिंग करवाते हैं। वसूली करते हैं। उन्होंने सांसद पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही कहा कि झारखंड का शराब वही पीते होंगे। उनका खानदान ही गलत काम में लगा रहता है। बिहार में शराबबंदी है। हम विधानसभा में शपथ भी लिए थे, न पीएंगे न पीने देंगे। इतना ही नहीं जदयू विधायक ने यहां तक कह दिया कि भागलपुर में जितना काम चल रहा है। अजय मंडल सब पर जांच बैठा देता है। वसूली करता है। धमकी देकर पैसा मांगता है। एक बार इंजीनियर से पैसा मांगा था। इसका धंधा ही पैसा मांगना है। गोपाल मंडल ने यह बयान इसलिए दिया क्योंकि गोपाल मंडल ने बीते दिनों सांसद पर कई आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद अजय मंडल ने कहा था कि गोपाल मंडल झारखंड से आने वाला पानी पीकर बहक जाते हैं। इस पर गोपाल मंडल फिर आग बबूला हो गए। उन्होंने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित के लिए पत्रकारों को आमंत्रित किया। इसी दौरान मीडिया के माध्यम से सांसद पर भड़क उठे हैं।

# पान दुकानदार और चालक के बीच मारपीट



**दोनों ने एक-दूसरे पर विवाद बढ़ाने का लगाया आरोप, एक के सिर पर लगा चोट**

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में आदित्य विजन के ड्राइवर ने पान दुकान पर मारपीट का आरोप लगाया है। मारपीट में चालक के सिर पर चोट लगी है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के चौक के समीप की है। घायल ऑटो चालक ने कहा कि पान खाने के लिए दुकान पहुंचे। इस दौरान पान दुकान पर ही चाबी भूल गया। दुकान पर वापस गए तो दुकानदार से कहा कि मेरी चाबी छूट गई है। उसने कहा कि मैंने चाबी नहीं लिया है। मैंने दुकानदार से कहा कि कुछ पैसे दे देंगे। आप चाबी दे दजिए, स्प्राइट पिला देंगे। काफी मनाने के बाद चाबी दी।

**दुकानदार ने चालक पर मारपीट का लगाया आरोपः** मामले को लेकर पान दुकानदार मुकेश कुमार ने कहा कि टेंपो चालक छेदी मंडल दुकान पर आए। पान खाया और उसके बाद कॉलर पकड़कर खींचने लगा। धक्का देने के बाद वह बांस के खंबे में जा टकरा गया। जिसमें उनका सिर फटा है। हमने उनके साथ मारपीट नहीं की है। घटना के बाद दुकान पर अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। घायल टेंपो चालक ने निजी क्लीनिक में इलाज करवाया।

# रिंग बांध टूटने से 80 एकड़ में लगा फसल बर्बाद, भागलपुर में मुआवजे की उम्मीद में किसान

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर स्थित केलांचल नवगछिया में बाढ़ की तबाही ने केला की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। 80 एकड़ में लगा फसल बर्बाद हुआ है। किसान मुआवजे की उम्मीद में है। गंगा की तबाही ने रोजी रोटी पर भी असर डाला है। गोपालपुर में रिंग बांध के टूटने के बाद कई इलाके चपेट में आए है। खेतों में लगे सब्जी, मक्का के साथ-साथ केला का खेत पूरी तरह पानी में डूबा है। लगभग 80 एकड़ में लगे केले के फसल और करीब 20 एकड़ में लगे साग सब्जियां मक्का बर्बाद हो गए। दुर्गा पूजा के लिये यहां के किसान मेहनत कर रहे थे, ताकि दुर्गा पूजा में केले की अच्छी बिक्री होगी। लेकिन गंगा नदी ने ऐसा रुख अपनाया की फसलें नष्ट हो गयी। केले खेत मे ही गिर रहे हैं। पेड़ गल रहे है। पानी खेतों में जमा हो चुका है। यहां से केले झारखंड, बंगाल, उड़ीसा समेत बिहार के कई जिलों में भेजे जाते हैं।



इस बार बाढ़ की तबाही ने किसान को परेशान कर दिया। पीड़ित अब मुआवजे की आस लगाए है। एक बीघे में केले की खेती से करीब 1 से डेढ़ लाख रुपए कमाई एक बार मे किसान करते हैं, ऐसे में दर्जनों किसान है, जिनके केले नष्ट हो गए।

**रिंग बांध का 125 मीटर हिस्सा हुआ था ध्वस्तः** बता दें कि 20 अगस्त को गोपालपुर बिंदटोली रिंग बांध का 125 मीटर हिस्सा ध्वस्त हुआ था, जिसके बाद गंगा का पानी लगातार फैलता जा रहा है। किसान संजय कुमार ने बताया कि हम लोग को परेशानी हो रही है। केले पर हम लोग जीते थे। केले नहीं रहे, तो हम लोग क्या रहेंगे? हम एक एकड़ में फसल लगाए। पूरा डूब गया। ज्यादा जमीन तो नहीं है। एक एकड़ था, जमीन उसमें केले का फसल लगाए थे। साल में एक बार फसल लगाने पर पूरे परिवार का पेट भर जाता था। लाख रुपए का इनकम होता था। सरकार से बस हम लोग मुआवजा चाहते हैं।

**♦ दुर्गा पूजा में खूब होती थी केले की बिक्री**

**कई जिलों में होती थी केला का सप्लाईः** पटना झारखंड समेत कई जिलों में केला का सप्लाई करते थे। दुर्गा पूजा से हम लोग को उम्मीद थी। पहली पूजा शुरू होते ही खूब बिक्री होती थी। अब तो सब डूब गया। किसान विकास का कहना है कि हम लोग केला पर ही आश्रित थे। लेकिन, गोपालपुर के रिंग बांध टूट जाने के कारण बुद्धूचक होते हुए धीरे-धीरे पानी जाकर खेत में भर गया। जिसके कारण लगाया गया सारा फसल बर्बाद हो गया। सरकार से हम लोग विनती करते हैं कि इनका भरपाई करें। हम लोग को मुआवजा दें।

# मौत से पहले चालक का टोल पर हुआ था विवाद, टोल प्लाजा के मैनेजर और कर्मियों को पुलिस ने हिरासत में लिया

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के औद्यौगिक प्रक्षेत्र थाना क्षेत्र के गोपालपुर रेलवे पुल से ट्रक चालक का शव लटकता हुआ मिला था। पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। आत्महत्या कहने से कतरा रही। सिटी एसपी राज के अनुसार FSL की जांच चल रही है। जांच में मामले का खुलासा हो जाएगा। एसआईटी का भी गठन हुआ है। आसपास लोगों में चर्चा है कि हत्या के बाद शव लटका दिया गया। बताया जा रहा है कि टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों से चालक का विवाद हुआ था। जिसके बाद से गाड़ी तीन दिन से वहीं खड़ी थी। टोल प्लाजा के मैनेजर समेत कुछ स्टाफ को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

**FSL ने सैंपल कलेक्ट किएः** शव को नीचे उतारने से पहले फोटो और वीडियोग्राफी की गई थी। शव और आसपास का सैंपल FSL ने लिए थे। मृतक के जेब से आधार कार्ड मिला है। जिसपर बलराम यादव लिखा है। शव का पोस्टमॉर्टम मेडिकल बोर्ड ने कैमरे के सामने किया है। जिसमें हैंगिंग की बात सामने आ रही ही, लेकिन जिस हिसाब से शव लटका था, लग नहीं रहा की आत्महत्या है।



**पटरी के पास चार माह में तीसरी मिली लाशः** पैर के तलवे पर चोट और कटे के निशान थे। हल्का खून रिस रहा था। जबकि आमतौर पर आत्महत्या के बाद जीभ बाहर निकल आती है, इस मामले में ऐसा नहीं था। इससे साफ है कि मौत संदिग्ध है। पुलिस हत्या के बिंदुओं पर जांच कर रही है। पुलिस ने गोरखपुर स्थित मृतक के घरवालों को कॉल किया है। परिजन वहां से भागलपुर के लिए चल चुके हैं। पिछले 4 माह में गोपालपुर रेलवे ट्रैक के आसपास शव मिलने की यह तीसरी घटना है। शव ट्रक का सामान बांधने वाले रस्सी से लटका हुआ था।

**टोल पर गेट टूटने के बाद हुआ था विवादः** बताया जा रहा कि सरिया से लदा ट्रक (UP53 DT7575) को लेकर तीन-चार दिन पहले ड्राइवर आ रहा था। टोल प्लाजा के पास केबिन नंबर-1 के पास उसे बताया गया कि उसके ट्रक की टक्कर से गेट टूट गया। इसके बाद टोल के मैनेजर व कर्मियों से ट्रक चालक की बहस हुई। चालक से तीन लाख रुपए की मांग की गई थी। इसी बात पर सहमति नहीं बनी। इसके बाद चालक के साथ मारपीट की बात सामने आ रही है।

# अपराधी ने की गोलीबारी सीसीटीवी आया सामने

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में दिनदहाड़े हवाई फायरिंग हुई है। सोशल मीडिया पर एक अपराधी का गोली चलाते वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि युवक ने दहशत फैलाने के लिए वासुदेवपुर इलाके में दनादन गोलियां बरसाईं। सीसीटीवी फुटेज में जो शख्स फायरिंग कर रहा, वो वासुदेवपुर थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव निवासी पांडव यादव है। पूर्व से इसका आपराधिक इतिहास रहा है। घटना के बाद अपराधी फरार चल रहा है। अपराधी के द्वारा 28 अगस्त को वासुदेवपुर में आपसी विवाद के बाद वर्चस्व को लेकर लगभग आधा दर्जन राउंड गोलीबारी की गई थी। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुई, लेकिन आसपास के लोगों में भय का माहौल पैदा हो गया है। लोगों ने पुलिस से गोलीबारी करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मांग की है। वासुदेवपुर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान हो गई है। गिरफ्तारी के लिए विभिन्न जगहों पर छापेमारी चल रही है।

# बड़े भाई की हत्या करने वाले को भेजा जेल



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के मोजाहिदपुर हुसैनपुर में गुरुवार को भाई ने भाई की हत्या कर दी थी। आरोपी छोटे भाई को जेल भेज दिया गया है। मृतक 38 वर्षीय अबु नसर का गला रेत दिया गया था। मृतक की मां के बयान पर केस दर्ज हुआ था। एफआईआर में कहा था कि गुरुवार सुबह 0.30 बजे अपनी बेटी रहफत जहां के पास थी। तभी सूचना मिली कि अबु की मौत हो गई है। घर आने पर मालूम हुआ कि मेरे छोटे बेटा अबु सईद ने ही हत्या कर दी है। हत्या के बाद मैं खुद थाना चली गई। मेरा बड़ा बेटा मानसिक रूप से कमजोर था, घर पर सभी के साथ मारपीट करते रहता था। उससे घर के सभी सदस्य परेशान थे।

**कार्यालय :— कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू**
योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू — 822101

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति**
**सामयिक सूचना अंक — 01/2024**

प्रिय किसान बंधुओं,
मक्का फसल खेतों में लहलहा रहें है। अतः इनकी उचित देखरेख करने की आवश्यकता है, ताकि इन्हे कीट/व्याधि से मुक्त रखते हुए उचित उत्पादन प्राप्त किया जा सके। मक्का फसल में कीट एवं व्याधियों के प्रकोप से बचाव हेतु निम्नलिखित सुझाव दिये जा रहे हैं :—

**मुख्य कीट**
1. तना छेदक :— यह कीट फसल लगने के आरंभ से ही आक्रमण करता है एवं अत्यधिक क्षति करता है। इस कीट का शिशु (झिल्ली) तना में छेद कर इसके आंतरिक भाग को नुकसान पहुचाता है जिसके कारण तना के अग्र भाग की बढ़ोतरी रूक जाती है एवं यह मुरझाकर सूख जाता है जिसे "DEAD HEART" कहते है।
**नियंत्रण** :— दानेदार कीटनाशी फिपरोनील 3G या कारटाप हाइड्रॉक्लोराइड 4G का व्यवहार (10—12 दाना) पत्तियों के उपरी चक्र (गब्भा) में करने से इसका नियंत्रण किया जा सकता है। मिडाकलोपरिड 17.8%SL (1—1.5 मि0ली0/लीटर पानी में घोल बना कर) आवश्यकतानुसार छिड़काव किया जा सकता है।
**2. फाल आर्मी वर्म (SPODOPTERA FRUGIPERDA)** :— यह एक प्रवासी कीट है जिसे भारत देश में वर्ष 2018 में देखा गया था। इस कीट की इल्ली अवस्था सबसे विनाशकारी है क्योंकि इल्ली के मुंह के हिस्से काटने वाले होते हैं। इल्ली के माथे पर एक विशिष्ट उल्टा Y चिन्ह होता है तथा शरीर पर काले धब्बे होत हैं। यह मक्का के पौधे (यथा तना, पत्ते) को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर देते हैं।
**प्रबंधन/नियंत्रण** :— 1. इस कीट के क्षति के लक्षण दिखाई देने पर N.S.K.E 5% (नीम चूर्ण या अजेडिराकटीन 1500 P.P.M का 5 मि0ली0/लीटर पानी में घोल बना कर छिड़काव करें।
2. पत्तियों के उपरी चक्र (गब्भा) में रेत तथा चूना 9:1 की दर से भुरकाव करें।
3. रासायनिक नियंत्रण में थिओमेथॉक्साम 12.6% + डेम्डासाईहेलाथ्रीन 9.5% ZC, 5मि0ली0/लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।
**मुख्य रोग** :— 1. हेलीमेंतहोसपोरईयम ब्लाइट — पत्तियों पर लंबे अथवा नाव के आकार वाले भूरे कथयई रंग के धब्बे नजर आते हैं जिसका किनारा भूरे रंग का होता है एवं इसका मध्य भाग धीर—धीरे काले रंग में बदल जाता है।
**प्रबंधन/ नियंत्रण** :— इससे बचाव हेतु बीज उपचार आवश्य करनी चाहिए। रोग ग्रस्त पौधा का उपचार डाइथेन Z-78 या इंडोफिल M-45, 1 कि0ग्रा0/400 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ 7—8 दिनों के अंतराल में छिड़काव करना चाहिए।
**2. शीथ ब्लाइट** — इस रोग से ग्रस्त पौधों पर पत्तियों के आधार पर एवं भुट्टों के छिलकों पर हल्के नीले तथा राख जैसे धब्बे बनते हैं।
**नियंत्रण** :— कारबेंडाजिम 200 मि0/हेक्साकोनाजोल 400मि0ली0, 400लीटर पानी में घोल बना कर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव किया जा सकता है।
स्ट्राइगर, सर्प, एवं मिट्टी में उपस्थित सुक्ष्मजीवों का संरक्षण करें।
PR 334309 (Agriculture) 24-25 (D)

**कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू।**

## संक्षिप्त समाचार

### सरपंच की बनायी वंशावली होगी मान्य

**दरभंगा, एजेंसी।** सदर प्रखंड की सारा मोहम्मद पंचायत के चंदनपट्टी स्थित पंचायत भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें अंचल के अमीन प्रतीक रंजन कुमार व मोनी कुमारी ने सारा मोहम्मद पंचायत सहित आसपास के लोगों की जिज्ञासाओं को शांत किया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पंचायत के सरपंच की ओर से बनायी गयी वंशावली ही मान्य होगी। अमीन मोनी ने कहा कि सरकार की ओर से जारी फॉर्मेट को भरकर, उसमें जिनकी खतियानी जमीन है वे उसका दस्तावेज, जिनका केवाला है वह केवाला से संबंधित दस्तावेज तथा अद्यतन रसीद लगाकर यहां जमा कर देंगे। इन दोनों अमीनों ने बताया कि आगामी सोमवार से प्रत्येक दिन सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक ये लोग पंचायत भवन में बैठेंगे तथा हर आने वाले व्यक्ति की समस्याओं को सुनेंगे तथा उनका निराकरण करेंगे। ग्राम सभा में मुखिया विमल देवी, मुखिया पति जय राम ठाकुर, सरपंच नीलम कुमारी, वार्ड पार्षद अशोक पासवान, नूतन कुमारी, ब्रह्मदेव कुमार पासवान, पंसस आरती कुमारी आदि थे।

### लोक शिकायत के आठ मामलों की डीएम ने की सुनवाई

**छपरा, एजेंसी।** जिलाधिकारी अमन समीर ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष से बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की और शिकायत का निवारण किया। जिला पदाधिकारी ने लोक शिकायत के कुल आठ मामलों की सुनवाई की। जिसमें सात मामलों पर अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया तथा शेष एक मामलों में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें।

### राज्यव्यापी प्रदर्शन के समर्थन में गांवों में चलाया अभियान

**पूर्णिया, एजेंसी।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) पूर्णिया जिला माकपा के द्वारा 5 सितंबर को राज्यव्यापी आंदोलन के तहत समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन को लेकर विभिन्न पंचायत में सभा कर लोगों से प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की जा रही है। सभा के माध्यम से लोगों को मांगों के बारे में अवगत कराया गया जिसमें प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर रोक, सभी परिवार को 200 युनिट बिजली मुफ्त, रोजगार की गारंटी, बेरोजगार युवाओं को 5000 रुपया भत्ता, भूमिहीन परिवार को 10 डिसमिल जमीन, खेती के लिए एक एकड़ जमीन,सर्वे के नाम पर गरीबों के साथ धोखा और लूट-खसोट बंद करने की मांग आदि शामिल है। प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामपरी एवं सीपीआई (एम) के जिला सचिव राजीव सिंह ने मंझुवा, खखरैली, दिग्गी पोखर टोला, रामपुर, रानीपतरा, दरगाह टोल, रायपुर खाखोटोला, आदिवासी टोल, हरिजन टोल आदि में ग्रामसभा अभियान चलाया। एडवा नेत्री रामपरी ने कहा कि केन्द्र और राज्य की सरकार गरीब विरोधी है। विकास का झूठा आंकड़ा पेश कर रही है। इस सरकार में बेरोजगारी, महगाई काफी बढ़ी है। जिला सचिव राजीव सिंह ने कहा कि चुनाव से पहले वित मंत्री सीता रमण ने कहा था कि महिलाओं को लाखपति दीदी बनाऐंगे लेकिन गरीब महिलाएं समूह के माध्यम से निजी बैंक से लोन लेती है, लेकिन भारी ब्याज के साथ किस्त चुकाने में उनकी हालत खराब हो जाती है।

### स्कूल से दूसरी बार चापाकल की चोरी

**पूर्णिया, एजेंसी।** कसबा नगर परिषद के अंतर्गत मोदो साह महिला उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर से बीती रात चोरों ने दूसरी बार चापाकल की चोरी कर ली। छात्राओं के लिए इस गर्मी में पानी पीने का यही एकमात्र चापाकल था। इससे छात्राओं को पानी पीने एवं शौचालय जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। इस विद्यालय से चापाकल की चोरी होने की यह तीसरी घटना है। इस संबंध में कसबा थाना को कई बार सूचित किया गया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# बक्सर में बायोगैस प्लांट का 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा

## 20-25 घर के परिवारों को मिलेगी गैस की सुविधा

### गोबर और कचरे से बनेगा ईंधन गैस

**बक्सर, एजेंसी।** बक्सर जिले के जगदीशपुर गांव में गोबर धन योजना के तहत जिले का बायोगैस प्लांट का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। प्लांट का 80 प्रतिशत काम लगभग पूरा होने वाला है। इसे बनकर तैयार होने पर इसके माध्यम से दो दर्जन से ज्यादा घरों में गोबर गैस ईंधन के रूप में उपलब्ध होगा। प्लांट निर्माण लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह भी है। साथ ही इसके बगल में लोहिया स्वच्छता बिहार अभियान के अंतर्गत अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का निर्माण किया गया है। जिसका कार्य एक साल पहले ही पूरा हो गया है। अब कचरा निस्तारण का कार्य प्रारंभ है। गांव के पशुपालक से गोबर और कचरा घर से गीले कचरे का प्रयोग कर मिथेन गैस बनाया जाएगा और उसे पाइप के माध्यम से उसे घर-घर पहुंचाने का काम किया जाएगा। इस सुविधा से लोगों को कम खर्च में भोजन बनाने में आसानी होगी।



### 20- 25 घर के परिवारों को मिलेगी गैस की सुविधा

जगदीशपुर पंचायत की मुखिया शुशील देवी ने गोबर से तैयार बायोगैस की सुविधा के बारे में बताया कि इस सुविधा को 20-25 परिवारों को घर-घर गैस की उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें जैविक खाद भी तैयार किया जाएगा। यह योजना ग्रामीण इलाके के पशुपालक किसानों के लिए वरदान साबित होगा। पशु के गोबर भी अब धन के रूप में उन्हें लाभान्वित करेगा। भविष्य में यह योजना सही रूप से चलता रहे। इसको लेकर ग्रामीणों से भी बातचीत कर सहयोग मांगा गया है। डीएम ने बताया कि गोबरधन योजना का सीधा लाभ पशुपालकों को मिलेगा। इस प्लांट के बन जाने पर किसानों से गोबर खरीदा जाएगा और उससे बनने वाले बायोगैस की सप्लाई गांव के घरों में दी जाएगी। गैस संयंत्र से माह में करीब 1.5 से 2 एलपीजी सिलिंडर के बराबर गैस प्राप्त होता है।

### जिले का पहला बायोगैस प्लांट निर्माण अब तक अधूरा

बक्सर जिले का पहला बायोगैस प्लांट का भूमि पूजन जिला अधिकारी अंशुल अग्रवाल ने 13 मई 2023 को जगदीशपुर पंचायत के कुलहड़िया गांव में किया था, जो कि शिलान्यास के 19 महीने बाद भी बनकर अभी पूरी तरह से तैयार नहीं हुआ है। प्लांट बनाने की जिम्मेदारी आंनद इंजीनियरिंग लखनऊ को दिया गया था। प्लांट को 90 दिन में बनाकर तैयार करना था लेकिन अभी भी काम आधा अधूरा पड़ा है। यह बायोगैस प्लांट पंचायतों को स्वच्छ बनाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा की जा रही है। विभागीय जानकारी के अनुसार यह बायोगैस प्लांट 49 लाख के लागत से बनाया जा रहा है। जल्द काम पूरा करने का दिया गया है निर्देश बक्सर के डीडीसी डॉ महेंद्र पाल ने बताया कि कंपनी के एग्रीमेंट के हिसाब से अब तक तो बनकर तैयार हो जाना चाहिए लेकिन कंपनी ने आधा अधूरा काम करके छोड़ दिया है। कंपनी के द्वारा संपर्क करके बताया गया है कि बायोगैस प्लांट का हमने काम पूरा कर दिया है। केवल गोबर की आवश्यकता है। आगे कार्य को सही समय पर सही तरीके से निर्माण नहीं किया गया तो प्लांट बनाने वाले कंपनी को ब्लैक लिस्टेड भी किया जा सकता है।

# चिराग बोले-विपक्ष 2021 की साजिश को दे रहा हवा:हम एकजुट, काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती

### पार्टी मीटिंग के बाद दिल्ली में शाह से मिले



**पटना, एजेंसी।** राजद की तरफ से पार्टी में टूट की खबरों के बीच एलजेपी आर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान एक्शन में आ गए हैं। शुक्रवार को पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में उन्होंने पहले पार्टी के कोर कमेटी के साथ बैठक की। इसके बाद आनन-फानन में वे दिल्ली पहुंचे। यहां उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि दोनों के बीच कई राजनीतिक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। हालांकि क्या चर्चा हुई फिलहाल इस पर वे कुछ बताने से बच रहे हैं। देर शाम न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि विपक्ष भ्रम फैला रहा है। विपक्ष की तरफ से एक बार फिर से मेरी पार्टी और सांसदों को लेकर साजिश को हवा देने की कोशिश की जा रही है। ये ठीक उसी तरह है, जैसा 2021 में रची गई थी।

### हम मजबूती से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे हैं

आज की तारिख में मजबूती से जिस तरीके से लोजपा(आर) न केवल चुनाव लड़े, बल्कि 100 पर्सेंट स्ट्राइक रेट से सभी की सभी 5 सीटें जीतने में कामयाब रहे। मेरी पार्टी का एक-एक सांसद पूरे समर्पण भाव से बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट को धरातल पर उतारने की सोच के साथ काम कर रहा है। हमारे सामने बड़ा लक्ष्य है 2025 का विधानसभा चुनाव। उस दिशा में पूरी पार्टी एकजुटता से लगी हुई है। जो लोग सोचते हैं कि पार्टी में इस तरह की टूट हो।

### राजद ने टूट का दावा किया था

दरअसल, पिछले दो दिनों से राजद के विधायक और पार्टी नेताओं की तरफ से एलजेपी(आर) में टूट का दावा किया जा रहा था। राजद के नेता सार्वजनिक तौर पर ये कह रहे थे कि पार्टी के तीन सांसद बीजेपी के संपर्क में हैं। बीजेपी इन्हें तोड़ने की प्लानिंग पर काम कर रही है।

### पारस और शाह की मुलाकात ने बढ़ाया सस्पेंस

टूट की खबरों के बीच अचानक 27 अगस्त को गृह मंत्री अमित शाह और चिराग पासवान के चाचा रालोजपा नेता पशुपति पारस के बीच मीटिंग हुई थी। इसके बाद चिराग पासवान को लेकर सस्पेंस बढ़ गया था। शाह से मुलाकात के बाद पशुपति पारस लगातार कह रहे हैं कि गृह मंत्री ने उन्हें भरोसा दिया है कि विधानसभा चुनाव में लोकसभा की तरह नहीं होगा। सही हिस्सेदारी दी जाएगी।

# बिहार के नए डीजीपी का पैतृक गांव गोपालपुर नेउरा जश्न में डूबा



**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** नए डीजीपी बने आलोक राज ने बिहार पुलिस के मुखिया के रूप में कमान थाम ली है। इस उपलब्धि से जीडीपी के पैतृक गांव में जश्न का माहौल है। वे मुजफ्फरपुर जिले के सरैया प्रखंड के गोपालपुर नेउरा गांव के मूल निवासी हैं। पुलिस प्रमुख बनने की जानकारी मिलते ही गांव में लोगों ने आतिशबाजी की। एक-दूसरे को मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। पड़ोसी व सरैया के पूर्व प्रमुख मो. उमर अंसारी ने बताया कि वर्तमान में आलोक राज का पूरा परिवार पटना के कंकड़बाग कॉलोनी में रहता है। हालांकि गांव में नियमित आना-जाना लगा रहता है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार करीब छह महीने पहले मोतिहारी से लौटने के क्रम में गांव आए थे। लोगों ने बताया कि आलोक राज के पिता परमेश्वर प्रसाद सांख्यकी विभाग में निदेशक रहे हैं। रिटायर होने के बाद हर माह गांव में आते हैं। आलोक राज की दो संतानों में एक पुत्र व एक पुत्री है। बेटा सुप्रीम कोर्ट में वकील है। बेटी अमेरिका में रहकर पढ़ाई कर रही है। हाल ही में बेटी के एमबीए के डिग्री समारोह में भाग लेने के लिए आलोक राज व उनके पिता के साथ ही परिवार के अन्य सदस्य अमेरिका गए थे।

### ससुर भी रह चुके डीजीपी

आलोक राज के ससुर डीएन सहाय (दिनेश नंदन सहाय) भी राज्य के डीजीपी रह चुके हैं। उमर अंसारी के मुताबिक आलोक राज की शादी के समय उनके ससुर डीजीपी के पद पर आसीन थे। सेवानिवृत्त होने के बाद छत्तीसगढ़ व त्रिपुरा के राज्यपाल भी रहे थे। करीब छह साल पहले उनका निधन हो गया था।

### ग्रामीणों ने केंद्र और राज्य सरकार के प्रति जताया आभार

गोपालपुर नेउरा गांव के बेटे आलोक राज को डीजीपी बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने बैठक कर केंद्र व राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। पूर्व प्रमुख मो. उमर अंसारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में रमण लाल, शिव भगत, सरपंच रेणु देवी, मोहन राय, मो. मुमताज, राजेंद्र पासवान, प्रो. समीउल कादरी, मो. सत्तार, मो. शमीम, मुकेश भगत, हरिशचंद्र पासवान व अन्य मौजूद रहे। शुक्रवार को आलोक राज ने राजविंदर सिंह भट्टी से विधिवत बिहार के डीजीपी का प्रभार ले लिया। हालांकि उन्हें कार्यकारी डीजी बनाया गया है। कमान थामने के बाद वे एक्शन में आ गए हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य का आम जनता के लिए उनके कार्यालय के द्वार हमेशा खुले हैं। विधि व्यवस्था के सुचारु संधारण के लिए डीजीपी ने अपने सभी अफसरों को 6 %स% का टिप्स दिया है। कहा है कि पुलिस समय पर संवेदनशीलता और सख्ती के साथ सार्थक कार्रवाई करे। सत्यनिष्ठा पुलिस की कार्यशैली का आवश्यक अंग होना चाहिए और स्पीडी ट्रायल से अपराधियों को सजा दिलाना चाहिए।

### टीटीई ने चलती ट्रेन में महिला से की छेड़खानी

**गया, एजेंसी।** पटना-धनबाद गंगा दामोदर एक्सप्रेस में सफर के दौरान टीटीई पर महिला से छेड़खानी का आरोप लगा है। ट्रेन में ड्यूटी पर तैनात टीटीई को एस्कार्ट टीम ने हिरासत में ले लिया। पीड़ित महिला यात्री के लिखित

# बिहार के नए मुख्य सचिव बनाए गए आईएएस अमृतलाल मीणा

### 1989 बैच के आईएएस ऑफिसर हैं



सितंबर 2021 केंद्रीय प्रतिनियुक्ति

में अपनी सेवा दी। आज सीएम

# कवि सुभाष गुप्ता की कविताओं में देशभक्ति के इश्क का रंग सबसे गहरा

निज संवाददाता

**पटना।** भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी तथा युवा कवि-शायर सुभाष गुप्ता की नई पुस्तक अनवरत इश्क का लोकार्पण एवं पुस्तक विमर्श कार्यक्रम का आयोजन बिहार खादी मॉल सभागार में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री किसान चाची राजकुमारी देवी, टिकुली आर्ट के वरिष्ठ पेंटर पद्मश्री अशोक विश्वास सहित शहर के प्रमुख बुद्धिजीवी लेखक कलाकार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक सांस्कृतिक संस्था सामयिक परिवेश और नवगीतिका लोक रसधार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत और विषय प्रवेश करते हुए सामयिक परिवेश की राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार ममता मेहरोत्रा ने कहा कि सुभाष गुप्ता विदेश सेवा में रहने के साथ-साथ रचनात्मक



गतिविधियों से लगातार जुड़े रहे हैं। अनवरत इश्क उनकी तीसरी पुस्तक है। इससे पहले अनवरत सफर और अनवरत मौसम के माध्यम से वह साहित्यिक जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। तुर्की सूडान और आस्ट्रिया सहित अनेक देशों में काम कर चुके सुभाष गुप्ता सूरीनाम में भारत के राजदूत नामित किए गए हैं। मूलतः बिहार के रहने वाले सुभाष गुप्ता के सूरीनाम में भारत के राजदूत नामित किए जाने से पूरे बिहार का गौरव बढ़ा है। कार्यक्रम में कवि सुभाष गुप्ता ने अपने तीसरे कविता संग्रह अनवरत इश्क की कई कविताओं का पाठ किया जिनमें उन्होंने इश्क के अलग-अलग रंग बिखेरे। देश की माटी से जुड़ी कविताओं में जो इश्क का रंग दिखा उसे पर श्रोताओं ने सबसे ज्यादा वाहवाही की।

होठों पर कौमी तराने
हर दिल में ईमान रखते हैं
हमवतन सर पे कफन
हाथों में जान रखते हैं।
फख्र है जमहूरियत के
सालगिरह के जश्न का
हरदम मंजिलों पर
तिरंगा का निशान रखते हैं।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कवयित्री भावना शेखर ने कहा कि सुभाष गुप्ता की रचनाएं देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हैं। उन्होंने देश का परचम धरती के हर कोने में लहराया है। उनकी कविताओं में इसके कई रंग है लेकिन देशभक्ति का रंग सबसे ज्यादा गहरा है। किसान चाची ने कहा कि सुभाष गुप्ता जी ने बिहार का नाम रोशन किया है। वरिष्ठ साहित्यकार शिवदयाल ने भी कवि सुभाष गुप्ता को उच्च कोटि का रचनाकार बताया। पद्मश्री अशोक विश्वास ने कहा कि काव्य कला है या चित्रकला, अभिव्यक्ति के ये सशक्त माध्यम हैं। दूसरा सत्र कविताओं को समर्पित रहा। डॉ शिवनारायण की अध्यक्षता और सिद्धेश्वर के संचालन में आयोजित काव्य गोष्ठी में समीर परिमल, नसीम अख्तर, रूबी भूषण,मधुकर मिश्रा, ममता राज प्रिया, पंकज प्रियम, राहुल कुमार, निशांत, अविनाश बंधु, आदि ने अपनी कविताओं का पाठ किया।

### रिटायर्ड होमगार्ड जवान के पैकेट से बदमाशों ने उड़ाया जेवर

**गया, एजेंसी।** गुरुआ बाजार के एक आभूषण दुकान में शुक्रवार को बैठे एक रिटायर्ड होमगार्ड जवान के पैकेट से दो बदमाशों ने करीब 25 हजार रुपये के जेवर उड़ा लिया। पूरी घटना दुकान में लगी सीसीटीवी में कैद हो गई। कोच थाना के केरकी गांव के सेवानिवृत्त जवान शक्ति कुमार सिंह ने बताया कि वे अपनी बेटी का जेवर गुरुआ बाजार के एक आभूषण दुकान में गिरबी के रूप में रख दिया था। जिसे छुड़ा कर अपने पैकेट में रख दुकान में बैठा था। कुछ देर बाद पैकेट में हाथ डाला तो जेवर गायब था। इसके बाद दुकान में लगे सीसीटीवी में देखा तो दो किशोर संदिग्ध अवस्था में बुजुर्ग के पास देखे गए।

सह पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम हुआ। प्रधानाचार्य डॉ. शंभू कुमार यादव ने कहा कि वृक्ष जीवन का मूलभूत आधार है। पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रत्येक नागरिक को प्रति वर्ष कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए। उन्होंने छात्र- छात्राओं से कहा कि प्रत्येक छात्र को अपने जन्मदिन

सचेत नहीं हुए तो जनजीवन बुरे दौर से गुजरेगा। पेड़-पौधे हमारे वास्तविक हितैषी एवं जीवन रक्षक हैं, क्योंकि इनसे हमें प्राण वायु के रूप में शुद्ध ऑक्सीजन मिलता है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके कार्यक्रमों में शामिल होने से

रक्षा में और सहयोग होगा कि अपने जन्मदिन और शादी-विवाह के अवसर पर अपने माता-पिता के नाम से भी पौधरोपण किया जाए। कार्यक्रम पदाधिकारी द्वितीय डॉ. कुमार नरेंद्र नीरज ने पर्यावरण एवं वन की उपयोगिता के बारे में बृहद जानकारी दी।

# बोतल पुरानी शराब नई, जेल से छूटे माफिया कर रहे नकली दारू का कारोबार



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर समेत बिहार के विभिन्न जिलों में नकली शराब का धंधा बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। जेल से छूटे माफिया नकली शराब बनाकर उसको ब्राडेंड कंपनियों के बोतल पैककर सप्लाई कर रहे हैं। उत्पाद विभाग ने मुजफ्फरपुर के ऐसे 20 बड़े माफिया की सूची तैयार कर लिया है और उन पर नजर बनाए हुए है। उत्पाद इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि अहियापुर के शेखपुर ढाब से गिरफ्तार माफिया पप्पू सहनी पूर्व में शराब मामले में जेल जा चुका है। जेल से छूटने के बाद वह फिर उस धंधे में जुट गया था। सीएम नीतीश कुमार के आदेश पर बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू है। उत्पाद विभाग की जांच में पता चला है कि कई माफिया जेल से छूटने के बाद फिर से शराब के धंधे लग गए हैं। इसको लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इनको पकड़ने के लिए ड्रोन कैमरे और शराब ढूंढ़ने वाले खोजी कुत्तों के साथ टीम तैयार की गई है। इस टीम का काम नकली देसी व विदेशी शराब बनाने वाली जगह को तलाश कर सूचित करना है। जिले के दियारा क्षेत्रों में इसको लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। जांच में यह भी पता चला है कि कई शराब माफिया दूसरे राज्यों में रहकर वहां से शराब की सप्लाई कर रहे हैं। उनका भी डाटा तैयार किया जा रहा है। स्प्रिट और शराब उतारने के हैं कोड वर्ड उत्पाद इंस्पेक्टर ने बताया कि माफिया शराब को अलग-अलग नाम से कोड करते हैं। उसके लिए उन्होंने कोड वर्ड तैयार कर रखा है। स्प्रिट व देसी शराब को कोड वर्ड में पानी कहा जाता है। वहीं, शराब की खेप को उतारने के लिए ट्रक कट रहा है, यह कहा जाता है। ताकि, स्थानीय ग्रामीण या लोगों को समझ नहीं आ सके। जिले के अहियापुर, मनियारी समेत बूढ़ी गंडक के दियारा इलाकों में सबसे अधिक नकली शराब बनाने वाले माफिया सक्रिय हैं। इसके अलावा कांटी, सदर, मोतीपुर, हथौड़ी, मीनापुर समेत विभिन्न थाना क्षेत्रों में भी नकली शराब बनाने कारोबार चल रहा है। दो दिन पहले ही उत्पाद की टीम ने अहियापुर के शेखपुर ढाब से नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा किया था। चार महीने पहले पुलिस ने कल्याणपुर हरौना गांव में छापेमारी कर देसी शराब फैक्ट्री बनाने के अड्डे को ध्वस्त कर एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया था। वर्ष 2021 में मोतीपुर पुलिस ने मोरसंडी में छापेमारी कर देसी शराब की मिनी फैक्ट्री पकड़ी थी। अप्रैल 2021 में मीनापुर के धारपुर गांव में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा किया था।

### हाइवे को छोड़कर ग्रामीण सड़कों से मंगवा रहे शराब

उत्पाट इंस्पेक्टर ने बताया कि शराब माफिया हाइवे को छोड़कर ग्रामीण सड़कों से शराब मंगवा रहे हैं। जिले के सात चेकपोस्ट पर प्रत्येक छोटी-बड़ी गाड़ियों की जांच की जाती है। इसके अलावा, अलग-अलग टीमें ग्रामीण इलाकों में भी सर्च अभियान चला रही हैं। ताकि, शराब माफिया पर नकेल कसी जा सके।

### हर्षोल्लास के साथ बाबा गणिनाथ गोविंद जी पूजनोत्सव शुरू

**मुजफ्फरपुर।** पोखरैरा स्थित बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज का 26वां पूजनोत्सव शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ शुरू हो गया। पोखरैरा पलवैया धाम स्थित मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक चलता रहा। रात में विधि-विधान के साथ बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज का नेवतन 14 देव का फल, फूल, मिष्ठान के साथ किया गया। नेवतन पूजा में गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पुजारी कृष्णा देवी, पूजा समिति के हरेंद्र साह, विजय कुमार गुप्ता, सोनू कुमार गुप्ता, महेश साह, गणेश रंजन आदि ने बताया कि शनिवार को बाबा का पूजा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या

**दुमका, एजेंसी।** दुमका। प्रतिनिधि कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न प्रखंड से जनता दरबार में आए आमजनों की समस्याओं को सुना। उन्होंने आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को जल्द से जल्द नियमानुसार तरीके से निष्पादित करने का निर्देश दिया।ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को उपायुक्त जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनकर निराकरण करते हैं।

### करियातपुर में विद्यालय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों पर बुलडोजर कार्रवाई

**हजारीबाग, एजेंसी।** बरही के करियातपुर उत्क्रमित उच्च विद्यालय परिसर का अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ प्रशासन का बुलडोजर चला। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई बरही एसडीओ के निर्देश पर किया गया। अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई में अंचल निरीक्षक रितलाल रजक, अंचल अमीन चेतलाल यादव, बरही थाना के एसआई सुमित साव एवं सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे। उत्क्रमित उच्च विद्यालय करियातपुर के प्रधानाध्यापक ने विद्यालय परिसर की भूमि जो जिला परिषद की भूमि है पर अतिक्रमण करने की शिकायत की थी। अतिक्रमण के कारण विद्यालय की चारदीवारी नहीं बन पा रही थी। प्रशासन की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से आधा दर्जन से अधिक दुकानदारों ने उनकी रोजी रोटी की समस्या को दूर करने के लिए स्थल आवंटित करने की मांग की है।

### डेंगू के दो नये मरीज मिले, एसएनएमएमसीएच में चल रहा इलाज

**धनबाद, एजेंसी।** शुक्रवार को डेंगू के नए दो नये मरीज मिलने की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है. एसएनएमएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में हुई एलाइजा जांच में दो मरीज डेंगू पॉजिटिव पाये गये हैं. इसमें 11 वर्षीय किशोर मो. आशिफ व 16 वर्षीय मुन रजक शामिल हैं. मो. आशिफ का इलाज एसएनएमएमसीएच के पेडियाट्रिक विभाग में चल रहा है. वहीं बुखार से पीड़ित होने के बाद मुन रजक को अस्पताल के मेडिसिन विभाग में भर्ती कराया गया था. चिकित्सकों की सलाह पर दोनों की एलाइजा जांच करायी गयी थी. एसएनएमएमसीएच की ओर से डेंगू के दो नये मरीज मिलने की सूचना जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दे दी गयी है. स्वास्थ्य विभाग डेंगू पॉजिटिव मिले दोनों मरीजों के घर व आस-पास के इलाकों में कंटेनर सर्वे चलायेगा. बता दें कि जिले में डेंगू के मामले में तेजी से बढ़ रहे हैं. धनबाद में अबतक डेंगू के 24 मरीज मिले चुके हैं. जबकि, न्यू स्टेशन कॉलोनी निवासी रेलकर्मी के 14 वर्षीय पुत्र की मौत डेंगू की चपेट में आकर हो चुकी है.डेंगू से ऐसे करें बचावडेंगू एक गंभीर बीमारी है जो एडीज इजिप्टी मच्छर के काटने से फैलती है. डेंगू से बचाव के लिए आप यह उपाय कर सकते है. घर व आसपास मच्छरों को पनपने से रोकें. मच्छरदानी का उपयोग करें. मच्छर भगाने वाली क्रीम या लोशन का करें इस्तेमाल, पूरे कपड़े पहनें, घर को साफ रखें, आसपास पानी जमा न होने दें, लंबे समय से बुखार हो तो वायरस की जांच कराएं, डॉक्टर की सलाह लें, पर्याप्त आराम करें, ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ पीयें.

### आठ घंटे इंतजार के बाद भी नहीं पहुंची 108 वेंटिलेटर एंबुलेंस

**धनबाद, एजेंसी।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) में 50 वर्षीया महिला मरीज शुक्रवार को निःशुल्क 108 वेंटिलेटर एंबुलेंस सेवा के इंतजार में घंटों तड़पती रही. गंभीर स्थिति में अस्पताल के इमरजेंसी में इलाजरत उक्त महिला को रिम्स रेफर किया गया था. वहां ले जाने के लिए वेंटिलेटर युक्त एंबुलेंस की जरूरत थी. परिजन आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण 108 वेंटिलेटर एंबुलेंस सेवा का इंतजार कर रहे थे. लगभग आठ घंटे तक इमरजेंसी के एसआइसीयू में सरायढेला के नूतनडीह निवासी उक्त महिला निःशुल्क एंबुलेंस का इंतजार करती रही, लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंची. इसके बाद परिजन 10 हजार रुपये किराया देकर दूसरे एंबुलेंस से महिला को रिम्स ले गए.

# किसी ने छेड़ा तो छोड़ेंगे नहीं, चंपाई के भाजपा में शामिल होते ही शिवराज ने दे डाली चेतावनी



**रांची, एजेंसी।** भाजपा के अभिनंदन सह मिलन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने से प्रदेश भाजपा उत्साहित है। शुक्रवार की दोपहर खचाखच भरे शाखा मैदान में चंपाई सोरेन पहुंचे तो जबरदस्त नारेबाजी, ढोल-नगाड़ों और नृत्य के साथ उनका स्वागत किया गया। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश चंपाई सोरेन को उनके आवास से लेकर सीधे शाखा मैदान पहुंचे।

कार्यक्रम की शुरुआत शिवराज सिंह चौहान के भाषण से हुई। शिवराज ने संबोधन की शुरुआत टाइगर अभी जिंदा है... के साथ की। उन्होंने कहा कि चंपाई ने दलालों की दलाली रोकी, इसलिए सबके आंखों का कांटा बन गए, इसलिए हटाया गया। नियुक्ति पत्र बांटने से रोका गया। इसलिए टाइगर ने कहा-अब किसी ने छेड़ा तो छोड़ेंगे नहीं।

उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन वह नेता हैं, जिन्होंने झारखंड के लिए कई कुर्बानियां दीं। चंपाई सोरेन जैसे नेताओं की बदौलत ही अटल जी ने झारखंड की स्थापना की। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ये चंपाई नहीं हैं, ये आंधी हैं। इन्होंने झामुमो को सींचा, लेकिन पति और पत्नी की पार्टी बन चुका झामुमो ने चंपाई सोरेन का अपमान किया। शिवराज ने कहा कि जब कोविड में जनता परेशान थी, वे ट्विटर के माध्यम से जनता की सेवा में लगे थे।

**तीर-धनुष को अपना समझ लिया, उस पर मेरे पति का हक था- सीता सोरेन**

शिबू सोरेन की पुत्र वधु सीता सोरेन ने कार्यक्रम में कहा कि सीएम अपने-आप को शेर समझ रहे हैं, लेकिन वह कहां के शेर हैं। तीर-धनुष को उन्होंने अपना समझ लिया है। उस पर उनके पति का हक था। इन्होंने उस पर कब्जा किया। सीता सोरेन ने कहा कि तीर-धनुष से धरती पुत्रों को डराया जा रहा है। सीता सोरेन ने कहा कि हमारे चाचा चंपाई सोरेन का अपमान होगा, ये सोचा भी नहीं था। लेकिन सीएम ने पहले नारी का अपमान किया। वो महिलाओं का असम्मान करते हैं। मैने 14 साल अपमान सहा। अब नहीं सहा गया, इसलिए घर छोड़ा। उन्होंने घर छोड़ने को मजबूर किया। ये ना घर की पार्टी रही, ना बाहर की पार्टी रही। सिर्फ इस पार्टी में एक आदमी का शासन है। पार्टी के बड़े लीडर टूट रहे हैं और लोग लाइन में हैं। लोग अलग होंगे, इस पार्टी को अलविदा कहेंगे, क्योंकि वहां सम्मान नहीं है। आदिवासी-मूलवासी से किया वादा पूरा नहीं किया। अब कमल फूल आएगा। डबल इंजन की सरकार बनेगी, तभी भला होगा।

**आदिवासी मूलवासी का दर्द समझती है भाजपा :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में किसी भी दिन चुनाव की घोषणा हो जाएगी। हेमंत सोरेन सरकार में दलालों, बिचौलियों, भ्रष्ट अफसरों का पूछ रहा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार को हटाने व झारखंड की रक्षा के लिए झामुमो छोड़ चंपाई व सीता सोरेन भाजपा में आए हैं। अब इस सरकार के हाथ में सत्ता रही तो झारखंड नहीं बचेगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दो-ढाई महीने के बाद भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनेगी। भाजपा आदिवासी और मूलवासी का दर्द जानती है। कांग्रेस ने कभी झारखंड राज्य नहीं बनाया। भाजपा की केंद्र में सरकार बनी तो झारखंड राज्य भी बना। आदिवासी के लिए अलग मंत्रालय बना। पहली बार बिरसा जयंती पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के तौर पर मनाया गया। आदिवासी संताली बहन को सर्वोच्च राष्ट्रपति के पद पर भाजपा ने बैठाया। संताली को आठवीं अनुसूची में शामिल किया है। भाजपा के दिलों में आदिवासी, मूलवासी बसते हैं। इनका विकास भाजपा कर सकती है, कांग्रेस पार्टी ने आदिवासियों को लूटा है। अब जेएमएम भी लगा है। कांग्रेस के वक्त विस्थापित को लाभ नहीं मिला। संकल्प लेकर जाएं कि भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनाएं।

अभिनंदन समारोह में असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व आईजी प्रभात कुमार को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि छह माह से चंपाई सोरेन की जासूसी करायी जा रही थी। सरमा ने कहा कि दो माह बाद भाजपा की सरकार आएगी, तब इस मामले में आईजी प्रभात कुमार को जवाब देना होगा। हिमंता ने कहा कि अपने पिता के साथ काम करने वाले की जासूसी हेमंत सोरेन ने करायी।

उन्होंने कहा कि उनके पास सारा साक्ष्य भी मौजूद है। वक्त आने पर हिसाब मांगा जाएगा।मिलन समारोह में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, गीता कोड़ा, मधु कोड़ा, दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, समीर उरांव, सांसद विद्युतवरण महतो, गणेश महली समेत अन्य गणमान्य नेता मौजूद थे।

## एसएनएमएमसीएच : वार्ड में बेड खाली नहीं होने पर वृद्धा को इमरजेंसी के बरामदे में चढ़ायी गयी स्लाइन



**रांची, एजेंसी।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) के विभिन्न वार्डों में बेड पिछले तीन दिनों से फुल हैं. ऐसे में अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. विभिन्न बीमारियों से ग्रसित होकर अस्पताल के इमरजेंसी पहुंच रहे मरीजों को बेड खाली होने का घंटों इंतजार करना पड़ रहा है. शुक्रवार को भी इस्पताल के इमरजेंसी में यही स्थिति बनी रही. बेड खाली नहीं होने के कारण निरसा के केलियासोल से आयी 82 वर्षीय वृद्धा परमिला मंडल का इलाज इमरजेंसी के बरामदे में शुरू करना पड़ा. स्ट्रेचर पर वृद्धा को रखकर दवा दी गयी और स्लाइन चढ़ायी गयी. दोपहर बाद मेडिसिन विभाग में बेड खाली होने पर उन्हें वार्ड में शिफ्ट किया गया.अस्पताल के मेडिसिन, ऑर्थो व सर्जरी विभाग के सभी बेड पिछले तीन दिनों से फुल है. मेडिसिन विभाग के 210 बेड के अलावा सर्जरी के 120 व ऑर्थो के 140 बेड मंगलवार से ही भरे हुए हैं. इस वजह से इमरजेंसी में मरीजों का दबाव बढ़ गया है. इमरजेंसी में व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गयी है. पहले से अस्पताल में भर्ती मरीजों की छुट्टी होने पर दूसरों को बेड मिल पा रहा है.

## मुआवजे की मांग को लेकर रैयतों ने सीपीआई का झंडा गाड़कर कार्य रोका

**बोकारो, एजेंसी।** भारतमाला परियोजना फेज वन के तहत जरीडीह अंचल के बांधडीह मौजा में शुक्रवार को मुआवजा भुगतान की मांग को लेकर रैयतों ने सीपीआई का झंडा गाड़कर सड़क निर्माण कार्य रोक दिया। रैयतो के जोरदार विरोध के बाद सड़क निर्माण कार्य कर रही कंपनी ने उक्त स्थान से मशीन हटा लिया है। जानकारी देते रैयत बैधनाथ महतो, सुरेश कुमार महतो व श्यामल मंडल ने बताया कि अधिग्रहित भूमी को लेकर कृषि को आवासीय भुगतान के लिए वर्ष 2017 में अपर समाहर्ता सह आर्बिट्रेटर बोकारो ने बांधडीह में कुल 9 पंचायटी को आवासीय भुगतान के लिए लगभग दो करोड़ पांच लाख का भुगतान एनएचआई को करने का निर्देश दिया गया है। सात साल पारित आदेश के बाद भी एनएचआई ने भुगतान नहीं किया है। एनएचआई ने भुगतान नही करने का मामले पर हाई कोर्ट रांची झारखंड में विचाराधीन है।

## रेलवे में यूनियनों की मान्यता के लिए चुनाव चार, पांच व छह दिसंबर को

**रांची, एजेंसी।** रेलवे में यूनियनों की मान्यता का चुनाव की तिथि शुक्रवार को जारी कर दी गयी है. सीक्रेट बैलेट इलेक्शन कमेटी के कन्वीनर व मेंबर सेक्रेटरी राजीव गांधी ने नोटिफिकेशन जारी किया है. चार, पांच और छह दिसंबर को चुनाव होगा. 12 दिसंबर को मतगणना होगी. चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद यूनियनों की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है. 2013 में हुए यूनियन चुनाव के बाद अब फिर चुनाव की घोषणा हुई है. इससे पहले 2019 में भी यूनियन चुनाव की घोषणा हुई थी. मतदाता सूची भी तैयार होने के साथ ही चुनाव की तिथि भी तय गयी थी. फिर अचानक चुनाव स्थगित कर दिया गया. वर्ष 2020 से कोरोना काल शुरू होने के कारण चुनावी प्रक्रिया लंबित रही. अब रेलवे बोर्ड ने यूनियन मान्यता को सीक्रेट बैलेट इलेक्शन की मतदाता सूची जारी करने का आदेश जारी किया है.एक समान ÷÷÷÷ड्राफ्ट मतदाता सूची÷÷÷÷ (डीवीएल) 23 सितंबर को जारी होगी. डीवीएल के खिलाफ अभ्यावेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एक अक्तूबर है. 18 अक्तूबर को अंतिम मतदाता सूची अपलोड की जायेगी. 25 अक्तूबर को नामांकन दाखिल करना है. 11 नवंबर को नामांकन की जांच की अंतिम तिथि होगी. नामांकन प्रदर्शित करने की अंतिम तिथि 11 नवंबर की शाम 6 बजे बाद होगी.

# 8 मेमू ट्रेनों की जगह चलेंगी 4 ट्रेनें, पूर्व रेलवे ने क्यों किया ट्रेनों का विलय



**रांची, एजेंसी।** पूर्व रेलवे ने एक बड़ा फैसला लिया है. कहा है कि 3 सितंबर से 8 मेमू ट्रेनों को 4 सुव्यवस्थित ट्रेन सेवाओं में विलय करने का निर्णय लिया है. यह जानकारी आसनसोल रेल मंडल की ओर से दी गयी है. पूर्व रेलवे ने कहा है कि इस विलय का उद्देश्य प्रमुख गंतव्यों के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करना है, जिससे समग्र यात्रा अनुभव में वृद्धि होगी.

03533 बर्दवान-आसनसोल मेमू पैसेंजर और ट्रेन संख्या 03675 आसनसोल-झाझा मेमू पैसेंजर का विलय करते हुए ट्रेन संख्या 03533 बर्दवान-झाझा मेमू पैसेंजर का गठन किया जायेगा. नयी मेमू ट्रेन बर्धमान से सुबह 07ः30 बजे रवाना होगी और 12ः55 बजे झाझा पहुंचेगी. दुर्गापुर, अंडाल और रानीगंज को छोड़कर विभिन्न स्टेशनों पर इस नयी ट्रेन के मौजूदा ठहराव समय में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा.

03519 बर्धमान-आसनसोल मेमू पैसेंजर और ट्रेन नंबर 03596 आसनसोल-बोकारो स्टील सिटी मेमू पैसेंजर को मिलाकर ट्रेन नंबर 03519 बर्धमान-बोकारो स्टील सिटी मेमू पैसेंजर बनाया गया है. यह नयी मेमू ट्रेन बर्धमान से दिन में 15ः35 बजे रवाना होगी और रात को 23ः56 बजे बोकारो स्टील सिटी पहुंचेगी. दुर्गापुर, अंडाल और रानीगंज को छोड़कर विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव समय में कोई बदलाव नहीं होगा.

03676 झाझा-आसनसोल मेमू पैसेंजर और ट्रेन नंबर 03548 आसनसोल-बर्धमान मेमू पैसेंजर को मिलाकर ट्रेन नंबर 03676 झाझा-बर्धमान मेमू पैसेंजर का गठन किया जायेगा. यह नयी मेमू ट्रेन झाझा से 13ः20 बजे रवाना होगी और 18ः45 बजे बर्धमान पहुंचेगी. विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव समय में कोई बदलाव नहीं होगा.

03595 बोकारो स्टील सिटी-आसनसोल मेमू पैसेंजर तथा ट्रेन संख्या 03514 आसनसोल-बर्धमान मेमू पैसेंजर को मिलाकर ट्रेन संख्या 03595 बोकारो स्टील सिटी-बर्धमान मेमू पैसेंजर का गठन किया जायेगा. यह नयी मेमू ट्रेन बोकारो स्टील सिटी से 03ः30 बजे रवाना होगी तथा 11ः00 बजे बर्धमान पहुंचेगी. इसका भी ठहराव समय अपरिवर्तित रहेगा.

भारतीय रेलवे देश भर में हजारों ट्रेनें चलाती है. कई बार किसी रूट पर जब रेलवे को नुकसान होने लगता है, तो कुछ ट्रेनों को बंद कर दिया जाता है. कई बार रेलवे की ओर से कहा जाता है कि 2 या 3 ट्रेनों की जगह 1 ही ट्रेन चलाई जाएगी. इसे रेलवे 3 ट्रेनों का विलय कहता है. यानी 3 ट्रेन की जगह 1 ट्रेन ही चलेगी.

पूर्व रेलवे ने मेमू 8 ट्रेनों का विलय करके 4 ट्रेनें चलाने का फैसला किया है. कहा है कि इसका उद्देश्य यात्रियों के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करना है. इसे यात्रियों को सुखद अनुभूति होगी.

# सरकार के धोखे से निराश हैं लोग : आजसू

**रांची, एजेंसी।** आजसू पार्टी ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार की विफलता और धोखे से राज्य के लोग निराश हैं। जन जागरण पदयात्रा से पार्टी नेता सरकार की वादाखिलाफियों के बारे में लोगों को अवगत करा रहे हैं। शुक्रवार को भी कई विधानसभा क्षेत्रों में वहां के विधानसभा प्रभारियों और पदाधिकारियों ने जागरण पदयात्रा निकाली।

पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि लुभावने नारों और झूठे वादों की सीढ़ियां चढ़कर हेमंत सरकार सत्ता के शिखर पर पहुंची है। वर्ष 2019 की चुनावी सभा में इन्होंने बड़े-बड़े वादे किए। लोकलुभावने नारों के भ्रमजाल में राज्य की जनता को ठगा। राज्य की तीन करोड़ जनता इस भ्रष्ट और विभिन्न घोटालों की जनक सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।




**मांडू में चूल्हा प्रमुख सम्मेलन आज :** पार्टी की ओर से मांडू विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को होगा। मांडू प्रखंड के तरवा टांड़, मुरपा, कुज्जू में यह कार्यक्रम होगा। मौके पर सभी चूल्हा प्रमुख पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो की उपस्थिति में अपने शपथ ग्रहण करेंगे।

## उत्पाद सिपाही की बहाली के दौरान हुई मौत के लिए पलामू सांसद बीडी राम ने हेमंत सरकार को बताया जिम्मेदार, रखी ये मांग

**पलामू, एजेंसी।** पलामू में उत्पाद सिपाही की बहाली दौरान तीन अभ्यर्थियों की मौत पर सांसद बीडी राम ने हेमंत सोरेन को कटघरे में खड़ा किया है. उन्होंने इस मौत के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया है. इसके लिए वर्तमान सरकार जिम्मेदार है. उन्होंने मांग की है कि मृतकों के परिजनों को मुआवजा दी जाए.



पलामू से बीजेपी सासंद विष्णु दयाल राम ने आगे कहा कि बहाली प्रक्रिया के दौरान लापरवाही बरती जा रही है. भीषण गर्मी के बीच ये बहाली हो रही है तो मौत होगी ही. सरकार या तो बहाली तत्काल के लिए बंद करें या फिर इसकी प्रक्रिया में बदलाव लाएं. सांसद ने उत्पाद सिपाही बहाली की प्रक्रिया और सरकार की मंशा को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े किये हैं. उन्होंने कहा कि सरकार गलत वक्त पर भारी कुव्यवस्था के साथ बहाली ले रही है. बीजेपी के इस नेता ने सवाव पूछा है कि आखिर नियुक्ति को लेकर इतनी हड़बड़ी क्यों है.

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने सरकार से मांग की है कि वे मृतक के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा दें. सरकार को तत्काल बहाली की प्रक्रिया रोककर इसकी समीक्षा करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि बहाली की प्रक्रिया सुबह या शाम में भी ली जा सकती है. चियांकि हवाई अड्डा बहाली के लिए सही जगह नहीं है. लापरवाही की वजह से युवाओं की जान जा रही है.

# डीएवी कोयला नगर की 10 बसों पर लगा 70 हजार रुपये जुर्माना




**धनबाद, एजेंसी।** जिला परिवहन विभाग की ओर से शुक्रवार को डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला के नगर परिसर में स्कूल बसों की जांच की गयी. इस दौरान 10 बसों पर 70 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया. जांच अभियान डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी व एमवीआइ अभय कुमार थे. इन्होंने बताया कि बताया कि उपायुक्त माधवी मिश्रा ने धनबाद के सभी स्कूलों के वाहनों के पेपर तथा वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस जांच करने का निर्देश दिया गया. उसी संबंध में शुक्रवार को डीएवी पब्लिक स्कूल में वाहनों की जांच की गयी. चार वाहनों पर परमिट का उल्लंघन, तीन बस पर पीयूसी फेल व एक बस का फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं होने पर जुर्माना लगाया गया. इसके अलावा कई बसों के चालकों ने वर्दी भी नहीं पहनी थी. इस वजह से भी जुर्माना लगाया गया. स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि वाहनों से संबंधित सभी नियमों का पालन करें, अन्यथा अगली बार बसों को जब्त कर लिया जायेगा. यह अभियान बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर चलाया जा रहा है. इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बरतने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी.

## कारोबारी मेहुल साह अपहरण मामले में 1 गिरफ्तार, पूछताछ में खुलासा- अश्लील वीडियो बना किया गया था ब्लैकमेल

**जमशेदपुर, एजेंसी।** मुंबई के कारोबारी मेहुल साह का अपहरण व 50 लाख रुपये फिरौती के मामले में रांची पुलिस ने शुक्रवार को जमशेदपुर पुलिस के सहयोग से बिरसानगर के त्रिवेणी अपार्टमेंट में छापामारी कर कांड में शामिल बाबू पिल्लै को गिरफ्तार किया. पुलिस ने उसकी निशानदेही पर टेल्को में छापामारी कर अभिषेक सिंह को गिरफ्तार किया. अभिषेक सिंह के पास से पुलिस ने अपहरण में प्रयुक्त पिस्तौल व कारतूस भी बरामद कर लिया. पुलिस इस मामले में एक अन्य आरोपी परसुडीह निवासी इरशाद की तलाश में है. पुलिस को आरोपियों से पूछताछ के दौरान पता चला है कि किडनैपरों ने व्यवसायी का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी है.रांची पुलिस ने इस मामले में साजिशकर्ता कदमा की श्वेता, पति और उसके प्रेमी (जयपुर निवासी) के अलावा चाईबासा से दो युवकों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है. गिरफ्तार युवकों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि रांची एयरपोर्ट के पास से मेहुल साह का अपहरण करने के बाद उसे बिरसानगर के अपार्टमेंट में लेकर पहुंचे थे.

# आदिवासियों के धर्मांतरण को लेकर झारखंड हाईकोर्ट सख्त, केंद्र व राज्य सरकार को लगायी कड़ी फटकार

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाइकोर्ट ने झारखंड में आदिवासियों के धर्मांतरण को रोकने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की. एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार की ओर से आदेश के बाद भी जवाब दाखिल नहीं करने पर कड़ी नाराजगी जतायी.



झारखंड हाइकोर्ट ने फटकार लगाते हुए मौखिक रूप से कहा ÷ ऐसा प्रतीत होता है कि झारखंड में घुसपैठ के जरिये आदिवासियों के धर्मांतरण का खेल चल रहा है और दोनों सरकारें चुप हैं÷. खंडपीठ ने कहा कि राज्य सरकार को जवाब दायर करने के लिए हमने कई अवसर दिये, लेकिन जवाब दाखिल नहीं हुआ. इस मुद्दे पर केंद्र सरकार भी उदासीन बनी हुई है तथा अपना जवाब दाखिल नहीं कर रही है. लगता है कि केंद्र व राज्य सरकार मिल कर ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर जनता को दिग्भ्रमित कर रही हैं.

यदि सरकार की ओर से जवाब दायर नहीं किया गया, तो कोर्ट जुर्माना भी लगा सकता है. खंडपीठ ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार को शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया. साथ ही खंडपीठ ने इस जनहित याचिका के साथ बांग्लादेशी घुसपैठियों के झारखंड में अवैध प्रवेश को रोकने को लेकर दायर जनहित याचिका को टैग करते हुए दोनों की सुनवाई एक साथ करने का निर्देश दिया. मामले का अगली सुनवाई के लिए खंडपीठ ने पांच सितंबर की तिथि निर्धारित की. इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से समय देने का आग्रह करते हुए बताया गया कि जिलों में धर्मांतरण को लेकर डाटा इकट्ठा किया गया है. इसे शपथ पत्र के माध्यम से शीघ्र दायर कर दिया जायेगा. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने पैरवी की.

उल्लेखनीय है कि प्रार्थी सोमा उरांव ने जनहित याचिका दायर कर झारखंड में हो रहे धर्मांतरण को रोकने की मांग की है. कहा गया कि राज्य में आदिवासियों का धर्मांतरण खुलेआम हो रहा है. आदिवासियों के धर्मांतरण की जांच के लिए सरकार द्वारा एक समिति का गठन किया जाना चाहिए. राज्य में चंगाई सभा के माध्यम से भोले-भाले आदिवासियों को लालच देकर अन्य दूसरे धर्म में लाया जा रहा है.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## राष्ट्रपति की गहरी निराशा

यह एक विरल अवसर है, जब देश की राष्ट्रपति ने बलात्कार और हत्या के मामले पर गहरी निराशा और भय का इजहार किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस महीने की शुरुआत में कोलकाता में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ क्रूर बलात्कार और हत्या के संबंध में अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी की है और उसके बाद देश में सियासी सरगर्मी का बढ़ना तय है। राष्ट्रपति ने ऐसा क्यों किया, इसे लेकर तरह–तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा है कि 'बहुत हो गया।' उन्होंने समाज को 'सामूहिक स्मृतिलोप' का शिकार बताकर झकझोरा है। कोई शक नहीं कि महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा गंभीर मामला है और इसे लेकर खूब राजनीति भी हो रही है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में समाज और शासन के स्तर पर उबाल का माहौल है। जब मामला सर्वोच्च न्यायालय की निगाह में है और सीबीआई भी जांच कर रही है, तब राष्ट्रपति के बयान को तरह–तरह से समझने की कोशिशें हो रही हैं। राष्ट्रपति की टिप्पणी के बाद ममता बनर्जी की शिकायतों का पुलिंदा भी और बढ़ जाएगा। बहरहाल, लोकतंत्र में राजनीति को नहीं रोका जा सकता, लेकिन समाज को अपने स्तर पर राष्ट्रपति के तीखे उद्गार के निहितार्थ को समझना होगा। राजनीति से परे जाकर देखिए, तो ऐसी जघन्य घटनाएं ईमानदार, निष्पक्ष आत्मनिरीक्षण की जरूरत की ओर इशारा करती हैं। यह सही है कि हम अपने कटु अनुभवों को भी भूल जाते हैं। भूलने की बीमारी वाकई चिंता और विमर्श का विषय है। क्या ऐसी घटनाओं के प्रति समाज को सतत जागरूक रखने के लिए कुछ उपाय किए जा सकते हैं? क्या सभी सार्वजनिक स्थलों पर महिला सुरक्षा संबंधी संदेशों को स्थायी रूप से प्रदर्शित करना चाहिए? महिलाओं को जो लोग कमतर या कमजोर समझते हैं, उन्हें अपनी सोच में बदलाव लाना होगा। क्या समाज को कोसने के बजाय राजनीतिक दलों को पहले अपने गिरेबान में नहीं झांकना चाहिए? ऐसे लोग बहुत हैं, जो महिला शोषण की आदत डाले हुए हैं, उन्हें कैसे रेखांकित या चिह्नित किया जाए? राष्ट्रपति ने अगर सामूहिक स्मृतिलोप की निंदा की है, तो अब सरकारों का यह दायित्व है कि वे इस बीमारी का यथोचित इलाज करें। मणिपुर में क्या हुआ था? एक वंचित आबादी ने दूसरी वंचित आबादी का शोषण किया था।

## प्रतिमा का ढह जाना

महाराट्र के सिंधुदुर्ग जिले के राजकोट किले में चंद माह पहले स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची प्रतिमा के धराशायी होने की घटना सिर्फ इसलिए दुखद नहीं है कि यह प्रतिमा हमारे एक महानायक की महान स्मृतियों से जुड़ी थी और इससे भारतीय नौसेना की साख भी जुड़ी हुई थी, बल्कि यह इसलिए भी गंभीर चिंता की बात है कि इससे हमारे सार्वजनिक निर्माण–कार्यों की गुणवत्ता की कलई खुल गई है। गौर कीजिए, इस प्रतिमा के निर्माण पर करीब 3,600 करोड़ रुपये की लागत आई थी और इसी 4 दिसंबर को नौसेना दिवस पर इसका अनावरण किया गया था। यह अच्छी बात है कि महाराष्ट्र सरकार ने और खुद नौसेना ने भी अपने तईं इस घटना की जांच–पड़ताल के लिए टीमें गठित की हैं और इस प्रतिमा के निर्माण से जुड़ी कंपनी के मालिक व संबंधित अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। प्रतिमा को दुरुस्त कर पुनर्स्थापित करने की कोशिशें भी की जा रही हैं।वैसे तो पूरे देश में ही छत्रपति शिवाजी के प्रति गहरे सम्मान का भाव पाया जाता है, मगर महाराष्ट्र और मराठा संस्कृति के लिए वह एक प्रतीक पुरुष हैं। आम मराठी भावनात्मक रूप से उनसे जुड़ा है। ऐसे में, राजकोट किले की इस घटना पर राजनीतिक हंगामा खड़ा होना ही था। तब तो और, जब चंद महीने बाद ही राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाला हो और एक मजबूत विपक्षी पार्टी शिव सेना की पूरी राजनीति शिवाजी के शौर्य व आत्म–गौरव से प्रेरित रही हो। स्वाभाविक ही उसने तथा महाविकास अघाड़ी ने इस योजना में भारी भ्रष्टाचार के आरोप लगाने शुरू कर दिए हैं और इसे शिवाजी के अपमान के रूप में पेश किया जाने लगा है। राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करके दोषियों को कड़ी सजा दिलानी चाहिए, ताकि न सिर्फ विपक्ष के आरोपों की धार को वह कुंद कर सके, बल्कि सार्वजनिक निर्माण में किसी किस्म की लापरवाही या उदासीनता बरतने वालों को भी यह संदेश मिल सके कि वे बख्शे नहीं जाएंगे। निस्संदेह, यह पहली घटना नहीं है, जिसमें किसी बड़ी निर्माण योजना की कमी यूं उजागर हुई है। मई 2023 में उज्जैन के महालोक कोरिडोर में लगी सप्तऋषियों की मूर्तियां भी इसी तरह आंधी–तूफान में धराशायी हो गई थीं।

## आरक्षण खत्म करने की बात कौन करेगा?

(अशोक मधुप)

प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में आरक्षण को लेकर कर्नाटक सरकार ने यूटर्न ले लिया है। सरकार ने पहले सी और डी कैटेगरी की प्राइवेट नौकरियों में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने की बात कही थी। फिलहाल, आरक्षण के उस फैसले पर रोक लगा दी गई है। दलित और पिछड़े युवाओं के उत्थान के लिए लाया गया आरक्षण अब सत्ता में पहुंचने माध्यम बनता जा रहा है। अलग?अलग राज्य में राजनैतिक दल जहां आरक्षण को अपने हिसाब से अदल?बदल रहे हैं, वही प्राइवेट सेक्टर में भी आरक्षण लागू करने की कोशिश हो रही है। कुछ राज्यों ने अपने यहां ये आरक्षण लागू किया पर वहां के हाईकोर्ट ने उसे अवैध बताते हुए रोक लगा दी, पर ये कोशिश जगहङ्कजगह जारी है। सर्वोच्च न्यायालय की सात न्यायधीश की संविधान पीठ आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने की बात की तो विपक्ष ने राजनैतिक लाभ उठाने के लिए इसका विरोध शुरू कर दिया। हांलाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आश्वस्त कर चुके हैं कि आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू नहीं होगा, इसके बावजूद आरक्षण समर्थक राजनैतिक दलों ने इसके विरूद्ध आंदोलनरत हैं। अभी वे भारत बंद का आह्वान कर ही चुके हैं। इससे पहले कर्नाटक में प्राइवेट नौकरी में स्थानीय के लिए शत प्रतिशत आरक्षण को लागू करने पर खड़ा हो गया। हांलाकि प्रदेश कैबिनेट में पास किया गया ये कानून विरोध को देखते हुए ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है, पर खत्म नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगली कैबिनेट की बैठक में इस पर फिर विचार होगा। हाल के लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के आतेङ्कआते प्रचार आरक्षण पर आकर सिमट गया। भाजपा नेता अपने भाषणों में दावा कर रहे है कि हम देश में मुस्लिम आरक्षण लागू नही होने देंगे। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी सभाओं में मुस्लिम आरक्षण पर चिंता जाहिर कर रहे हैं। वह कह रहे हैं कि सत्ता में आते ही इंडिया गठबंधन दलित और पिछडों का आरक्षण काटकर मुस्लिमों को दे देगा। वे देश का विभाजन करवा देंगे।

*आज हालत यह है कि सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ आदेश करे या कोई अन्य मांग हो, आरक्षण को कम करने को कोई राजनैतिक दल छोड़ने को तैयार नही। कोई इसके खत्म करने की बात नही कर रहा। सब बढ़ाने की बात कर रहे हैं। आरक्षण के दायरे से बाहर की जाति और उसे युवा ये सब देख रहे हैं। अभी हाल में यूपीएससी में लेटरल एंट्री को लेकर हुए बवाल ने बाद सरकार ने 45 पदों पर लेटरल एंट्री का प्रस्ताव वापस लेना पड़ा।*

इस पर कुछ बड़े नेता तो चुप्पी साधे है किंतु समाजवादी पार्टी के सांसद एसटी हसन ने एक बयान में कहा है कि इंडिया गठबधंन के सत्ता में आते ही संविधान में संशोधन कर मुस्लिमों को सरकारी सेवाओं में आरक्षण दिया जाएगा। देश को आजाद हुए 75 साल से ज्यादा हो गए। आजादी के बाद दलित समाज को विकास की धारा में शामिल करने के लिए दस साल के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। आज ये आरक्षण राजनेताओं को सत्ता में पंहुचने का माधूयम नजर आने लगा है, वे इसे बढ़ाने की बात कर रहे हैं। खत्म करने की नहीं। किसी को यह सोचने की फुरसत नही कि आरक्षण की मार से बचने के लिए देश के प्रतिभाशाली युवा आज विदेशों में जाकर शिक्षा ले रहे है। शिक्षा पूरी कर वहीं नौकरी या व्यवसाय कर चुने गए देश के विकास में योगदान कर रहे हैं। भारत के बाहरर जाकर बसी भारत की मेधा से प्रभावित होते देश के विकास पर किसी को सोचने का समय नहीं। प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में आरक्षण को लेकर कर्नाटक सरकार ने यूटर्न ले लिया है। सरकार ने पहले सी और डी कैटेगरी की प्राइवेट नौकरियों में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने की बात कही थी। फिलहाल, आरक्षण के उस फैसले पर रोक लगा दी गई है। कैबिनेट ने फैसला स्थगित कर दिया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्राइवेट सेक्टर में कन्नड़ लोगों को 100 फीसदी आरक्षण देने को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट की थी। अपनी इस पोस्ट में उन्होंने कहा, हम कन्नड़ समर्थक सरकार हैं। सरकार के इस फैसले का चौतरफा विरोध होने पर इस पर रोक लगा दी गई। सरकार का कहना है कि इस बिल पर वह पुनर्विचार करेगी। देश में यह पहला ऐसा मामला नहीं है। कर्नाटक से पहले प्राइवेट सेक्टर में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने के लिए आंध्र प्रदेश और हरियाणा में कोशिश की गई थी. वहीं, मध्य प्रदेश में भी सरकार ने ऐसा ही कहा था, लेकिन यह कोशिश रंग नहीं ला पाई थी। 2019 में आंध्र प्रदेश में पहली बार ऐसा कोई कानून बना था जहां 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को प्राइवेट नौकरियों में आरक्षण देने की बात कही गई थी। पर हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। फिलहाल, ये मामला सुप्रीम कोर्ट में है। महाराष्ट्र में 2019 में शिवसेना-कांग्रेस और एनसीपी के गठबंधन की सरकार बनने के बाद प्राइवेट नौकरियों में स्थानीयों को 80 प्रतिशत नौकरियां देने का प्रस्ताव लाया गया था। सरकार सरकार इसे विधानसभा में भी लाना चाहती थी। लेकिन इसे लाया नहीं गया। कर्नाटक में कई बार प्राइवेट जॉब में कन्नड़ों के लिए आरक्षण तय करने की कोशिश हो चुकी है। सिद्धारमैया सरकार में ये तीसरी बार है जब ऐसी कोशिश हो रही है। इससे पहले 2014 और 2017 में भी सरकार कोशिश कर चुकी है। वहीं अक्टूबर 2020 में येदियुरप्पा की अगुवाई में बीजेपी सरकार ने प्राइवेट नौकरियों में ग्रुप सी और डी में 75 प्रतिशत आरक्षण स्थानीयों को देने का ऐलान किया था। हालांकि, ये लागू नहीं हो सका था। हरियाणा में 2020 में तब की मनोहर लाल खट्टर की सरकार ने प्राइवेट नौकरियों में स्थानीयों को 75 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए कानून पास किया था। हाईकोर्ट ने पिछले साल नवंबर में इस कानून को रद्द कर दिया। झारखंड में दिसंबर 2023 में हेमंत सोरेन की सरकार ने सरकारी नौकरियों की ग्रुप तीन और चार में स्थानीयों को 100 प्रतिशत आरक्षण देने के मकसद से बिल पास किया था। ये बिल विधानसभा में पास हो गया था, लेकिन गवर्नर ने इसे लौटा दिया था। आज के हालात का निष्कर्ष ये है कि प्रत्येक दल आरक्षण की सीढ़ी से सत्ता में पंहुचने के प्रयास में लगा है। उसे उससे वास्ता नही कि आरक्षण की जद में आने वाली प्रतिभांए इसे लेकर क्या सोचती हैं? 2012 में केंद्र सरकार प्रमोशन में आरक्षण का बिल ला चुकी है। संसद में बिल रखे जाने के दौरान एक सांसद द्वारा मंत्री से छीन कर बिल की प्रति फाड़ दिए जाने के कारण ये अटक गया। नही तो प्रमोशन में भी आरक्षण लागे हो चुका होता। अब क्रीमीलेयर तै करने के बारे में सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ के आंदेश को वे ही ठेंगा दिखाने को तैयार हैं जो अब तक इससे लाभ लेते रहे हैं। आरक्षण का लाभ उठा चुके उच्च स्थिति में पंहुचने वाले ही विकास की धारा से वंचित अपनी जाति वालों के लिए आरक्षण का लाभ छोड़ने को तैयार नही हैं।

## देश संवारने में लगीं लखपति दीदियां

(शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री)

किसी बहन की आंखों में आंसू न रहे, हर एक चेहरे पर मुस्कराहट आए, कोई मजबूर न रहे, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है, इसीलिए उन्होंने लखपति दीदी अभियान चलाया है। ऐसी दीदी, जिनकी सालाना आय एक लाख रुपये से अधिक हो, ऐसी एक करोड़ दीदियां लखपति बन चुकी हैं और विगत 100 दिन में 11 लाख दीदी लखपति बनी हैं। हमारी सरकार इस अभियान में तेजी से जुटी हुई है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे शहरों में इस अभियान से लगातार महिलाएं जुड़ रही हैं और स्व-सहायता समूह के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। जल्द ही तीन करोड़ दीदियां लखपति दीदी बन जाएंगी। देश में महिलाएं आगे बढ़ें, समृद्ध और संपन्न बनें व प्रगति के नए आयाम स्थापित करें, इसके लिए विगत 10 वर्षों से महिला कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। महिलाओं के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तीकरण को सुनिश्चित किया गया है। महिलाएं हमारे समाज और राष्ट्र की धुरी हैं। हमारे गौरवशाली और समृद्ध भविष्य का आधार हैं। हमारे वेदों और पुराणों में नारी के महत्व का उल्लेख किया गया है। नारी शक्ति के बिना राष्ट्र की समृद्धि की कल्पना नहीं की जा सकती है, इसलिए प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति के समग्र विकास और संपूर्ण उत्थान को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया है। महिला सशक्त होगी, तो परिवार सशक्त होगा, परिवार सशक्त होगा, तो समाज सशक्त होगा और समाज के सशक्त होने से राज्य व राष्ट्र सशक्त होगा। लखपति दीदी अभियान से पीढ़ियां समृद्ध और सशक्त हो रही हैं, इसलिए महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार ने 2,500 करोड़ रुपये 'रिवॉल्विंग फंड' के रूप में स्वयं-सहायता समूहों के खातों में डाले हैं और पांच हजार करोड़ रुपये के बैंक ऋण जारी किए हैं, जिससे बहनें तेजी से लखपति दीदी बन सकें। प्रधानमंत्री कहते हैं कि भारत को विकसित बनाने के लिए भारत की प्रत्येक महिला को आर्थिक रूप से समृद्ध करना होगा, इसलिए हमारी सरकार महिलाओं की आर्थिक शक्ति को बढ़ाने के लिए सभी दिशाओं में काम कर रही है। बैंक सखी, कृषि सखी, पशु सखी, नमो ड्रोन दीदी इसी दिशा में बढ़ाए गए महत्वपूर्ण कदम हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार-स्वरोजगार के नए अवसर देने और सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक पहलुओं पर सशक्त बनाने की सोच को दर्शाते हैं। आज हमारी लखपति दीदी कृषि और गैर-कृषि, कुटीर उद्योग, पोषण आहार, स्वच्छता अभियान, परिवहन सहित व्यापार से जुड़कर सशक्त हो रही है। गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने बहनों-बेटियों के सर्वसमावेशी विकास के लिए 'नारी गौरव नीति' जैसी योजना बनाई थी। वहां बहनें स्वावलंबी, आत्मनिर्भर, सशक्त और आर्थिक रूप से सक्षम बनें, इस दिशा में अनेक कार्य किए गए। आज बहनें सिद्ध कर रही हैं कि वे अबला नहीं, सबला हैं। बोझ नहीं, वरदान हैं। आज देश भर में करीब 92 लाख स्व-सहायता समूह कार्य कर रहे हैं, जिनसे 10 करोड़ बहनें जुड़ी हैं। स्व-सहायता समूह के माध्यम से बहनों ने अपना जीवन बदला है और वे देश की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सरकार का सदैव यह प्रयास रहा है कि बहनों के जीवन में कैसे खुशियां लेकर आएं। इसके लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अनेक तरह की योजनाएं भी बनाई गई हैं। जहां एक ओर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान और 'सुकन्या समृद्धि' जैसी योजनाओं के माध्यम से लिंगानुपात में क्रांतिकारी बदलाव आया है। 'उज्ज्वला योजना' के माध्यम से 10 करोड़ से अधिक बहनों का खुशहाली से कनेक्शन जुड़ा और धुएं से मुक्ति मिली। आज पीएम मुद्रा योजना और जन-धन योजना के माध्यम से करोड़ों बहनों के खाते में खुशियां सीधे पहुंच रही हैं। जल जीवन मिशन जैसे अभूतपूर्व प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में भी बहनों को नल से शुद्ध जल मिलना आसान हुआ है। मातृत्व अवकाश की अवधि बढ़ाने का प्रधानमंत्री का निर्णय अभूतपूर्व है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5478

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 3 | | | 1 | |
| 1 | 3 | 9 | | 8 | 2 | | 6 | |
| 6 | | | | | | | 8 | |
| 7 | | 2 | | | | | | 1 |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 9 | | 6 |
| | 8 | | | | | | | 5 |
| | 5 | | 1 | 4 | | 2 | 9 | 7 |
| | 1 | | | 9 | | | 3 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5477

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 5 | 8 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 |
| 7 | 9 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 9 | 7 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर में सफलता पाने का दिन है। आज आप जो भी काम करेंगे उसमें आपको लाभ होगा और आर्थिक योजनाएं पूर्ण होंगी। ऑफिस में आपके विरोधी आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे। लेकिन ऐसा हो नहीं पाएगा। दिन का काम जल्दी खत्म करके सायंकाल कुछ समय परिवार के साथ बिताएं, तो आपको अच्छा चलेगा।

### वृष
आज आर्थिक मामलों में दिन काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा और आपको दौड़भाग करनी पड़ेगी। आपको परिवार के लोगों के साथ किसी जरूरी कार्य को पूरा करने के लिए काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने की आपकी विशेषता आज भी आपको यश देगी। ऑफिस में लोग आपके बात व्यवहार की तारीफ करेंगी।

### मिथुन
आज दिन अधिक खर्च वाला रहेगा और आपको आय बढ़ाने के लिए काफी मेहनत भी करनी पड़ सकती है। आपको सेवा और पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। विरोधियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी। योजनाएं सफल होंगी।

### तुला
आज दिन सामान्य है और आपको हर मामले में कारोबार में विजय प्राप्त होगी। आपका तनाव कम होगा और कोई रुका कार्य पूर्ण होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। संतान पक्ष की ओर से हर्षदायक समाचार मिलने से आपका मनोबल ऊंचा होगा। भाग्योदय का दिन है, लाभ लें और सफलता पाने के लिए हर संभव कोशिश करते रहें।

### वृश्चिक
आज करियर में लाभ और सफलता का दिन है। आपको भाग्य का साथ मिलेगा और हर कार्य में सफल होंगे। विरोधियों का षड्यंत्र असफल रहेगा और सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। बहुत समय से चली आ रही कटुता समाप्त हो जाएगी और नए परिचय से आपको लाभ होने के योग हैं।

### धनु
आज करियर में लाभ का दिन है और आप जो भी निर्णय लेंगे उसमें आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी। कारोबार में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी। जन संपर्क में वृद्धि होने से आप प्रफुल्लित रहेंगे। चंद्रमा की वजह से आपके लिए थोड़ी सी समस्याएं खड़ी हो सकती हैं, लेकिन थोड़े से प्रयास से सब सही हो जाएगा। कोई व्यक्ति आपके लिए समस्या उत्पन्न कर सकता है।

### कर्क
आज करियर के मामले में लाभ का दिन है और सोची गई सभी योजनाएं पूर्ण होने से दिन आनंद में बीतेगा। आपको अच्छे लोगों का साथ मिलने से मन में प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा। सायंकाल के समय सेहत बिगड़ सकती है।

### सिंह
आज करियर के मामले में लाभ और सम्मान का दिन है। रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन खुश रहेगा और आपको कहीं से रुका पैसा मिलने से प्रसन्नता होगी। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। बहुत समय से आपके घर में चल रहे विवाद का अंत होगा। आपके कारोबार में जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।

### कन्या
आज कारोबार में लाभ और सफलता का दिन है। आपको करियर में सफलता मिलने हर्ष होगा और पूरे दिन आय के नए स्रोत सामने आएंगे। विरोधपक्ष पराजित होगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। व्यवसाय में अधिक धन लगाना लाभकारक रहेगा।

### मकर
आज लोगों के लिए दिन सफलता से भरा होगा और धन से संबंधित मामलों में लाभ होगा। अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे, व्यर्थ की भागदौड़ पारिवारिक मामले में अशांति होगी। सूर्यास्त होते समय कुछ राहत मिल जाएगी। आपके लिए लाभ का दिन है और योजनाएं सफल होंगी।

### कुंभ
आज दिन काफी चुनौतीपूर्ण होगा और आपको काम अधिक करना पड़ेगा। कोई महत्वपूर्ण व्यवसायिक अनुबंध आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है। यदि आप आज अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब होंगे तो आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और कार्य सफलता के साथ पूर्ण होंगे।

### मीन
आज कार्य सफलता का दिन है। आपको राज्य कार्यों में सफलता मिलेगी और आपके घर में धन धान्य की वृद्धि होगी। आपको मित्रों से लाभ होगा और शत्रुओं पर विजय और मनोरथ सिद्ध होगी। आपके घर में कोई मेहमान आ सकता है और आपके खर्च व काम दोनों इसकी वजह से बढ़ेंगे। आपको किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।

## वर्ग पहेली 5478

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | | 8 | | | |
| | | | 9 | | | | 10 |
| | 11 | 12 | | 13 | | 14 | |
| 15 | | | 16 | | | 17 | |
| 18 | | | | | 19 | | |
| | | 20 | | 21 | | | 22 |
| 23 | | | | 24 | | | |

संकेतः बाएं से दाएं
1. 1949 को इस राज्य को भारत में शामिल किया गया (3)
4. हरियाणा के प्रमुख राजनीतिज्ञ जो भारत के उपप्रधानमंत्री रहें (4)
7. वैश्वांतर दानव की चार पुत्रियों में से एक, शत्रुघ्न सिन्हा द्वारा निर्मित फ्लॉप फिल्म (3)
8. यदि ऐसा न होगा तो (3)
9. निगोड़ा, नाकारा (2)
11. एक बार सांस लेने का समय (2)
13. मथुरा से करीब 20 किमी दूर स्थित वृंदावन का एक गांव जहां नंद रहते थे (4)
15. उत्तरप्रदेश के इस शहर का नाम परिवर्तित कर प्रयागराज कर दिया गया है (5)
17. पैना किनारा, राजा भोज की नगरी (2)
18. जीव-जंतुओं के शरीर के त्वचा में से निकले सूक्ष्म तंतु (2)
19. यह बतौर नायिका पूनम ढिल्लों की पहली फिल्म थी (2)
20. हिलने-डुलने की क्रिया, गति (4)
23. पति-पत्नी का कानूनी रूप से संबंध विच्छेद (2)
24. सूर्यपुत्र कर्ण को यह भी कहते थे (4)

ऊपर से नीचे
1. तीनों काल (भूत, वर्तमान, भविष्य)(3)
2. इसे अंग्रेजी में ब्रिज कहते है (2)
3. पूर्णिमा की रात यह भी कहलाती है (2)
4. फिल्म इंडस्ट्री में मठाधीश अभिनेता जिनका निधन 3 दिसंबर 11 को हुआ था (5)
5. बहादुर, योद्धा, शूर (2)
6. ले आना, उपस्थित करना (2)
10. क्रोधपूर्ण दृष्टि, क्रोध सूचक भ्रूभंग (3)
11. मध्यस्थ, ब्रोकर (3)
12. बहुत बड़ा, महान, सर्वश्रेष्ठ (2)
14. पुराणानुसार यह गांधार देशाधिपति सुबल की पुत्री थी (3)
15. उपासना, आराना, पूजा (उर्दू)(4)
16. यह भारत में मुगल साम्राज्य का संस्थापक था (3)
19. नया, नवीन, नव (3)
20. अधिकार, इख्तियार (2)
21. किस समय, किस वक्त (2)
22. वीर, बहादुर, योद्धा (2)

### वर्ग पहेली 5477 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | त | र | | का | न | पु | र |
| ल | ह | क | ना | | ग | जा | |
| आ | | मी | ना | कु | मा | री | |
| ज | ल | | ना | ल | | | सा |
| औ | ला | द | | प | खा | व | ज |
| र | ट | ना | | ति | ल | क | |
| क | | द | स्ता | | | अ | ब |
| ल | गा | न | | स | म | त | ल |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009



# इस स्कॉलरशिप के जरिए लड़कियों को मिलेंगे 1 लाख रुपये

**भारत में कई सारी स्कॉलरशिप का विकल्प मिलता है। ऐसे में अगर आप भी स्कॉलरशिप के जरिए पढ़ाई करना चाहते हैं तो हम आपको बताएंगे कि आप कैसे इंफोसिस फाउंडेशन के जरिए आसानी से स्कॉलरशिप ले सकते हैं। ऐसे में यह बैचलर कर रही लड़कियों को मौका दिया गया है।**

## इंफोसिस फाउंडेशन स्कॉलरशिप

इंफोसिस फाउंडेशन ने 2024-25 के लिए इंफोसिस फाउंडेशन स्टेम स्टार्स स्कॉलरशिप प्रोग्राम की शुरुआत की है जिसका जरिए ग्रेजुएशन के पहले वर्ष की लड़कियों को आर्थिक सहायता मिल सकता है। इस स्कॉलरशिप प्रोग्राम के जरिए फाउंडेशन उन छात्राओं की मदद करना चाहती है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने की इच्छुक हैं। इस पहल से छात्राओं को न केवल शिक्षा का अवसर मिलेगा, बल्कि उनके करियर के विकास में भी मदद मिलेगी।

## किसको मिलेगा यह लाभ

इंफोसिस फाउंडेशन स्कॉलरशिप उन छात्रों को दिया जाएगा जिसके घर के इंकम 8 लाख से कम है। ऐसे में यह स्कॉलरशिप देने से पहले छात्रों का एजुकेशनल क्वालिफिकेशन के साथ ही उनका एक इंटरव्यू भी होगा। इस इंटरव्यू के आधार पर यह तय किया जाएगा कि छात्र को स्कॉलरशिप मिलना चाहिए या नही।

किन डॉक्यूमेंट्स की होगी जरूरत

**प्रमाण-पत्र**

जेईई/ सीईटी/नीट का स्कोरकार्ड

इनकम सर्टिफिकेट





# कैसे बनें फायर सेफ्टी इंजीनियर

**अगर आप बैचलर डिग्री के बजाय डिप्लोमा कोर्स करना चाहते हैं, तो फायर इंजीनियरिंग या फायर सेफ्टी में डिप्लोमा भी कर सकते हैं। डिप्लोमा के बाद, आप बैचलर कोर्स में लेटरल एंट्री से प्रवेश ले सकते हैं।**

फायर सेफ्टी इंजीनियर एक ऐसा पेशा है, जिसमें आप आग लगने की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए काम करते हैं। यह एक बहुत ही जरूरी और चुनौती भरा काम है। अगर आप भी फायर सेफ्टी इंजीनियर बनना चाहते हैं तो यह लेख आपके लिए बहुत उपयोगी हो सकता है। फायर सेफ्टी इंजीनियर बनने के लिए इन योग्यताओं का होना जरूरी है

- 12वीं कक्षा में कम से कम 50 फीसदी अंकों के साथ फिजिक्स, केमिस्ट्री, या गणित विषयों में पास होना
- फायर सेफ्टी इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन की डिग्री या समकक्ष परीक्षा पास करना
- फायर टेक्नोलॉजी और सेफ्टी इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए जेईई मेन और जेईई एडवांस परीक्षा पास करना।
- शारीरिक योग्यता का होना। पुरुषों की लंबाई कम से कम 165 सेंटीमीटर और वजन 50 किलोग्राम होना चाहिए। महिलाओं की लंबाई कम से कम 157 सेंटीमीटर और वजन 46 किलोग्राम होना चाहिए। आंखों की नजर दोनों आंखों में 6/6 होनी चाहिए। उम्र 19 साल से ज्यादा होनी चाहिए।

## फायर सेफ्टी इंजीनियर बनने के लिए ये भी कर सकते हैं

कॉलेज में सर्टिफिकेट या डिप्लोमा लेना। इससे आपको प्रशिक्षु इंजीनियर के तौर पर नौकरी मिलने में मदद मिल सकती है। आईटीआई फायर और सेफ्टीकोर्स करना। यह कोर्स दो साल का होता है और इसमें चार सेमेस्टर होते हैं। चार सेमेस्टर में से एक सेमेस्टर में लाइव वातावरण में व्यावहारिक प्रशिक्षण होता है। फायर सेफ्टी इंजीनियर बनने के लिए आपको सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग या केमिकल इंजीनियरिंग में बैचलर्स डिग्री प्राप्त करनी होगी। फायर सेफ्टी इंजीनियरिंग के लिए, कई तरह के कोर्स कराए जा सकते हैं

## बैचलर ऑफ साइंस

इंस्टीट्यूट ऑफ फायर इंजीनियरिंग में फायर और सेफ्टी में तीन साल का बीएससी कोर्स कराया जाता है। इसमें 15 छात्रों को प्रवेश मिलता है और इसकी कुल लागत 60,000 रुपये है।

## बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग और बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी

नेशनल फायर सर्विस कॉलेज, नागपुर में अग्नि इंजीनियरिंग में बीई कोर्स कराया जाता है। इसमें 60 छात्रों को प्रवेश मिलता है और इसकी कुल लागत 96,000 रुपये है। यह कोर्स चार साल का होता है। यह कोर्स 3-4 साल का होता है और इसमें फायर सेफ्टी, डिजास्टर मैनेजमेंट, फायर प्रिवेंशन, इमरजेंसी मैनेजमेंट, और रेस्क्यू टेक्निक्स जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं।

## फायर सेफ्टी इंजीनियरिंग में डिप्लोमा

फायर सेफ्टी इंजीनियरिंग के लिए, बारहवीं कक्षा पास करने के बाद फायर और सेफ्टी प्रबंधन में डिप्लोमा किया जा सकता है। यह कोर्स 1-2 साल का होता है और इसे पूरा करने के बाद आप असिस्टेंट फायर ऑफिसर या टेक्निशियन के रूप में नौकरी शुरू कर सकते हैं।

## फायर सेफ्टी इंजीनियर कहां काम कर सकते हैं

आप सरकारी विभागों जैसे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन, पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट, डिफेंस, और रेलवे में फायर सेफ्टी इंजीनियर के रूप में नौकरी पा सकते हैं। या फिर आप प्राइवेट सेक्टर में फायर सेफ्टी कंसल्टेंट, फायर इंजीनियर, सेफ्टी मैनेजर या डिजास्टर मैनेजमेंट के पदों पर काम कर सकते हैं।

## फायर सेफ्टी इंजीनियरिंग के लिए लाइसेंस

कुछ देशों में, फायर सेफ्टी इंजीनियर बनने के लिए आपको लाइसेंस प्राप्त करना होगा। आप स्थानीय अधिकारियों से लाइसेंस पा सकते हैं।

## फायर सेफ्टी इंजीनियर बनने के फायदे



- फायर सेफ्टी इंजीनियरों को अच्छा वेतन मिलता है।
- आप लोगों की जान और माल बचाने में योगदान दे सकते हैं।
- इस क्षेत्र में करियर ग्रोथ के बहुत सारे अवसर हैं।
- आप समाज में एक सम्मानित व्यक्ति बन सकते हैं।





# सीए और सीएफए में क्या होता है अंतर

**सीए और सीएफए दोनों फाइनेंस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए जरूरी योग्यताएं हैं, लेकिन दोनों के बीच कुछ अंतर हैं। आइए इन प्वाइंट्स में समझते हैं।**

सीए (Chartered Accountant) और सीएफए (Chartered Financial Analyst) दोनों ही हाई लेवल की प्रोफेशनल डिग्री हैं, लेकिन ये अलग-अलग एरिया में विशेषज्ञता देती हैं। यहां 7 प्रमुख बिंदुओं में दोनों के बीच का अंतर समझाया गया है। आइए इससे पहले जानते हैं कि क्या सीए और सीएफए चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) और चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट (सीएफए) दोनों फाइनेंस से जुड़े पेशे हैं।

## सीए

सीए, जिन्हें सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट भी कहा जाता है, अकाउंटेंसी फर्मों या उससे जुड़ी कंपनियों के लिए काम करते हैं। वे फाइनेंस के कई क्षेत्रों में काम करते हैं, जैसे कि ऑडिटिंग, टैक्सेशन, फाइनेंशियल प्लानिंग, और मैनेजमेंट कंसल्टिंग। सीए की जिम्मेदारियों में कर दाखिल करना और फाइनेंशियल स्टेटमेंट का ऑडिट करना भी शामिल हो सकता है। भारत में, सीए एक लोकप्रिय विकल्प है, खासकर उन लोगों के लिए जो अकाउंट्स और टैक्सेशन में रुचि रखते हैं।

## सीएफए

सीएफए कोर्स, सीएफए संस्थान द्वारा ग्लोबल लेवल पर चलाया जाता है। यह कोर्स खास तौर से इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट और मनी मैनेजमेंट एनालिसिस पर केंद्रित है। सीएफए प्रोग्राम का मकसद, इन्वेस्ट और मैनेजमेंट में काम के लिए जरूरी ज्ञान और विशेषज्ञता देना है। सीएफए चार्टरहोल्डर के पास निवेश विश्लेषण में विशेषज्ञता और वास्तविक दुनिया के कौशल होते हैं। भारत में, सीएफए पेशेवरों के लिए अवसर बढ़ रहे हैं, खासकर एमएनसी और स्टार्टअप्स में अगर आपको फाइनेंस के बारे में जुनून है, तो सीएफए आपके लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है। भारत में, सीए और सीएफए दोनों की ही बहुत मांग है। निगमों, निवेश फर्मों, बैंकों, और दूसरे संगठनों में वरिष्ठ वित्तीय भूमिकाओं के लिए अक्सर सीए और सीएफए दोनों वाले पेशेवरों की मांग होती है। सीए और सीएफए दोनों वित्तीय क्षेत्र में करियर बनाने के लिए जरूर योग्यताएं हैं, लेकिन दोनों के बीच कुछ अंतर है सीए कोर्स के लिए आपकी 12वीं पास होना अनिवार्य है, तो वहीं सीएफए प्रोग्राम के लिए ग्रेजुएट होना अनिवार्य है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया सीए कोर्स करवाती है, तो वहीं ष्स्त्र प्रोग्राम सीएफए इंस्टीट्यूट यूएसए द्वारा करवाया जाता है।

## कोर्स की अवधि

सीए कोर्स की अवधि 4.5 साल है, जिसमें 3 साल की ट्रेनिंग शामिल है, जबकि सीएफए कोर्स की अवधि 3-4 साल है, जिसमें तीनों परीक्षाओं को पास करना होता है।

## फीस

सीए कोर्स की फीस 1-2 लाख रुपये है, जबकि सीएफए कोर्स की फीस 2-2.5 लाख रुपये है।

सीए और सीएफए कोर्स का दायरा सीए कोर्स भारतीय अकाउंट सिस्टम, टैक्सेशन और कंपनी कानूनों पर केंद्रित है, जबकि सीएफए एक वैश्विक योग्यता है, जो निवेश प्रबंधन में माहिर है।

## कैरियर के अवसर

सीए कोर्स के बाद आप अकाउंटेंट, ऑडिटर या फाइनेंस मैनेजर बन सकते हैं, जबकि सीएफए कोर्स के बाद आप निवेश बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर या फाइनेंशियल एनालिस्ट बन सकते हैं।

## सीए और सीएफए में चुनौती का स्तर

- दोनों कोर्स चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन सीएफए कोर्स को थोड़ा अधिक कठिन माना जाता है, क्योंकि इसमें तीनों परीक्षाओं को पास करना होता है।
- सीए और सीएफए के लिए योग्यता
- सीए कोर्स के लिए आपको 12वीं पास होना चाहिए और सीएफए कोर्स के लिए आपको ग्रेजुएट होना चाहिए।
- सीए और सीएफए में वैश्विक मान्यता
- सीएफए कोर्स को वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त है, जबकि सीए कोर्स को मुख्य रूप से भारत में मान्यता प्राप्त है।



# पापड़ उद्योग शुरू करना चाहती हैं तो जानें इससे जुड़ी अहम जानकारियां

अगर छोटे निवेश के साथ आप अपना कोई काम शुरू करना चाहती हैं तो आपको पापड़ उद्योग पर गौर करना चाहिए। आइए जानें, इस उद्योग से जुड़ी कुछ जरूरी बातें।

अगर आप घर बैठे और कम निवेश में कोई कारोबार शुरू करना चाहती हैं तो आप पापड़ उद्योग के बारे में सोच सकती हैं। अगर आप में काबिलियत है तो घर से शुरु हुए पापड़ के छोटे से कारोबार को आप सफलता के शिखर पर पहुंचा सकती हैं। अगर आपकी पृष्ठभूमि गांव है और आप कम पढ़ी-लिखी हैं तब भी इस उद्योग को शुरू करने में आपको कोई परेशानी नहीं होगी। लगभग सभी घरों में पापड़ का इस्तेमाल स्नेक्स के रूप में किया जाता है इसलिए मार्किट में इसकी काफी मांग है। पापड़ की मांग देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि इस उद्योग में संभावनाएं अपार हैं।

वैसे पापड़ उद्योग के इतिहास की बात करें तो यह काफी पुराना है। हमारे देश में यह व्यवसाय महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के मकसद से किया जा रहा है। इस व्यवसाय से ज्यादातर महिलाएं जुड़ी हुई हैं। यह व्यवसाय जरूरतमंद महिलाओं को कमाई का जरिया प्रदान करता है। इससे जुड़ी महिलाएं अच्छा मुनाफा भी कमा रही हैं। तो चलिए जानते हैं इस व्यवसाय को शुरू करने के लिए आपको क्या करना होगा।

पापड़ का इस्तेमाल भारत के अलावा एशिया के कई देशो में भी किया जाता है। भारत अन्य देशो में पापड़ निर्यात करता है लेकिन हमारे देश में ही पापड़ की आपूर्ति सही तरीके से नहीं पाती है। अगर इस लिहाज से देखा जाए तो इस बिजनस (हाउस वाइफ से कैसे बनें बिज़नेस वुमेन) का फ्यूचर बहुत अच्छा है। वैसे तो कुछ कंपनियों के पापड़ हर राज्य में मिल जाते हैं लेकिन हमारे देश में लगभग साठ फीसदी पापड़ की आपूर्ति लोकल पापड़ उद्योगों द्वारा ही किया जाता है।

पापड़ उद्योग शुरू करने के लिए क्या करें- अगर आपके पास पैसे की कमी है तो आप बैंक से लोन भी ले सकती हैं। इस उद्योग के लिए बैंक कम दर पर लोन देती है। इसके अलावा आप कई महिलाओं को साथ जोड़कर स्वयंसेवी संस्था के रूप में भी काम कर सकती हैं, जैसा की लिज्जत पापड़ (लिज्जत पापड़ से लें प्रेरणा) कर रहा है। ऐसी संस्थाओं को भारत सरकार सहायता प्रदान करती है।

## लाइसेंस लेना जरूरी

किसी भी फूड आइटम वाले बिजनस को शुरू करने के लिए आपको लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। खाद्य पदार्थों से जुड़ा व्यवसाय होने के कारण इसे BIS (Bureau of Indian Standards) के तय मानकों पर खरा उतरना होगा। पापड़ उद्योग में आपको BIS, FSSAI जैसे लाइसेंस की जरूरत पड़ेगी। साथ ही, Business Entities रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। अगर आप अपने उद्योग में 20 से ज्यादा लोगों को जोड़ना चाहती हैं तो आपको Compliance EPF, ESIC पर भी ध्यान देना होगा।

## जगह का रखें ध्यान

पापड़ उद्योग चलाने के लिए आपको लगभग साठ से अस्सी वर्गमीटर जगह की जरूरत पड़ती है, जिसमे पापड़ (पापड़ खाने की आदत अच्छी है या बुरी) बनाने से लेकर सुखाने और पैक करने तक का काम होगा। अगर आप ड्रायर मशीन द्वारा पापड़ सुखाना चाहती हैं तो आपको कम जगह यानी चालीस वर्गमीटर की ही जरूरत होगी।

## कच्चे माल की जानकारी

वैसे तो पापड़ कई तरह से बनाए जाते है लेकिन आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले मटेरियल हैं- दाल, मिर्च या मसाले, तेल, सोडियम बाई कार्बोनेट, हिंग, पिसी हुई काली मिर्च इत्यादि।

पापड़ उद्योग के लिए जरूरी मशीन-

- ग्राइंडिंग मशीन
- मिक्सर मशीन
- पापड़ प्रेस मशीन
- ड्राईंग मशीन
- पेकिंग मशीन

अगर आप धूप में पापड़ सुखाना चाहती हैं तो आपको ड्राईंग मशीन की जरुरत नहीं पड़ेगी। वहीं, अगर हाथ से पेकिंग करना चाहती हैं तो पेकिंग मशीन की भी जरूरत नहीं पड़ेगी।

## पापड़ उद्योग शुरू करने के लिए लागत

पापड़ उद्योग शुरू करने के लिए आपको कम से कम एक लाख रूपयों की जरूरत होगी। लेकिन यह काफी हद तक आपके बजट पर निर्भर करता है कि आप इस पर कितना खर्च करना चाहती हैं। क्योंकि पापड़ बनाने की मशीने दस हजार से लेकर दस लाख तक की आती हैं।

## कमाई कितनी

कमाई भी आपके बजट पर निर्भर करती है, अगर आप ज्यादा पैसे खर्च करती हैं तो आप ज्यादा मुनाफा कमा सकती हैं। वहीं, कम निवेश करने पर कमाई भी कम होगी। वैसे हमेशा ऐसा हो यह जरूरी नहीं, ऐसा भी हो सकता है कि कम निवेश पर भी आपकी अच्छी कमाई हो। यह सारी बातें मार्किट पर आपकी पकड़ पर निर्भर है। लेकिन पापड़ की क्वालिटी का हमेशा ध्यान रखें तभी आप मार्किट में पकड़ बना पाएंगी। वैसे आमतौर पर इसमें निवेश की गई पूंजी से दस से बीस प्रतिशत तक कमाई हो जा सकती है, मतलब अगर आप एक लाख रूपये खर्च करती हैं तो इससे आप लगभग बीस हजार रूपये कमा सकती हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### सिद्धारमैया की कुर्सी पर संकट!

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) कथित घोटाले को लेकर सियासी गलियारों में हंगामा जारी है। राज्य में मुख्यमंत्री बदलने की चर्चा के बीच सिद्धारमैया ने साफ कर दिया है कि वह इस्तीफा नहीं देने वाले हैं। इसी बीच राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने इन कयासों को एक बार फिर हवा दे दी है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें प्रमोशन दिया जाता है तो बेहद खुशी होगी। परमेश्वर सहकारी मंत्री केएन राजन्ना के एक बयान को लेकर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा था कि अगर परमेश्वर का प्रमोशन होता है तो वह समर्थन करेंगे। सिद्धारमैया के समर्थकों ने पहले कहा था कि अग 'मुख्यमंत्री बदला जाता है तो वे दलित मुख्यमंत्री का सपोर्ट करेंगे। लेकिन इसके बाद एसटी नेता सतीश जारकिहोली का समर्थन कर दिया गया। परमेश्वर ने पहले कहा था कि वह खुद को मुख्यमंत्री के तौर पर नहीं देखते। हालांकि अब सामने आ रहा है कि अगर सिद्धारमैया को इस्तीफा देना पड़ता है तो कांग्रेस आलाकमान दलित नेता जी परमेश्वर को मुख्यमंत्री पद के लिए चुन सकती है। शनिवार को कांग्रेस राजभवन चलो रैली निकालने वाली है। कांग्रेस राज्यपाल पर दबाव बनाने की कोशिश करेगी कि वह सिद्धारमैया के खिलाफ केस चलाने के फैसले पर पुनर्विचार करें। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि हाई कोर्ट में मामले की सुनवाई की वजह से अभी कांग्रेस कोई फैसला नहीं लेने जा रही है। वहीं जी परमेश्वर ने कहा, एमयूडीए केस ने एक बड़ा मोड़ ले लिया है। कोर्ट में क्या होगा बाद में देखा जाएगा, फिलहाल हम लोग राज्यपाल के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। बता दें कि कानूनी लड़ाई के बीच कांग्रेस ने कर्नाटक के सभी जिलों में मोर्चा खोलल दिया है और विरोध प्रदर्शन करने जा रही है। अगर इससे कोई फायदा नहीं मिलता तो कांग्रेस के पदाधिकारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात कर सकते हैं। परमेश्वर ने कहा, हम लोगों ने राज्यपाल को पर्याप्त सबूत दिए हैं लेकिन वह मानने को तैयार नहीं हैं। हमें नहीं पता कि कोर्ट क्या फैसला करेगा लेकिन राज्यपाल को जानकारी देना जरूरी था।

### जयराम ठाकुर ने हिमाचल में गिनाई कांग्रेस सरकार की नाकामियां, कहा- मेरी निजता का हो रहा हनन

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा में मानसून सत्र चल रहा है। सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष की टिप्पणी को लेकर हंगामा मच गया। सदन से बाहर निकलने पर इस मुद्दे पर हिमाचल प्रदेश के पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री द्वारा सवालों के जवाब न देने पर भाजपा विधायक दल ने सदन से वॉकआउट कर दिया। उन्होंने मौजूदा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछली सरकार ने सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग में बागवानी कॉलेज बनाने के लिए 300 करोड़ का प्रावधान किया था, लेकिन मौजूदा सरकार कॉलेज नहीं बनाना चाहती और इसे किसी दूसरी जगह शिफ्ट करने की योजना बना रही है। ठाकुर ने कहा, सवाल का जवाब देने की बजाय राजस्व मंत्री अप्रासंगिक बातें कर रहे थे और मुख्यमंत्री के पास भी संतोषजनक जवाब नहीं था। कांग्रेस सरकार ने मंडी जिले के साथ भेदभाव किया है और सत्ता में आते ही संस्थानों को बंद कर दिया है। मंडी शिव धाम, सरदार पटेल विश्वविद्यालय को बंद कर दिया गया और अब सरकार बागवानी कॉलेज को भी बंद करने का काम कर रही है, जो स्वीकार्य नहीं है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शुक्रवार को सदन में प्वाइंट ऑफ ऑर्डर के तहत अपने आवास के पास ड्रोन उड़ने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मुझ पर नजर रखी जा रही है। शिमला के एसपी मेरी निजता का हनन कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष के घर कौन आ-जा रहा है, इस पर नजर रखी जा रही है। फोन टैप किए जा रहे हैं, जो सही तरीका नहीं है।

# छत्तीसगढ़ में कोयले के लिए जंगल की कटाई फिर शुरू, विरोध के बीच काटे जा रहे 11 हजार पेड़

**अंबिकापुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के जैव विविधता से भरपूर हसदेव अरंड क्षेत्र में परसा ईस्ट और केते बासेन चरण-दो कोयला खदान के लिए पेड़ों की कटाई शुक्रवार को स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के बीच फिर से शुरू हो गई। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

स्थानीय ग्रामीणों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने हसदेव क्षेत्र में कोयला खनन का विरोध कर रहे 100 से अधिक ग्रामीणों को हिरासत में लिया है। हालांकि पुलिस ने इस आरोप से इनकार किया। पीईकेबी खदान राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को आवंटित है।

अब तक काटे जा चुके 3700 पेड़

राज्य वन विभाग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि शुक्रवार को उदयपुर विकास खंड में प्रस्तावित 74.130 हेक्टेयर वन भूमि (पीईकेबी चरण-दो खदान के लिए) में से 32 हेक्टेयर में पेड़ों की कटाई शुरू की गई। अब तक 3,694 पेड़ काटे जा चुके हैं। शेष पेड़ों की कटाई जारी है।

बयान में कहा गया है कि चूंकि यह क्षेत्र संवेदनशील है, इसलिए पेड़ों की कटाई शांतिपूर्ण ढंग से करने के लिए जिला पुलिस बल, जिला प्रशासन और वन अधिकारियों की एक संयुक्त दल का गठन किया गया है। इसमें कहा गया है कि खदान क्षेत्र के पास के गांवों के कुछ निवासी इस कार्य में बाधा डाल रहे थे। उन्हें प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी नहीं करने के लिए राजी किया गया है।



आरवीयूएनएल को साल 2007 में आवंटित पीईकेबी ब्लॉक में 762 हेक्टेयर भूमि में खनन का पहला चरण, केंद्रीय वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 2012 में अंतिम अनुमोदन के बाद 2013 में शुरू किया गया था और वहां खनन पूरा हो गया है।

**दी 11 हजार पेड़ों को काटने की अनुमति:** राज्य वन विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रालय ने 2022 में पीईकेकेबी चरण-दो खदान (सरगुजा) के लिए 1,136 हेक्टेयर वन भूमि की अनुमति दी है। RVUNL को इस वर्ष 21 अगस्त को अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन) छत्तीसगढ़ द्वारा और अगले दिन 22 अगस्त को मुख्य वन संरक्षक, सरगुजा वनवृत्त द्वारा परियोजना के 10वें वर्ष में 74.130 हेक्टेयर वन भूमि के क्षेत्र में खड़े 10,944 पेड़ों की कटाई की अनुमति दी गई है। इसमें कहा गया है कि 74.130 हेक्टेयर वन भूमि के क्षेत्र में कुल 10,944 पेड़ों की कटाई और परिवहन की अनुमति वन रेंज अधिकारी, उदयपुर (उत्पादन) को दी गई थी।

हसदेव अरंड बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले स्थानीय ग्रामीण कई वर्षों से खदानों के आवंटन का विरोध कर रहे हैं। वन विभाग ने पहले भी पीईकेबी चरण दो कोयला खदान की शुरुआत का रास्ता साफ करने के लिए पेड़ों की कटाई शुरू करने की कोशिश की थी, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों के कड़े विरोध के कारण अधिकारियों को अपनी कार्रवाई रोकनी पड़ी थी। छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन (सीबीए) के संयोजक आलोक शुक्ला, जो इन कोयला खदानों के आवंटन के विरोध में सबसे आगे रहे हैं, ने शुक्रवार को कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक बार फिर राज्य सरकार ने पीईकेबी चरण दो के लिए पेड़ों की कटाई शुरू कर दी है। इससे पहले भी पेड़ों को काटने की कोशिश की गई थी।

## नोएडा-ग्रेटर नोएडा की बहुमंजिला सोसाइटियों की लिफ्ट खराब होने पर दर्ज होगी एफआइआर, डीएम ने दिए आदेश



**नोएडा-ग्रेटर, एजेंसी।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा शहर की बहुमंजिला सोसाइटियों की लिफ्ट में खराबी बड़ा मुद्दा बन चुका है। ऐसे में लोगों की परेशानी को देखते हुए गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने अब यह तय किया है कि लिफ्ट में खराबी आने पर सीधे तौर पर रखरखाव करने वाली एजेंसी और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। कलक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बैठक में आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के तहत बहुमंजिला इमारतों में लिफ्ट रखरखाव की कमी के चलते हो रहे हादसों को रोकने के लिए प्रवर्तन की कार्रवाई करने के आदेश दिए। इसके अलावा डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण की ड्रोन से निगरानी करने पर बल दिया। जर्जर भवन और बेसमेंट में कोचिंग सेंटरों का संचालन न होने देने के आदेश दिए गए। वहीं दूसरी ओर ग्रेटर नोएडा की आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसाइटी की लिफ्ट में शुक्रवार दोपहर तीन लोग 25 मिनट तक फंसे रहे। सिक्योरिटी गार्ड्स ने बड़ी मशक्कत के बाद लिफ्ट का गेट खोल सभी को बाहर निकाला। सोसाइटी के लोगों ने बताया कि टावर बी-4 में अचानक दोपहर के समय लिफ्ट बंद होने से महिला समेत दो युवक अंदर ही फंस गए। तीनों लोग सोसाइटी में किसी काम से आए थे। वह ऊपर से नीचे आने के लिए लिफ्ट में सवार हुए। अचानक ग्राउंड फ्लोर पर पहुंचने के बाद लिफ्ट का गेट नहीं खुला। ग्राउंड फ्लोर से ऊपर जाने के लिए लिफ्ट के पास लोग पहुंचे। जब उन्होंने बटन दबाया तो लिफ्ट का गेट नहीं खुला। इसके बाद उन्हें पता चला कि लिफ्ट में पहले से ही कुछ लोग फंसे हैं। उन्होंने तुरंत सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड्स को इसकी सूचना दी। सिक्योरिटी गार्ड्स ने चाबी की मदद से लिफ्ट का गेट खोलकर सभी को बाहर निकाला।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव : फरीदाबाद में लोस के नतीजों के आधार पर मिलेगा टिकट



**चंडीगढ़ , एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दल फिलहाल उम्मीदवार उतारने पर मंथन कर रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक दल इस साल हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों को भी टिकट वितरण का एक मापदंड बना रहे हैं। राजनीतिक जानकारों कहना है कि इससे कई विधायकों की टिकट पर कैंची चल सकती है। हथीन, होडल, और पृथला विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को कांग्रेस से टक्कर मिली थी। हथीन में कांग्रेस उम्मीदवार महेंद्र प्रताप ने भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर के मुकाबले 51,724 अधिक वोट हासिल किए। इसी प्रकार, होडल में कांग्रेस के उम्मीदवार ने भाजपा के उम्मीदवार से 566 वोट अधिक प्राप्त किए, जबकि पृथला में भी कांग्रेस के उम्मीदवार ने भाजपा के मुकाबले 7,290 वोट अधिक पाए। इन तीनों सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। बहरहाल, चुनाव आयोग के इन आंकड़ों से साफ है कि इन क्षेत्रों में भाजपा का प्रभाव कम रहा था और कांग्रेस का जनाधार बढ़ा था। कई विधानसभा सीटों पर पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले भाजपा का प्रदर्शन कमजोर रहा था, जबकि कांग्रेस का जनाधार बढ़ा था। वहीं, कांग्रेस अपने बढ़ते जनाधार को देखते हुए आगामी चुनावों में और भी मजबूती से उतरने की तैयारी कर रही है। फरीदाबाद की एनआईटी विधानसभा सीट पर मौजूदा कांग्रेस के विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस का उम्मीदवार हार गया था। भाजपा के उम्मीदवार ने यहां 41,690 अधिक वोटों से जीत दर्ज की थी। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह हार कांग्रेस के लिए एक चेतावनी हो सकती है कि उन्हें अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

## रॉ का फर्जी अफसर नोएडा के होटल से गिरफ्तार, बंगाल से जुड़े तार; खुद को आईपीएस बता पुलिस पर भी झाड़ा रौब

**नोएडा , एजेंसी।**
नोएडा सेक्टर-49 पुलिस ने खुद को रिसर्च एंच एनालिसिस विंग (रॉ) का अधिकारी बताकर लोगों पर रौब झाड़ने वाले आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। वह सेक्टर-51 स्थित होटल में परिवार के साथ ठहरा हुआ था और वहां के मैनेजर और कर्मचारियों को सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी का प्रयास कर रहा था।

एसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि सेक्टर-51 स्थित होटल के मैनेजर ने सूचना दी गई कि होटल में पश्चिम बंगाल के 24 परगना निवासी इन्द्रनील रॉय परिवार के साथ ठहरा है। वह खुद को वर्ष 2000 बैच का आईपीएस अधिकारी बताकर होटल कर्मचारियों पर रौब झाड़ रहा है। वह बता रहा है कि वर्तमान में उसकी तैनाती रॉ में है। होटल संचालक ने जब इन्द्रनील से कमरे का किराया मांगा तो वह खुद को अधिकारी बताकर उस पर रौब झाड़ने लगा। होटल में उसकी पत्नी के साथ 12 वर्षीय बेटी भी ठहरी थी। पुलिस की एक टीम आरोपी से पूछताछ के लिए तुरंत होटल में पहुंची। पूछताछ के दौरान पता चला कि इन्द्रनील रॉय न तो आईपीएस अफसर है और ना ही उसकी तैनाती रॉ में है। इसके बाद पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से रॉ का फर्जी पहचानपत्र, पैन कार्ड, पासपोर्ट और मोबाइल




समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। उसने रॉ का फर्जी पहचानपत्र कहां से बनवाया, पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी पहले ट्रांसपोर्ट का काम करता था। कोरोना काल में उसे कारोबार में काफी घाटा हुआ। इसके बाद उसने नौकरी के लिए आवेदन किया, लेकिन नौकरी नहीं मिली। नौकरी के सिलसिले में ही वह नोएडा आया था। उसके ऊपर इस समय कर्ज भी है। उसका एक भाई पहले बंगाल पुलिस में एसआई था। करीब एक दशक पहले भाई की मौत हो चुकी है। आरोपी के नोएडा आने की एक वजह यह भी थी कि वह संपत्ति विवाद मामले की पैरवी के लिए दिल्ली-एनसीआर में एक अच्छा वकील तलाश कर रहा है। प्रॉपर्टी संबंधी सारी फाइल भी उसके पास मौजूद थी। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ करनी शुरू की तो उसने टीम पर भी दबाव बनाने की कोशिश की। उसने बताया कि वह रॉ का अधिकारी है और एक स्पेशल असाइनमेंट पर नोएडा आया है। विभाग ने असाइनमेंट संबंधी सारी जानकारी गोपनीय रखने के लिए कहा है। जब उसकी तैनाती के बारे में पूछा गया तो वह केवल बेंगलुरु का नाम ही बता सका।

## गाजियाबाद से नोएडा तक मिलेगी जाम से मुक्ति, क्रॉसिंग रिपब्लिक से शाहबेरी जाने वाला रोड होगा चौड़ा

**गाजियाबाद , एजेंसी।**
गाजियाबाद में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 से क्रॉसिंग रिपब्लिक के रास्ते शाहबेरी जाने वाले मार्ग के चौड़ीकरण का रास्ता साफ हो गया है। इससे हजारों लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी। इस रास्ते के बीच में जमीन को लेकर चल रहे विवाद को अदालत ने खारिज कर दिया है। पुलिस ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को पत्र लिखकर रोड चौड़ीकरण करने को कहा है।

एनएच-9 से क्रॉसिंग रिपब्लिक के रास्ते होते हुए शाहबेरी जाने वाले मार्ग में श्रृष्टि सोसाइटी के सामने भूमि को लेकर विवाद था। इस कारण मार्ग चौड़ा नहीं हो पा रहा था। इसी वजह से यहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने अपर पुलिस आयुक्त यातायात को एक पत्र के जरिये



अवगत कराया कि भूमि को लेकर विचाराधीन वाद न्यायालय में खारिज कर दिया गया है। लिहाजा इस मार्ग पर यातायात बाधित न हो, इसकी व्यवस्था की जाए।

जीडीए सचिव के पत्र का संज्ञान लेते हुए अपर पुलिस आयुक्त यातायात पीयूष सिंह ने लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड-2 के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखा है। इसमें बताया गया है कि पूर्व में इस मार्ग का निरीक्षण हो चुका है। अब मार्ग पर डिवाइडर, लोहे की ग्रिल लगवाने और चौड़ीकरण का कार्य शुरू कराया जाए, जिससे जाम की समस्या से लोगों को मुक्ति मिल सके।

लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड-2 के अधिशासी अभियंता राजाराम का कहना है कि नियमानुसार इस मार्ग पर कार्य किया जाएगा। इसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाएगा। वर्तमान में गाजियाबाद से नोएडा के जेवर एयरपोर्ट तक का रास्ता शाहबेरी से होकर गुजरता है। यहां अक्सर जाम लगता है। भूमि के छोटे से टुकड़े के विवाद के चलते चौड़ीकरण का काम अटका हुआ था। अब इस मार्ग के चौड़ा होने से गाजियाबाद से नोएडा के जेवर एयरपोर्ट तक जाने वाले को जाम नहीं झेलना पड़ेगा। साथ ही, वहां तक पहुंचने में समय भी कम लगेगा।

## जम्मू-कश्मीर: आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर दो कर्मचारी निलंबित

**अनंतनाग, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में 24 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होंगे. केंद्र शासित प्रदेश में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग तत्पर है. इसी दिशा में आयोग ने कड़े कदम उठाए हैं. आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर दो कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है. जम्मू-कश्मीर में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के लिए दो कर्मचारियों को निलंबित किया गया. दो अन्य का वेतन रोका गया और एक अन्य के खिलाफ निलंबन की सिफारिश की गई. आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए अनंतनाग के जिला प्रशासन ने चल रहे चुनावों के दौरान राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए पांच सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की है. सरकारी कर्मचारियों द्वारा राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेना आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन माना जाता है. राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने के कारण दो कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि दो अन्य का वेतन अगले आदेश तक रोक दिया गया है. एक अन्य कर्मचारी के खिलाफ निलंबन की संस्तुति की गई है. निष्पक्षता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सरकारी कर्मचारियों को चुनाव अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि या प्रचार से दूर रहना चाहिए.

## जम्मू-कश्मीर में चुनाव से पहले भाजपा को झटका, सीनियर नेता ने दिया इस्तीफा, निर्दलीय लड़ने की धमकी

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के सिलसिले में टिकट वितरण को लेकर भाजपा के भीतर हंगामा जारी है। एक और बगावत के तहत सीनियर पार्टी नेता चंद्रमोहन शर्मा ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा देने की घोषणा की। साथ ही, उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की धमकी दी। बीजेपी इस केंद्र शासित प्रदेश में टिकट वितरण को लेकर असंतोष से जूझ रही है। जम्मू क्षेत्र के कई जिलों में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके बाद पार्टी नुकसान की भरपाई में जुट गई है और उसने केंद्रीय मंत्रियों समेत कई वरिष्ठ नेताओं को स्थिति को शांत करने व असंतुष्टों को मनाने का जिम्मा सौंपा है।

'तवी आंदोलन' के संयोजक चंद्रमोहन शर्मा ने संवाददाताओं से कहा, 'टिकट के अनुचित वितरण को लेकर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी असंतोष और गुस्सा है। वे अपना असंतोष व्यक्त करने के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा के सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक, मैं इससे दुखी होकर अन्य लोगों के साथ पार्टी से इस्तीफा दे रहा हू।'

## गाजियाबाद में 12 लाख की लूट की घटना निकली फर्जी, 3 पुलिसकर्मी सहित 6 गिरफ्तार

**गाजियाबाद, एजेंसी।**
गाजियाबाद के वेव सिटी थाना क्षेत्र के डासना के पास दो दिन पहले हुई 12 लाख रुपये की लूट की घटना फर्जी निकली। वारदात का मास्टरमाइंड पीड़ितों का बहनोई डॉ. मोहतरम ही निकला। उसने अपने सालों से रकम हड़पने के लिए यह साजिश रची थी। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए तीन पुलिसकर्मी समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 4.36 लाख रुपये भी बरामद किए गए हैं।

डीसीपी देहात सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि मेरठ के लोहियानगर स्थित नूर गार्डन कॉलोनी निवासी बीएसएस डॉक्टर मोहतरम घटना का मास्टरमाइंड है। वारदात में शामिल उसके पिता आरिफ, दोस्त नदीम, हेड कॉन्स्टेबल अनिल कुमार, हेड कॉन्स्टेबल सचिन कुमार, हेड कॉन्स्टेबल संजय कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी ने बताया कि 28 अगस्त की रात इंदिरापुरम के न्यायखंड तृतीय में रहने वाले मोहम्मद शादाब ने पुलिस को सूचना दी थी कि



डासना स्थित आईएमएस कॉलेज के पास उनके साथ 12 लाख रुपये लूट हुई है। उन्होंने बताया कि मेरठ निवासी डॉक्टर मोहतरम की शादी इंदिरापुरम में रहने वाले मोहम्मद शादाब की बहन से हुई थी। मोहतरम अपना अस्पताल खोलना चाहता था, लेकिन उसके पास इतनी रकम नहीं थी। मोहतरम को मालूम था कि इंदिरापुरम में रहने वाले उसके साले मोहम्मद शादाब और मेहराज प्रॉपर्टी डीलिंग का कारोबार करते हैं। उनके पास काफी रुपया है। इसलिए उसने सालों की रकम हड़पने की योजना बनाई।

इस योजना में मोहतरम ने अपने पिता मोहम्मद आरिफ और दोस्त नदीम को शामिल कर लिया। नदीम खुद को समाजवादी पार्टी का नेता बताता है। उस पर पूर्व में भी अपराधिक मामले दर्ज हो चुके हैं। डीसीपी ने बताया कि नदीम ने अपने दो साथी राशिद और आशु से संपर्क किया। साथ ही, हापुड़ में तैनात हेड कॉन्स्टेबल अनिल कुमार, आगरा में तैनात हेड कॉन्स्टेबल सचिन कुमार और लोनी के अंकुर विहार में डायल-112 में तैनात संजय कुमार को भी साथ मिला लिया। मोहतरम ने सालों को भारतीय रुपयों के बदले दुबई की दोगुनी करेंसी दिलाने का लालच दिया। मोहतरम के सालों ने 8.50 लाख रुपये अपने बहनोई को दे दिए थे। मोहतरम अपने सालों शादाब और मेहराज के साथ कार से डासना में आईएमएस कॉलेज के पास पहुंचा। वहां सालों से मिली रकम के साथ एक पैकेट में अपने चार लाख रुपये होने की बात कहकर रख दिए।, जबकि पैकेट में केवल साढ़े आठ लाख रुपये ही थे।

## संक्षिप्त समाचार



पेरिस पैरालंपिक : 2024

### भारत के मनु पुरुषों के शॉट पुट एफ-37 फाइनल में छठे स्थान पर रहे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस पैरालंपिक में भारत के लिए 30 अगस्त का दिन खास रहा। खिलाड़ियों ने कई पदक अपने नाम किए। हालांकि, भारतीय समयानुसार रात करीब 12.20 बजे से शुरु हुआ फाइनल मुकाबला आशा के अनुरूप परिणाम लेकर नहीं आया। भारत के मनु पुरुषों के शॉट पुट एफ-37 फाइनल में छठे स्थान पर रहे।


इसी के साथ मनु की पदक जीतने की आस खत्म हो गई। पैरालंपिक पदक तालिका में भारत 31 अगस्त के दिन सभी इवेंट समाप्त होने के बाद एक स्वर्ण पदक, एक रजत और एक कांस्य के साथ 17वें नंबर पर है।

#### भारत की शानदार शुरुआत, एक ही दिन में चार पदक

शॉट पुट एफ-37 के फाइनल मुकाबले से पहले चार भारतीय एथलीट्स ने शानदार प्रदर्शन किए। खिलाड़ियों ने शानदार शुरुआत करते हुए एक ही दिन में चार पदक अपने नाम किए।

पैरालंपिक शूटिंग स्पर्धा में अवनि लेखरा ने 10 मीटर एयर राइफल एस एच-1 इवेंट के फाइनल में स्वर्ण पर निशाना साधा। इसी इवेंट की पुरुषों की स्पर्धा में भारत की तरफ से मनीष नरवाल ने रजत पदक जीता। इसके अलावा राजस्थान की मोना अग्रवाल और उत्तर प्रदेश की प्रीति ने कांस्य पदक जीते।

### आंद्रे अगासी अगले साल जनवरी में भारत आएंगे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आठ बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस प्लेयर आंद्रे अगासी अगले साल जनवरी में भारत आएंगे। वह पीडब्ल्यूआर डीयूपीआर इंडियन टूर एंड लीग का उद्घाटन करेंगे। इस इवेंट का उद्देश्य देश में पिकलबॉल को फेमस करना है। पिकलबॉल वर्ल्ड रैंकिंग की ओर से हाल ही में एक नए रैंकिंग स्ट्रक्चर की शुरुआत की गई। इसके तहत पीडब्ल्यूआर वर्ल्ड टूर और पीडब्ल्यूआर वर्ल्ड सीरीज के लॉन्च के बाद पीडब्ल्यूआर डीयूपीआर इंडियन टूर एंड लीग का आयोजन हो रहा है। पीडब्ल्यूआर

अपने भारतीय फैंस के लिए एक वीडियो मैसेज जारी करते हुए अगासी ने कहा, 'मैं भारत आने और पिकलबॉल के रोमांच को फैंस तक पहुंचाने के लिए एक्साइटेड हूं। मैं पीडब्ल्यूआर पीडब्ल्यूआर इंडियन टूर एंड लीग का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। उम्मीद करता हूं कि यह देश में एक बड़ी सफलता होगी।' अमेरिका के दिग्गज टेनिस प्लेयर आंद्रे अगासी ने 4 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब, 2 बार यूएस ओपन का खिताब, 1-1 बार फ्रेंच ओपन और विंबलडन का खिताब जीता है।

# सुर्यकुमार यादव के हाथ पर लगी चोट दलीप ट्रॉफी में खेलना संदिग्ध



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सूर्याकुमार के लिए दोबारा टेस्ट क्रिकेट खेलने की सपना अभी पूरा नहीं होगा। दलीप ट्रॉफी से तुरंत पहले आयोजित बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में मुंबई के लिए खेल रहे सूर्यकुमार ने खुद को जख्मी कर लिया है।

तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में वह श्रेयस अय्यर, ईशान किशन और सरफराज खान के साथ शामिल हुए थे। सूर्या टीएनसीए इलेवन के खिलाफ अपने तीसरे और अंतिम ग्रुप-स्टेज गेम से पहले मुंबई टीम में शामिल हुए। पहली पारी में सूर्या और उनकी टीम दोनों का बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन रहा।

स्काई ने 30 रन बनाए और टीएनसीए इलेवन के 379 रन के जवाब में मुंबई 156 रन पर आउट हो गई। मैच की तीसरी पारी में तीसरे दिन क्षेत्ररक्षण करते समय सूर्या लेग स्लिप पर थे, तभी गेंद को ठीक से पकड़ नहीं पाए। सूर्या ने दर्द से अपना दाहिना हाथ मरोड़ लिया। मुंबई मेडिकल स्टाफ घटनास्थल पर पहुंचा। उनका इलाज हुआ लेकिन कुछ ही समय बाद उन्होंने मैदान छोड़ दिया।

इस सप्ताह की शुरुआत में, सूर्या ने भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने की अपनी इच्छा दोहराई थी। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाजों में से हैं और उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हालांकि, उनका एकदिवसीय रिकॉर्ड औसत रहा है और उन्होंने एक टेस्ट फरवरी 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला है। उन्होंने 8 रन ही बनाए थे। पूर्व बीसीसीआई और अब-आईसीसी अध्यक्ष जय शाह के राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट में अधिक भाग लेने के निर्देश के बाद, इस साल की दलीप ट्रॉफी में कई राष्ट्रीय टीम के सितारे एक्शन में दिखेंगे। शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, ऋषभ पंत, केएल राहुल, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रवींद्र जड़ेजा और मोहम्मद सिराज इसमें शामिल नहीं होंगे।





## टीम इंडिया में राहुल द्रविड के बेटे की एंट्री

### ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेलते आएंगे नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए अंडर 19 टीम का ऐलान किया है। ऑस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम अगले महीने भारत आएगी। इस टीम में कर्नाटक के ऑलराउंडर समित द्रविड़ को भी चुना गया है जो कि पहली बार टीम इंडिया का हिस्सा बनेंगे। समित भारत के पूर्व कप्तान और हेड कोच राहुल द्रविड़ के बेटे हैं। समित ने हाल ही में कर्नाटक की महाराजा टी20 ट्रॉफी में हिस्सा लिया था। वह मयसुरू वॉरियर्स स्क्वाड की ओर से खेले थे। यह उनका पहला सीनियर टी20 टूर्नामेंट था। उन्होंने सात पारियों में 114 के स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए थे। उन्हें गेंदबाजी का मौका नहीं मिला था।

18 साल के समित ने इस साल कर्नाटक को कूच बिहार ट्रॉफी जिताने में अहम रोल निभाया था।

## काउंटी चैम्पियनशिप में साई सुदर्शन का पहला शतक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के बल्लेबाज साई सुदर्शन ने सरे के लिए अपना पहला काउंटी चैंपियनशिप शतक बना लिया है। नॉटिंघमशायर के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए तमिलनाडु के बल्लेबाज ने 178 गेंदों पर 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 105 रन बनाए। नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए सुदर्शन ने सरे को पहली पारी में 525 रनों तक पहुंचा दिया।

सुदर्शन ने छक्का लगाकर शतक पूरा किया। तब 151वां ओवर चल रहा था। गेंद स्पिनर फरहान के हाथ में थी लेकिन साई ने जोरदार शॉट लगाकर अपना रिकॉर्ड पूरा कर लिया। नॉटिंघमशायर के खिलाफ चल रहा मैच सुदर्शन की सरे के लिए दूसरी काउंटी चैम्पियनशिप उपस्थिति है, इससे पहले कि वह 5 सितंबर से शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी में भाग लेने के लिए घर लौटेंगे।

उन्हें टीम सी में नामित किया गया है, जिसकी कप्तानी महाराष्ट्र के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ करेंगे। वहीं, सरे के लिए कप्तान रोरी बर्न्स ने 266 गेंदों में 11 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 161 रन बनाए। रेयान पटेल ने 77, विल जैक्स ने 59 रन बनाए जबकि जॉर्डन क्लार्क ने 53 रनों का योगदान दिया। नॉटिंघमशायर के लिए फरहान अहमद सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे, जिन्होंने 140 रन देकर 7 विकेट लिए।

सरे वर्तमान में डिवीजन वन चार्ट में शीर्ष पर है और लगातार तीसरे काउंटी खिताब पर नजर गड़ाए हुए है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने जून में ओवल में एसेक्स के साथ सरे के आखिरी चैम्पियनशिप मैच में भाग लिया और साथ ही सितंबर 2023 में सरे के लिए दो बार प्रदर्शन किया।



## भारत के स्टार खिलाड़ी परवेज खान को किया गया सस्पेंड

### लग सकता है 4 साल का बैन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारतीय एथलीट्स की ओर के कमाल का खेल देखने को मिल रहा है. वह अभी तक 4 मेडल जीत चुके हैं, जिसमें एक गोल्ड मेडल शामिल है.

खास बात है कि ये चारों मेडल एक ही दिन में आए हैं. इसी बीच भारत के टॉप मिडिल डिस्टेंस रनर परवेज खान को लेकर बुरी खबर सामने आई है. परवेज खान हाल ही में काफी सुर्खियों में आए थे, लेकिन अब खबर सामने आई है कि वह डोप टेस्ट में फेल हो गए हैं. ऐसे में उन्हें अस्थाई रूप से सस्पेंड कर दिया गया है. अब उन पर 4 साल का बैन लगने का खतरा भी मंडरा रहा है.

#### भारतीय स्टार एथलीट पर बैन का खतरा

हाल ही में अमेरिका में एनसीएए सर्किट में अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरने वाले 19 साल के परवेज खान को अगर डोपिंग का दोषी पाया जाता है तो उन पर अधिकतम चार साल का बैन लग सकता है. इस घटनाक्रम से जुड़े एक शीर्ष सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'हां, परवेज खान को डोप जांच में फेल होने के बाद नाडा द्वारा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है.'

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने जो अस्थायी निलंबन लगाया है, उसके शुरू होने की तारीख की जानकारी नहीं मिली है. प्रतिबंधित पदार्थ किस तरह का है, इसकी भी पुष्टि नहीं की जा सकी है. यह लगभग तय है कि उनका डोप नमूना हरियाणा के पंचकुला में हुई राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप (27 से 30 जून) के दौरान लिया गया था, जिसमें वह जून 2023 में भुवनेश्वर में राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप में खेलने के बाद पहली बार किसी घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे थे.

#### कौन हैं रनर परवेज खान?

हरियाणा के नूंह जिले के रहने वाले परवेज खान भारत के उभरते हुए सितारे हैं. वह मेवात जिले के तावडू खंड के गांव चाहल्का के रहने वाले हैं. उन्होंने अमेरिका में इसी साल कॉलेजिएट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 1500 मीटर दौड़ जीती थी.

इससे पहले परवेज अंडर 16 में 800 मीटर में नेशनल रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके है. जिसके बाद लगातार 202122 में परवेज नेशनल चैंपियन भी रह हैं. बता दें, परवेज को शुक्रवार (30 अगस्त) को बेंगलुरु में शुरू हुई ओपन नेशनल चैंपियनशिप में 1500 मीटर दौड़ में भाग लेना था, लेकिन इस रेस से भी उनका नाम हटा दिया गया. एक किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले खान के पास नाडा का पत्र मिलने के बाद 'बी' सैंपल टेस्ट करवाने के लिए सात दिन का समय है, ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि एथलीट उस टेस्ट में रुचि नहीं रखता है. अगर आरोप साबित हो जाता है, तो उन्हें चार साल के बैन का सामना करना पड़ सकता है.

## आईपीएल में गेंदबाजों से छिन सकता है ये बड़ा हथियार बीसीसीआई कर रही है विचार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 में दो नियम चर्चा का विषय रहे थे. बीसीसीआई ने खेल को रोचक बनाने के लिए इम्पैक्ट प्लेयर और एक ही ओवर में दो बाउंसर डालने की अनुमति दी थी. इम्पैक्ट प्लेयर ने जहां टीम को एक्सट्रा प्लेयर खिलाने का विकल्प दिया था, वहीं दो बाउंसर के रूप में गेंदबाजों को बड़ा हथियार मिला था. इस नियम का सभी ने खूब स्वागत किया था. वहीं इम्पैक्ट प्लेयर के नियम पर पर खेल के बैलेंस को बिगाड़ने के आरोप लगे और लीग से हटाने की मांग की गई. अब भारतीय क्रिकेट बोर्ड इन दोनों ही नियम का रिव्यू कर रहा है. अगर ये दोनों नियम हटाए गए तो बल्लेबाजों पर असर पड़े ना पड़े, लेकिन गेंदबाजों के हाथ से बड़ा हथियार जरूर छिन जाएगा.

#### आईपीएल से हटेगा दो बाउंसर का नियम?

ऐसा माना जाता है कि टी20 बल्लेबाजों का फॉर्मेट है. गेंदबाजों के पास खुद को बचाने के लिए बहुत कम हथियार होते हैं. इसलिए बोर्ड ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में गेंदबाजों को एक ही ओवर में दो बाउंसर डालने की अनुमित देकर एक्सपेरिमेंट किया था, जिसका क्रिकेटर्स ने जमकर स्वागत किया था.

रिपोर्ट के अनुसार ये नियम खासतौर से इंटर स्टेट घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए लाया गया था. वहां सफलता मिलने के बाद इसे आईपीएल में भी लागू किया गया, जबकि इंटरनेशनल क्रिकेट में एक ही बाउंसर की अनुमति होती है. इसलिए बीसीसीआई अब इसे हटाने पर विचार कर रही है. हालांकि, बोर्ड अभी दुविधा में है और कोई भी फैसला नहीं कर सका है.

#### इम्पैक्ट प्लेयर नियम का रिव्यू

एक तरफ जहां दो बाउंसर के नियम का स्वागत हुआ था, वहीं इम्पैक्ट प्लेयर के नियम पर बवाल मच गया था.

पैरालंपिक 2024

## निशानेबाज स्वरूप को लगा झटका, फाइनल में जगह बनाने से चूके, 14वें स्थान पर रहे



**पेरिस, एजेंसी।**टोक्यो पैरालंपिक में भी स्वरूप कांस्य पदक से चूक गए थे। शनिवार को भी वह 18 निशानेबाजों में 613.4 अंक ही बना सके। दक्षिण कोरिया के पार्क 624.4 अंक से क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहे और स्वरूप से 10.5 अंक आगे रहे।

भारतीय पैरा निशानेबाज स्वरूप महावीर पुरुष 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 क्वालिफिकेशन में 613.4 अंक लेकर 14वें स्थान पर रहे और फाइनल में जगह नहीं बना सके। इस स्पर्धा में शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल के लिए क्वालिफाई करते हैं, लेकिन स्वरूप ऐसा करने से चूक गए। स्वरूप पदक के दावेदार थे। हालांकि, उनके हाथ निराशा लगी।

#### टोक्यो में भी पदक से चूक गए थे स्वरूप

टोक्यो पैरालंपिक में भी स्वरूप कांस्य पदक से चूक गए थे। शनिवार को भी वह 18 निशानेबाजों में 613.4 अंक ही बना सके। दक्षिण कोरिया के पार्क 624.4 अंक से क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहे और स्वरूप से पूरे 10.5 अंक आगे रहे।

#### बचपन में पोलियो से हो गए थे पीड़ित

कोल्हापुर के इस निशानेबाज को बचपन में पोलियो का पता चला था जिससे उनके दोनों पैर में लकवा मार गया था। उन्होंने 101.8, 103.0, 101.7, 101.8, 102.4, 102.7 के स्कोर से 613.4 अंक बनाये। एसएच1 वर्ग में वो पैरा निशानेबाज हिस्सा लेते हैं जो बिना किसी परेशानी के पिस्टल संभालते हुए व्हीलचेयर या चेयर पर बैठकर या खड़े होकर निशाना लगा सकते हैं।



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने

## विराट कोहली और जो रूट की कर दी तुलना !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जो रूट ने श्रीलंका के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में 143 रनों की शानदार पारी खेली. यह रूट के टेस्ट करियर का 33वां शतक रहा. इस शतक से रूट चर्चाओं का विषय बन गए. कोई उन्हें फैब-4 में सबसे बेस्ट खिलाड़ी बताने लगा, तो किसी ने कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाकर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ देंगे. इसी बीच इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने रूट और विराट कोहली की तुलना करके भारतीय फैंस को खूब चिढ़ाया.

सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाले माइकल वॉन ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर की. पोस्ट में एक कागज दिख रहा है, जिसमें एक तरफ विराट कोहली के टेस्ट आंकड़े लिखे हुए हैं और दूसरी तरफ जो रूट के टेस्ट आंकड़े हैं.

#### फैंस ने लगा दी लताड़

वॉन की यह पोस्ट फैंस को बिल्कुल भी पसंद नहीं आई और उन्होंने पूर्व इंग्लिश कप्तान को लताड़ लगा दी. एक यूजर ने लिखा, रूट को विराट कोहली के 80 अंतर्राष्ट्रीय शतक बराबर करने के लिए दो जन्म लेने पड़ेंगे. एक दूसरे यूजर ने लिखा, 75 पारियों में 3 शतक का फर्क.बाकी एक यूजर ने लिखा, कोहली तीनों फॉर्मेट और लीग में डॉमिनेट करते हैं.

#### अब तक ऐसा रहा कोहली और रूट का टेस्ट करियर

विराट कोहलीः भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने अब तक अपने टेस्ट करियर में 113 मैच खेल लिए हैं. इन मैचों की 191 पारियों में बैटिंग करते हुए उन्होंने 49.16 की औसत से 8848 रन बना लिए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 29 शतक और 30 अर्धशतक निकले हैं, जिसमें उनका हाई स्कोर 254* रनों का रहा है.

जो रूटः इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट ने अब तक अपने करियर में 145 टेस्ट खेल लिए हैं. इन मैचों की 264 पारियों में उन्होंने 50.72 की औसत से 12274 रन स्कोर कर लिए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 33 शतक और 64 अर्धशतक निकले हैं, जिसमें उनका हाई स्कोर 254 रनों का रहा है.

## न्यूज बाइट्स

### बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर बायोकेमिस्ट्री विभाग में हुआ व्याख्यान

पटना। (नि.सं.)। पटना विश्वविद्यालय के बायोकेमिस्ट्री विभाग (जैव रसायन) में बौद्धिक सम्पदा से जुड़े अधिकारों पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता पटना विवि के जंतु विभाग के प्राध्यापक प्रो. परिमल कुमार खान थे। उन्होंने बौद्धिक सम्पदा के प्रकारों के बारे में बताया और साथ ही उन सब में भारत की स्थिति भी स्पष्ट की। अपने व्याख्यान के दौरान बौद्धिक सम्पदा से होने वाले फायदों का जिक्र करके उन्होंने छात्रों को शोध के लिए प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के विभागाध्यक्ष तथा पटना विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रोफेसर रजनीश कुमार ने की। उन्होंने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। उन्हें ऐसे निरंतर व्याख्यानों के होने वाले फायदे के बारे में बताया। मौके पर कई विभागों के शोधार्थी, स्नातकोत्तर के छात्र छात्रा तथा शिक्षक और कर्मचारीगण मौजूद थे।

### मनमानी के खिलाफ विवि शिक्षक हो रहे एकजुट : डॉ. संदीप

पटना (नि.सं.)। माले विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने कहा कि विश्वविद्यालय के नवनियुक्त शिक्षक प्रशासनिक मनमानी के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कैंपसों के लोकतांत्रिकीकरण, पठन-पाठन के माहौल को पुनर्बहाल करने, महिला शिक्षिकाओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने, ध्वस्त आधारभूत संरचनाओं को पुनर्बहाल करने, खाली पदों पर अविलंब भर्ती आदि सवालों पर एक नया विश्वविद्यालय शिक्षक संगठन बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले से कार्यरत शिक्षक संगठन लगभग निष्प्रभावी हो चुके हैं। जिन शिक्षकों ने बड़ी उम्मीदों के साथ बिहार के कॉलेजों को ज्वॉइन किया था आज बेहद निराशा की स्थिति झेल रहे हैं। कॉलेजों में कहीं पठन-पाठन का माहौल नहीं है। इसलिए तय किया गया है कि बिहार प्रोग्रेसिव यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (बीपूटा) के नाम से एक नया शिक्षक संगठन बनाया जाए। जिसका स्थापना सम्मेलन रविवार को एक सितंबर को पटना के आइएमए हॉल में होगा। इसमें बिहार के कई विश्वविद्यालय के शिक्षक मौजूद रहेंगे। इनमें पटना, पाटलिपुत्र, भीमराव आंबेडकर (मुजफ्फरपुर), मगध, एलएनएमयू (दरभंगा) आदि विश्वविद्यालयों से शिक्षकों की उल्लेखनीय भागीदारी होगी।

### पटना में ई-रिक्शा लूट मामले में चार गिरफ्तार

पटना (नि.सं.)। बिहार में पटना जिले के एन.टी.पी.सी. थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा लूट मामले में शामिल तीन अपराध समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि आज तड़के पांच की संख्या में अपराधकर्मियों ने बाढ़ थाना निवासी बादल कुमार को बंधक बनाकर तथा मारपीट कर उनके ई-रिक्शा एवं बैटरी लूट ली थी। इस संबंध में बादल कुमार के लिखित आवेदन पत्र के आधार पर अज्ञात 05 अपराधकर्मियों के विरूद्ध एनटीपीसी थाना काण्ड संख्या 102 / 24 । धारा 309 (6) बी॰एन॰एस॰ दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। काण्ड की गंभीरता को देखते हुए घटना में शामिल अपराधकर्मियों एवं काण्ड में लूटे गए सामानों की बरामदगी के लिए थानाध्यक्ष एन.टी.पी.सी. थाना के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम में शामिल पदाधिकारी एवं कर्मियों के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए, आसूचना संकलन के माध्यम से इस घटना को कारित करने वाले तीन अपराधी मो. इरशाद,नीतीश कुमार तथा एक नाबालिग को घटना के तीन घंटे के भीतर ही एक देसी लोडेड कट्टा एवं घटना में प्रयुक्त टेम्पो के साथ, अन्य किसी घटना को अंजाम देने की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया गया तथा उनके निशानदेही पर इस काण्ड में लूटे गए ई-रिक्शा एवं बैटरी को भी बरामद किया गया है एवं उक्त अभियुक्तों के बतानुसार चोरी के सामान आदि खरीदने वाले एक कबाड़ी मालिक रतन कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है।

काम के बाद घर लौट रहे थे, रास्ते में ट्रैक्टर ने साइकिल सवार को रौंद डाला

# सड़क हादसे में मजदूर की मौत

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद



रफीगंज में बीते देर शाम अपने घर लौट रहे एक मजदूर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना रफीगंज गुरारू पथ के चकलदं की है। घटना के बाद स्थानीय लोग रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए थे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गोरडिहा पंचायत के सिहदा गांव निवासी 60 वर्षीय बली दास के रूप में की गई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह 9:00 बजे के आसपास साइकिल से रफीगंज गए थे। देर शाम वापस घर लौट रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में लग गई। रात में ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए औरंगाबाद भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक के तीन पुत्र और पांच बेटियां हैं। मजदूरी करने के लिए रफीगंज जाया करते थे। रात में पोस्टमॉर्टम प्रक्रिया के बाद शव सौंप दिया गया। अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह ने बताया कि कागजी प्रक्रिया और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मृतक के आश्रितों को मुआवजा दिया जाएगा।

# प्रेमी से बहस के बाद किशोरी ने जहर खाकर दी जान, अस्पताल में शव छोड़कर भागा युवक

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)



### मृतका की मां ने जहर खिलाने का लगाया आरोप

मृतका की मां ने ओबरा बाजार के ही एक युवक पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया कि युवक उसकी बेटी पर बातचीत करने के लिए हमेशा दबाव बनाया करता था। वैसे, मामला पूरी तरह संदेह के घेरे में है। ओबरा थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि मामले की सूचना नहीं है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एक किशोरी ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। घटना ओबरा थाना क्षेत्र की है जहां ओबरा बाजार में युवक से झगड़ा करके एक 13 वर्षीय किशोरी ने जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर कथित प्रेमी ने किशोरी को अस्पताल पहुंचाया जहां से उसे रेफर कर दिया। इलाज के लिए दूसरे अस्पताल ले जाने से पहले ही किशोरी ने दम तोड़ दिया। युवक व किशोरी दोनों ओबरा बाजार के ही रहने वाले हैं। मृतका के परिजनों ने युवक पर आरोप लगाए हैं।

मृतका के परिजनों का आरोप है कि आरोपित युवक किशोरी से बातचीत करने के लिए बार-बार उसपर दबाव बनाता था। शनिवार की सुबह किशोरी अपने परिजनों से कोचिंग जाने की बात कहकर घर से निकली थी। ओबरा बाजार में उसकी मुलाकात उस युवक से हुई। किसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस छिड़ गयी। इसी क्रम में आवेश में आकर किशोरी ने ओबरा बाजार के ही किसी दुकान से जहरीला पदार्थ खरीदकर खा लिया। जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो उसके प्रेमी ने बिना किशोरी के परिजनों को सूचना दिए ही इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

इधर किशोरी का प्रेमी उसे एंबुलेंस से मगध मेडिकल कॉलेज, गया ले जाने की तैयारी कर ही रहा था कि किशोरी ने सदर अस्पताल में ही दम तोड़ दिया। किशोरी की मौत के बाद उसका प्रेमी सदर अस्पताल में ही शव को छोड़कर फरार हो गया। अस्पताल कर्मियों ने बताया कि किशोरी के साथ उसका इलाज कराने दो युवक आए थे। जैसे ही किशोरी की मौत हुई दोनों युवक मौका मिलते ही सदर अस्पताल से फरार हो गए। इधर कुछ लोगों ने घटना की सूचना किशोरी के परिजनों को दी। सूचना पर बदहवास परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और शव से लिपटकर चीत्कार उठे।

# स्कूली बसों के कागजातों की जांच के लिए चलेगा विशेष अभियान

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में संचालित निजी स्कूलों के बसों के कागजातों की जांच अभियान चलाकर की जाएगी। इससे पहले सभी स्कूल संचालकों को एक स्वघोषणा पत्र सौंपने का निर्देश दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय सहित प्रखंड स्तर पर निजी स्कूलों का संचालन बड़े पैमाने पर किया जाता है। इन स्कूलों में बच्चों को लाने, ले जाने के लिए बसों का परिचालन होता है। इसमें नियमों का उल्लंघन भी जमकर होता है। उसे ध्यान में रखते हुए अब वृहद स्तर पर जांच अभियान शुरू किया जा रहा है। जांच के दौरान स्कूली बस के इंश्योरेंस, फिटनेस, निबंधन, चालक का लाइसेंस, सीसीटीवी कैमरा, गति सीमा नियंत्रक, स्कूल बस में आकस्मिक निकास द्वार, फर्स्ट एड की सुविधा आदि की जांच होगी। इसके अलावा स्कूल बसों के हॉर्न और निर्धारित क्षमता में ही बच्चों को बिठाने की भी जांच की जाएगी। स्कूली बसों में चालक के साथ ही सहचालक रखना अनिवार्य है, जिसकी जांच होगी। स्कूल बसों के बाहरी हिस्से पर गाड़ी से संबंधित जानकारी और बस मालिक का मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से लिखा होना चाहिए। जिला मुख्यालय में ऐसे स्कूल काफी हैं जो नियमों का धड़ल्ले से उल्लंघन करते हैं। जर्जर बसों का परिचालन स्कूली बच्चों को ढोने के लिए किया जाता है। इसमें बस से लेकर छोटे मैजिक और बोलेरो सहित अन्य गाड़ियां हैं। बच्चों को लाने, ले जाने के लिए वाहनों का वाणिज्यिक निबंधन अनिवार्य है, लेकिन प्राइवेट रूप में निबंधित गाड़ियों से भी बच्चों को लाया, ले जाया जाता है। इस संबंध में एमवीआई के. के. त्रिपाठी ने बताया कि सभी स्कूल संचालकों के लिए एक नोटिस जारी किया गया है। इस नोटिस के माध्यम से उनसे स्व घोषणा पत्र लिया जाएगा। इसमें वह घोषणा करेंगे कि उनके यहां जो भी बसें संचालित हो रही हैं, उसमें नियमों का पूरा अनुपालन हो रहा है। इस स्वघोषणा पत्र के प्राप्त होने के बाद अलग-अलग तिथियां में बसों की जांच होगी। यदि किसी बस के परिचालन में नियमों का उल्लंघन होता है तो जुर्माना वसूल किया जाएगा। जिला मुख्यालय में 40 से अधिक छोटे-बड़े निजी स्कूलों का संचालन होता हैं। इसमें कई स्कूल ऐसे हैं जो नियमों का पालन करते हैं लेकिन कुछ ऐसे स्कूल भी हैं जो नियमों को दरकिनार कर संचालित होते हैं।

# राधा कृष्ण द्वारिका मंदिर में मनाया गया श्रीकृष्ण का छठिहार

पटना (नि.सं.)। राधा कृष्ण द्वारिका मंदिर पश्चिम बोरिंग कैनाल रोड में श्रीकृष्ण भगवान का छठिहार महोत्सव आयोजित किया गया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव से शुरू हुआ यह उत्सव छह दिनों से लगातार चल रहा था। छठिहार महोत्सव के साथ संपन्न हो गया। मंदिर समिति के व्यवस्थापक सह सचिव रंजन यादव नवीन ने कहा कि हवन के साथ छठिहार महोत्सव का समापन हो गया। मौके पर दही-हांडी, बाल कलाकारों के नृत्य एवं राधा कृष्ण की झांकी प्रदर्शित की गई। मौके पर प्रतिमा कुमारी यादव, प्रिया रंजन, शंभूनाथ, राजू कुमार, रितेश सिन्हा आदि सक्रिय रहे।

# एनटीपीसी की अनोखी पहल, अब मोबाइल मेडिकल वैन से गांव-गांव तक पहुंचेगी चिकित्सा सुविधा

निज संवाददाता | नबीनगर(औरंगाबाद)



एनटीपीसी नवीनगर के परियोजना प्रमुख सह मुख्य महाप्रबंधक चंदन कुमार सामंता ने शनिवार को एनटीपीसी की ओर से दो मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए मोबाइल स्वास्थ्य सेवा योजना का शुभारंभ किया। योजना के तहत एनटीपीसी, की ओर से मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से नबीनगर के गांव-गांव तक जरुरी चिकित्सकीय मदद पहुंचेगी। दोनों मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन लोगों के घर तक जाकर उनको जरूरी प्राथमिक चिकित्सा के साथ साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के लिए पूरी तरह से सक्षम है। डॉक्टर और स्वास्थ्य विशेषज्ञों की एक टीम इन विशेष वाहनों के द्वारा 24 गांवो का निरंतर दौरा कर लोगो को जरुरी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाएगी।

एनटीपीसी की नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत चलाई जा रही इस योजना के तहत यह दो मोबाइल मेडिकल यूनिट हफ्ते में 6 दिन परियोजना के निकटतम के 24 गांव के लोगो को स्वास्थ्य लाभ पहुचांएगा। मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारंभ करते हुए चंदन कुमार सामंता ने आर एंड आर एवं सीएसआर विभाग के प्रति विशेष आभार जताया। गौरतलब है कि एनटीपीसी, नवीनगर द्वारा नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत परियोजना के निकटतम इलाकों में निरंतर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आधारभूत संरचना के विकास के लिए काम किया जा रहा है।

# सेवानिवृति पर हसपुरा थाना के एसआई को दी गई विदाई



निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)

हसपुरा थाना में पदस्थापित एसआई विजेंद्र सिंह को सेवानिवृति पर शनिवार को हसपुरा थाना परिसर में एक समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। थानाध्यक्ष नरोत्तम नेउन्हें माला पहनाकर गुलदस्ता व अंगवस्त्र देकर विदाई दी। इस दौरान थानाध्यक्ष ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनका पूरा सेवाकाल ईमानदारी एवं बेदाग छवि वाला रहा। उनके सेवानिवृत होने से पुलिस महकमे में भरपाई करना कठिन है। अपने कार्यकाल दौरान वे जिले के ओबरा, ढिबरा, रफीगंज, कुटुम्बा एवं हसपुरा थाना में रहे। हर जगह अपने मिलनसार स्वभाव से उन्होंने पुलिस-पब्लिक के बीच सामंजस्य बिठाने का कार्य किया। इस मौके पर थाना में पदस्थापित एसआई पवन कुमार, हसपुरा के मुखिया प्रतिनिधि राकेश सिंह सहित बिजेंद्र सिंह की पत्नी पुष्पा सिंह भी मौजूद रही।

# गंभीर रोग से पीड़ित अंजनी कुमार सिंह को पृथ्वीराज ट्रस्ट ने की मदद

निज संवाददाता | औरंगाबाद



जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बारुण प्रखंड के बरौली ग्राम निवासी समाजसेवी रामनाथ सिंह के पुत्र अंजनी कुमार सिंह के सीरियस रोग से पीड़ित होकर दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती होने पर पीड़ित परिवार को मदद करने के निमित 40000 की मदद की गई।13000 बैंक में ट्रांजैक्शन के माध्यम से दिया गया। जबकि,27000 रुपए का चेक जसोईया मोड पेट्रोल पंप के समीप बुधवार की संध्या में ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने जाकर उनको सुपुर्द किया। मौके पर उपाध्यक्ष प्रोफेसर ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह, वरीय सदस्य रामप्रवेश सिंह, बरियांवा पंचायत पूर्व मुखिया सत्येंद्र नारायण सिंह, समाजसेवी कमलेश कुमार सिंह संयोजक जगदीश सिंह मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी उपस्थित रहे। विदित हो कि वर्तमान परिदृश्य में ट्रस्ट अपने बायोलॉज में लिए गए गए निर्णय के आलोक में सामाजिक कार्यों को मूर्त स्वरूप देने के लिए कृत संकल्पित है।

## शराब के साथ बाइक जब्त, तस्कर फरार

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। रफीगंज के कासमा पुलिस ने शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर कासमा बस स्टैंड के पास से छापामारी कर 18 प्लास्टिक में कुल 90 लीटर महुआ शराब एवं एक हीरो होंडा मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस को बरामद किया है। प्रभारी थाना अध्यक्ष ललन प्रसाद यादव ने बताया कि शराब की बड़ी खेप इस रास्ते से जाने की सूचना मिली। त्वरित कार्यवाही करते हुए घेरा बन्दी किया गया।थोड़ी देर में एक बाइक आता दिखा। किंतु पुलिस की भनक लगते है। बाइक मोड़ने लगा इसी बीच पुलिस बल द्वारा खदेड़ने पर बाइक छोड़ कर अंधेरे का लाभ उठाते हुए सवार भागने में सफल हो गया। इस छापामारी दल में एस आई रंजीत कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# स्वच्छता पर्यवेक्षकों का ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद



स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/ लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के सुचारू क्रियान्वयन हेतु प्रखंड समन्वयक एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला परिषद सभागार में किया गया। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ उप विकास आयुक्त महोदय औरंगाबाद द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। यह प्रशिक्षण यूनिसेफ के सहयोगी संस्था आईएलआरटी के द्वारा दिया जा रहा हैं। इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को ग्रामीण क्षेत्रों में अपशिष्ट प्रबंधन कैसे करना है। स्वच्छता प्रयवेक्षक के भूमिका, जैविक अपशिष्ट, ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट, तरल अपशिष्ट का प्रबंधन कैसे करना है जिसकी जानकारी दी गई। कल सभी प्रतिभागियों को क्षेत्र भ्रमण कराया जाना है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत में निर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का भ्रमण किया जाना है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा अखौरी मनीष, जिला समन्वयक अजीत शरण, मास्टर ट्रेनर दिनेश कुमार, अमित कुमार, जिला क्षेत्रीय समन्वयक रोशन कुमार एवं अनीश कुमार इत्यादि।

## आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत दाउदनगर प्रखंड में बीपीएमयू की बैठक संपन्न



निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

दाउदनगर प्रखंड के बीआरसी भवन में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की अध्यक्षता में मास्टर प्रशिक्षक के साथ बीपीएमयू की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर शुभम वाघ, गांधी फैलो राहुल, प्रखंड के बीपीएम और मास्टर ट्रेनर मौजूद रहे।

बैठक के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए मास्टर ट्रेनर्स ने बुनियादी भाषा, संख्या ज्ञान, विद्यालय और समुदाय को जोड़ने, मिशन दक्ष को धरातल पर क्रियान्वित कराने, बाल संसद को क्रियान्वित कराने एवं एफएलएन किट का उपयोग प्रखंड के सभी विद्यालय में कराने पर जोर दिया।

## कन्या उच्च विद्यालय में विदाई सह वार्षिकोत्सव समारोह संपन्न, नये प्रभारी प्रधानाध्यापक बने विनय कुमार

निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)

रफीगंज के +2 कन्या उच्च विद्यालय में अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापिका का विदाई एवं विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह मनायी गयी। समारोह को प्रधानाध्यापिका सुषमा कुमारी,अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक कृष्ण देव, शंभूनाथ ठाकुर, नरेन्द्र पाल ने दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। विद्यालय के शिक्षकों ने आये अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय के छात्रायें एभं शिक्षिका प्रियंका कुमारी ने स्वागत एवं विदाई गीत की प्रस्तूती दी। अध्यक्षता विनोद कुमार एवं संचालन रामाकांत प्रसाद ने किया। अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापिका सुषमा कुमारी, पूर्व के इसी विद्यालय के अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक कृष्ण देव, शंभू नाथ ठाकुर एवं नरेन्द्र पाल एवं नये प्रभारी प्रधानाध्यापक बिनय कुमार को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के मेधावी छात्रा तनिसा, निकी, निशा, सगफ प्रवीण,तरनूम प्रवीण, पायल, शफकत फिरदौस, आरजू प्रवीण, रौशनी कुमारी को पुरस्कृत किया गया।वक्ताओ ने कहा कि अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाये वही गुरू है।शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते प्रधानाध्यापिका सुषमा कुमारी ने कहा के विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से विद्यालय का संचालन ठीक ढंग से चला। सभी का सम्मान मिला। उन्होंने सभी को उज्जवल भविष्य का कामना किया। शिक्षिका प्रियंका ने सम्मान पत्र पढकर समर्पित किया। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक बिनय कुमार, कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक ललन दास, शिक्षक अरूण कुमार, रविंद्र शर्मा, डा लालमोहन सिह, राजीव मिश्र, सुमन कुमार, चन्द्रिका यादव, शिवपूजन दास, अटल जी, सुरेंद्र कुमार, मनीष कुमार, कृष्ण मुरारी, गोपाल सिंह, अर्चना, मधू सहित विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका उपस्थित थे।

## मैट्रिक परीक्षा 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन कराने की तिथि सात सितंबर तक बढ़ी

निज संवाददाता | पटना

मैट्रिक परीक्षा 2026 में शामिल होने के लिए कक्षा 9वीं के नियमित व स्वतंत्र कोटि के विद्यार्थी लेट फाइन के साथ सात सितंबर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। पहले रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 अगस्त तक निर्धारित थी। परीक्षा समिति ने कहा है कि वेबसाइट पर सात सितंबर तक लेट फाइन के साथ रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। नियमित कोटि के विद्यार्थियों को कुल 450 रुपये और स्वतंत्र कोटि के विद्यार्थियों को कुल 580 रुपये का भुगतान करना होगा। परीक्षा समिति ने कहा है कि इस अवधि में विद्यालय के प्रधान द्वारा लेट फाइन के साथ निर्धारित शुल्क चार सितंबर तक जमा किये जायेंगे व उनके द्वारा जिन विद्यार्थियों का शुल्क जमा कर दिया जायेगा, उन्हीं का पंजीयन आवेदन सात सितंबर तक भरा जायेगा। किसी कारणवश शुल्क जमा करने के बावजूद किसी विद्यार्थी का पंजीयन आवेदन भरना छूट जाता है, तो सात सितंबर तक आवेदन किया जा सकता है। परीक्षा समिति ने कहा है कि विद्यालय द्वारा जितने परीक्षार्थियों का निर्धारित शुल्क जमा किया जा रहा है, उतने ऑनलाइन आवेदन नहीं भरे जा रहे हैं।

# मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन, हजारों की संख्या में शामिल हुए लोग

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद के नगर भवन में प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ द्वारा युवा उत्कर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य राष्ट्र के संस्कृति उत्थान के साथ नैतिक बौद्धिक और सामाजिक क्रांति लाना है। संबोधन में कार्यकर्ताओं ने बताया कि भारत को फिर चक्रवर्ती और जगदगुरु राष्ट्र बनाने का संकल्प अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में युवाओं ने भाग लिया। युवाओं को संबोधित करते हुए मनीष कुमार ने कहा कि आज बहुत ही सौभाग्य का दिन है। हमें भगवान भास्कर की धरती पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि औरंगाबाद की मिट्टी कोई साधारण मिट्टी नहीं है। जिस मिट्टी में भगवान भास्कर कन-कन में समाहित हैं। वह कोई साधारण मिट्टी नहीं हो सकता। यहां की मिट्टी ऊर्जावान और तेजस्वी है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में सफलता और असफलता के बीच एक अंतर है। परिश्रम का जो मेहनत और परिश्रम किया वह सफलता की मुकाम को हासिल किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि प्रत्येक मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता खुद होता है। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं को गायत्री मंत्र से जुड़ने का एक सरल तरीका भी बताया है।

उन्होंने कहा कि आप सुबह उठे और सुबह से लेकर 9 बजे तक आप कहीं भी हो किसी अवस्था में हो आप अपने जगह पर बैठ जाएं। मात्र 20 मिनट गायत्री मंत्र का नियम अनुसार उच्चारण करें। अपने मन में भगवान भास्कर का ध्यान स्मरण करें। जिससे आपके शरीर में भारी मात्रा में ऊर्जा एकत्रित होगी। आपके बुद्धि का विकास होगा। जिससे आप अपने खास गंतव्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने गायत्री मंत्र के विषय में यह भी कहा है कि गायत्री मंत्र केवल मंत्र नहीं है। इस पर विज्ञान भी अपना रिसर्च कर देख लिया है। उसने भी माना है की गायत्री मंत्र के उच्चारण मात्र से शरीर में भारी संख्या में सकारात्मक ऊर्जा की वृद्धि होती है। नकारात्मक ऊर्जा की नाश होती है। अगर हमारे युवा इस पद्धति को अपनाते हैं, तो भारत को अपने गौरवशाली रूप में विश्व मंच पर स्थापित कर सकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के अंदर समस्त शक्तियों का भंडार होता है। वह अपने मनोबल और मानव शक्ति और आत्मविश्वास के साथ असंभव को संभव बना सकता है।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433